निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, शनिवार, 27 सितंबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 131 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## पंचम नवदुर्गा : माता स्कंदमाता

**सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।**
**शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी।।**



नवरात्र के पांचवे दिन मां दुर्गा के पांचवे स्वरुप भगवान स्कन्द की माता अर्थात मां स्कंदमाता की उपासना की जाती है। कुमार कार्तिकेय को ही 'भगवान स्कन्द' के नाम से जाना जाता है। स्कंदमाता की चार भुजाएं हैं। उनकी एक भुजा ऊपर की ओर उठी हुई है जिससे वह भक्तों को आशीर्वाद देती हैं तथा एक हाथ से उन्होंने गोद में बैठे अपने पुत्र स्कंद को पकड़ा हुआ है। इसलिए इन्हें स्नेह और ममता की देवी माना जाता है।






## संक्षिप्त समाचार

### ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार

**पाकुड़ (नबिटा ब्यूरो)।** पाकुड़ पुलिस ने मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए 36 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानंद आजाद ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। एसडीपीओ बताया कि ईशाकपुर गांव में ब्राउन शुगर के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ किया गया है। एसपी निधि द्विवेदी को गुप्त सूचना मिली थी कि पश्चिम बंगाल से ब्राउन शुगर लाकर ईशाकपुर में उसकी खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एक छापामारी दल का गठन किया गया और दंडाधिकारी की मौजूदगी में अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान ईशाकपुर निवासी मो. सफीकुल शेख को रंगेहाथ पकड़ा गया।

### वज्रपात से दो लोगों की मौत

**पूर्वी सिंहभूम(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम प्रखंड के नामशोल गांव में शुक्रवार को वज्रपात से दो लोगों की मौत हो गयी। जिस समय घटना हुई, उस वक्त चक्रधर कुंभकार (50) और प्रभास सिंह (48) गोभी के खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक से मौसम बदल गया। तेज बारिश शुरू हो गयी। कुछ ही देर में ठनका गिरा और दोनों खेत में ही बेहोश होकर गिर गये। दोनों को खेत में गिरा देख परिवार के लोगों ने उठाकर बोड़ाम के चिरुडीह नर्सिंग होम ले गये जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### वृद्धा की धारदार हथियार से बेरहमी से हत्या

**दुमका(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के मंझलाडीह गांव में 63 साल की वृद्ध महिला सुमीधन हांसदा की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस अब मामले की छानबीन कर रही है। शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के मंझलाडीह गांव में किसान रुबेन हेम्ब्रम की पत्नी सुमीधन हांसदा की चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर उसका नाती दौड़कर कमरे से जब बाहर आया तो देखा कि एक आदमी भाग रहा है जबकि उसकी नानी आंगन में गिरी हुई है। नानी के सिर पर धारदार हथियार से वार किया गया था। घटना के बाद सभी सदस्य इकट्ठे हो गए। हमले में घायल वृद्धा की हालत काफी गंभीर थी। परिजन कुछ समझ पाते उससे पहले की महिला की मौत हो गई।

### युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। खूंटपानी प्रखंड के गालूबासा गांव में गुरुवार देर रात 26 वर्षीय युवक टूरा गोप ने करम पेड़ पर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के सामने आने के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया है और लोग स्तब्ध हैं। मिली जानकारी के अनुसार टूरा गोप गुरुवार देर रात गांव से करीब आधा किलोमीटर दूर स्थित करम पेड़ के पास गया था। वहां उसने किसी को बिना बताए फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार की सुबह जब गांव के कुछ युवा रोजाना की तरह फुटबॉल खेलने जा रहे थे तभी उनकी नजर करम पेड़ से लटकते शव पर पड़ी। यह दृश्य देखकर वे दंग रह गए और तत्काल गांव के मुंडा राबिन बानरा को सूचना दी।

# सड़क हादसे में सात की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह/जमशेदपुर।** गिरिडीह-धनबाद मुख्य मार्ग पर ताराटांड़ थाना क्षेत्र के बड़की टांड़ मोड़ के पास आज शुक्रवार की दोपहर एक ट्रक और पिकअप वाहन के बीच जोरदार टक्कर हो गयी। इस हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सवारी वाहन क्षतिग्रस्त होकर सड़क के किनारे पलट गया। दूसरी तरफ ट्रक भी सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद घायलों को सदर अस्पताल भेज दिया गया जबकि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। सूचना मिलने पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जीतवाहन उरांव भी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की विस्तृत जानकारी लेते हुए घायलों का हाल जानने सदर अस्पताल भी पहुंचे। जानकारी के अनुसार यात्रियों को लेकर सवारी वाहन गिरिडीह से धनबाद की तरफ जा रहा था जबकि उल्टी दिशा से ट्रक आ रहा था। तेज रफ्तार के कारण दोनों वाहन आपस में टकरा गए। इसके बाद घटना के बाद अफरा तफरी



का माहौल हो गया। इस दौरान रास्ते से गुजर रहे लोग रुके और सवारी वाहन में फंसे यात्रियों को निकाला गया। इस बीच हादसे की जानकारी एसडीपीओ जीतवाहन उरांव के साथ साथ ताराटांड पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही एसडीपीओ ने तुरंत ही ताराटांड थाना प्रभारी को मौके पर भेजा और खुद ही घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। मृतकों और घायलों के मामले में जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि फरदीन अहमद ने बताया कि गांडेय के बजगुंदा पंचायत के मजदूर काम करने के लिए हजारीबाग गए थे। दुर्गा पूजा को देखते हुए सभी वापस लौट रहे थे। हजारीबाग से गिरिडीह लौटे फिर धनबाद जाने वाली सवारी वाहन पर सवार होकर अहिल्यापुर मोड़ के लिए निकले थे लेकिन रास्ते में तेज रफ़्तार ट्रक ने धक्का मार दी। इस घटना में तीन मजदूर नंद किशोर (47 वर्ष), कमल (38 वर्ष) और जगदीश भोक्ता (45 वर्ष) की मौत हो गई जबकि संजीत, किसान भोक्ता, बगलू भोक्ता और रामू भोक्ता घायल हैं। दो घायलों की स्थिति गंभीर है जिन्हें बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया है। वहीं घाटशिला के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रात सड़क हादसे में मां-बेटी समेत तीन लोगों की मौत हो गई। तीनों कार पर सवार थे और कोलकाता से जमशेदपुर लौट रहे थे। इसी दौरान एनएच-18 पर झरिया मोड़ के पास तेज रफ्तार कार एक ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार सवार तीनों की मौत हो गई और गाड़ी बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई। मृतकों में मां-बेटी और कार का ड्राइवर शामिल है। मृतकों की पहचान जमशेदपुर के कदमा स्थित प्रथिक बिहार निवासी कुसुमिता पटनायक (58), उनकी बेटी मोनिका पटनायक (28) और कोलकाता के चक्रबाड़िया निवासी ड्राइवर गणेश रॉय (50) के रूप में की गई। सूचना मिलते ही बहरागोड़ा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद एनएचएआई एंबुलेंस से सभी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर अनुमंडल अस्पताल, घाटशिला भेज दिया है। यहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। वहीं दुर्घटनाग्रस्त ट्रक और कार दोनों को जब्त कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** राजधानी रांची में एक बार फिर से जेल में छापेमारी कर पुलिस और प्रशासन के द्वारा कोरम पूरा कर लिया गया। जेल से ही आपराधिक गतिविधियों का संचालन होता आया है लेकिन जब भी रांची जेल में छापेमारी होती है सब कुछ सामान्य मिलता है। रांची पुलिस और जिला प्रशासन ने शुक्रवार की सुबह रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में कई घंटों तक सघन छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस को कोई भी आपत्तिजनक सामान जेल के अंदर नहीं मिला। जिला प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार छापेमारी के दौरान जेल के अंदर कुख्यात कैदियों सहित अन्य सभी कैदियों के वार्डों को खंगाला गया। प्रशासन और पुलिस की टीम ने अलग-अलग टीम बनाकर जेल के सभी वार्ड, महिला वार्ड, सेल और यहां तक कि जेल अस्पताल की भी गहन जांच की। जेल का चप्पा-चप्पा छान मारा गया लेकिन कहीं से भी किसी भी तरह की आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली, हां जेल के अंदर से चाकू और कैंची जरूर बरामद की गई है। जिला प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री और एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर यह छापेमारी अभियान किया गया है। अभियान को सिटी एसपी पारस राणा और सदर एसडीओ उत्कर्ष गुप्ता ने लीड किया। छापेमारी दल में सदर पुलिस उपाधीक्षक, कार्यपालक दंडाधिकारी, सदर थाना प्रभारी, खेलगांव एसडीओ के अतिरिक्त 12 सब इंस्पेक्टर और बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल थे। लगभग तीन घंटे तक चली इस लंबी रेड के बावजूद पुलिस को जेल के भीतर से कोई भी आपत्तिजनक वस्तु या सामग्री बरामद नहीं हुई। प्रशासन के अनुसार,जेल के भीतर सब कुछ सामान्य और नियंत्रण में पाया गया। हर बार की तरह इस बार भी जेल में शांति व्यवस्था बनी रही और किसी तरह की अवैध गतिविधि या सामग्री का खुलासा नहीं हुआ।

# बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जिले के मानगो पुलिस ने शहर में सक्रिय एक बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी की सात मोटरसाइकिलें भी बरामद की हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान जुम्मन, सैयद मोसिन उर्फ विक्की, कादिर खान और आयान उर्फ छोटी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, ये सभी आरोपी लंबे समय से बाइक चोरी की वारदातों में शामिल थे और इनका आपराधिक इतिहास भी है। यह कार्रवाई मानगो थाना कांड संख्या 240/2025, दिनांक 25 सितंबर 2025 के तहत की गई। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने शुक्रवार को बताया कि आरोपियों के



खिलाफ कई गंभीर धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें मानगो, आजादनगर, कदमा, एमजीएम, साकची और विष्णुपुर थाना क्षेत्रों में दर्ज पुराने आपराधिक मामले शामिल हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ये सभी आरोपी एक संगठित गिरोह के रूप में काम करते थे और विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। एसपी कुमार शिवाशीष ने उम्मीद जताई है कि इस कार्रवाई से शहर में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगेगा।

# 80 लाख की डकैती का खुलासा, नौ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में हुई 80 लाख रुपए की डकैती का खुलासा कर दिया है। 13 सितंबर की रात भवनवे गांव में आनंदिता मलिक के घर से आठ डकैतों ने गहने लूटे थे। एसपी अंजनी अंजन के मुताबिक मामले में 25 सितंबर की रात गुप्त सूचना मिली। इसके बाद हत्यारी जंगल में छापेमारी कर एसआईटी ने मास्टर माइंड रणबीर कुमार सिंह उर्फ छोटू समेत चार लोगों को पकड़ा। इनसे लूटे गए जेवरात और एक पिस्टल बरामद हुई। मुख्य आरोपी की निशानदेही पर पांच और अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें राजेश कुमार यादव, सुरेंद्र उरांव, विपिन कुमार सिंह, रवि राय और दिनेश कुमार यादव



उर्फ सनी शामिल हैं। इनसे बाकी जेवरात और दो मोटरसाइकिल बरामद हुईं। पुलिस ने सभी आरोपियों से करीब 1.1 किलो सोने के 131 आभूषण बरामद किए। इसके अलावा 25 चांदी के सिक्के, 6 मोबाइल फोन और एक देसी पिस्तौल भी मिली। पिस्तौल पर 'मेड इन जापान' लिखा है। साथ ही 7.65 एमएम के दो जिंदा कारतूस भी बरामद हुए। गिरफ्तार सभी अपराधियों का आपराधिक रिकॉर्ड है। ज्यादातर आरोपी हजारीबाग के हैं। एक अपराधी पटना का और दो रांची जिले के हैं। मास्टर माइंड रणबीर कुमार सिंह उर्फ छोटू उर्फ जोकर पर पहले से ही बड़कागांव, टाटीझरिया, कटकमदाग, विष्णुगढ़, कोर्रा और सदर थाना में सात गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# युवाओं व कारीगरों को आत्मनिर्भरता के लिए सक्षम बना रही केंद्र सरकार : संजय सेठ

**रांची में खादी महोत्सव-2025 के तहत कारीगरों को मिला नया आधार, कुम्हारों को विद्युत चाक तथा कारीगरों को मिला इलेक्ट्रिशियन टूलकिट**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** सेवा पर्व के अवसर पर रांची के जैप, डोरंडा में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने खादी महोत्सव-2025 के अंतर्गत एक भव्य वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री और रांची से सांसद संजय सेठ, केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार और रांची के विधायक सी. पी. सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में कुम्हारों को विद्युत चालित चाक तथा कारीगरों को इलेक्ट्रिशियन टूलकिट वितरित किए गए। कार्यक्रम से पूर्व आत्मनिर्भर नवभारत यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं, खादी कारीगरों और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संजय सेठ ने कहा कि आर्मी कैंटीन में अब खादी और ग्रामोद्योग के उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे। सैनिकों और पूर्व सैनिकों को इन उत्पादों से जोड़ने की दिशा में प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि कुम्हारों को विद्युत चालित चाक और कारीगरों को इलेक्ट्रिशियन टूलकिट दिए जाने से उनके जीवन में आत्मनिर्भरता और




सम्मान की नई राह खुलेगी। ग्रामीण भारत की समृद्धि इन्हीं कुशल हाथों से होकर गुजरती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे रोजगार की तलाश में बाहर जाने के बजाय अपने घरों में स्वरोजगार को अपनाएं और देश की प्रगति में भागीदार बनें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी को आत्मनिर्भर भारत का आधार बताया है। स्वदेशी केवल उत्पाद नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता की पहचान है। खादी उत्पादों पर जीएसटी शून्य किए जाने के फैसले को उन्होंने ऐतिहासिक बताया और कहा कि इससे उत्पादन, बिक्री और लोकप्रियता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने जानकारी दी कि वित्त वर्ष 2024-25 में खादी और ग्रामोद्योग का कुल उत्पादन 1,16,599 करोड़ रुपये और बिक्री 1,70,551 करोड़ रुपये रही, जिससे लगभग 2 करोड़ लोगों को रोजगार मिला। पिछले 11 वर्षों में उत्पादन 4 गुना, बिक्री 5 गुना और रोजगार 49 प्रतिशत तक बढ़ा है। झारखंड की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य की 22 खादी संस्थाओं में 2903 कारीगर कार्यरत हैं। पिछले पांच वर्षों में यहां 95.10 करोड़ रुपये का उत्पादन और 212.80 करोड़ रुपये की बिक्री हुई। पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत झारखंड में 8620 नई इकाइयां स्थापित की गईं, जिसके लिए 215.82 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी दी गई और 73 हजार से अधिक रोजगार सृजित हुए। ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत पिछले पांच वर्षों में 2862 लाभार्थियों को 4891 मशीन और टूलकिट दिए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कारीगर, महिला लाभार्थी, खादी संस्थाओं के प्रतिनिधि, ग्रामीण उद्यमी और अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में भाग लेने वालों ने कहा कि यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने के साथ आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करेगी।

# भूमि घोटाले के आरोपी विनय सिंह गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** एसीबी ने एक बड़े भूमि घोटाले का पर्दाफाश करते हुए नेक्सजेन ऑटोमोबाइल के मालिक विनय कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी गुरुवार देर शाम की गई जिसके बाद जिले भर में इस खबर ने सनसनी फैला दी है। जानकारी के अनुसार विनय कुमार सिंह पर आरोप है कि उन्होंने सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर अवैध तरीके से जमाबंदी करवाई। मामला गैर-मजरूआ खास और जंगल-झाड़ी किस्म की भूमि से जुड़ा है जो सरकारी रिकॉर्ड में किसी भी व्यक्ति के नाम हस्तांतरित नहीं की जा सकती थी। लेकिन षड्यंत्रपूर्वक इन जमीनों की जमाबंदी करा दी गई। एसीबी ने इस पूरे प्रकरण को गंभीर मानते हुए हजारीबाग थाना में कांड संख्या 11/25 दर्ज किया है। अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में यह साफ हो गया है कि सरकारी तंत्र की मिलीभगत के बिना इस तरह का बड़ा अवैध काम संभव नहीं था। सूत्रों की मानें तो इस पूरे घोटाले में कई बड़े नामों की संलिप्तता हो सकती है। एसीबी अब सभी संबंधित दस्तावेजों, जमाबंदी रजिस्टर और अधिकारियों के नोटिंग की गहन जांच कर रही है। वहीं, यह भी जांच की जा रही है कि इस अवैध जमाबंदी से किसे आर्थिक लाभ हुआ और किस स्तर पर रिश्वतखोरी का खेल खेला गया। जांच एजेंसी का कहना है कि आगे की कार्रवाई में सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की भी गिरफ्तारी संभव है।

### वज्रपात की चपेट में आने से बच्ची की मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के हुटार के मायापुर स्थित चाड़ो गांव में गुरुवार शाम वज्रपात से एक छह वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। इस घटना में एक अन्य बच्ची झुलस गई, जबकि दो बच्चे बाल-बाल बच गए। सभी बच्चे बारिश से बचने के लिए एक नीम के पेड़ के नीचे खड़े थे। मृतक बच्ची की पहचान वीरेंद्र भुइयां की छह वर्षीय बेटी मनीता कुमारी के रूप में हुई है।

# डीसी-एसपी ने जिले के विभिन्न निर्माणाधीन दुर्गा पूजा पंडालों का किया निरीक्षण, समितियों को दिए सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस व पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने शुक्रवार को जिले के छत्तरपुर व सदर अनुमंडल के विभिन्न निमार्णाधीन दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कई बिंदुओं पर विशेष निर्देश दिए। कहा कि पंडाल निर्माण में किसी भवन अथवा सड़क से कम से कम 15-20 मीटर दूरी एवं हाईटेंशन तार, रेलवे लाइन, ट्रांसफार्मर व अन्य विद्युत उपकरणों से 20-25 मीटर दूरी सुनिश्चित की जाये। निर्माण व मार्ग व्यवस्था में ज्वलनशील/ सिंथेटिक कपड़े का प्रयोग न किया जाये। प्रवेश व निकास द्वार अलग-अलग रखे जायें। मार्ग पर स्पष्ट दिशा सूचक चिन्ह लगाए जाएं। भीड़ नियंत्रण हेतु महिला व पुरुषों के लिए अलग-अलग कतारें बनाई जाएं। प्रत्येक पंडाल में पानी व बालू की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।



### पुलिस अधीक्षक ने पूजा समितियों को निर्देशित किया

पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने सभी समितियों से अपने वॉलिंटियर्स की सूची संबंधित थाना प्रभारी को उपलब्ध कराने की बात कही। कहा कि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन हो। श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए समन्वय व सहयोग बनाकर कार्य किया जाए।

### मूर्ति विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

छत्तरपुर, नावा बाजार व पंड़वा में पंडालों का निरीक्षण करने के पश्चात उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने सिंगरा स्थित अमानत नदी तट का भी जायजा लिया। इस दौरान नदी की गहराई, विसर्जन मार्ग व सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। विसर्जन के दिन भीड़ प्रबंधन व सुरक्षित विसर्जन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पलामू पुलिस आम जनता व सभी पूजा समितियों से अपील करती है कि वे निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करें। पुलिस प्रशासन को सहयोग दें। शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा का आयोजन करें।

## आयुष्मान भारत टीम ने किया बसरिया उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण, जल्द मिलेगी आधुनिक सुविधाएं




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** बरही प्रखंड के बसरिया पंचायत अंतर्गत धोबियाडीह स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण शुक्रवार को राज्य आयुष्मान भारत टीम ने किया। टीम ने केंद्र की मौजूदा स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए कहा कि आने वाले दिनों में इसे और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को नजदीक ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभागाध्यक्ष सुधांशु कुमार, संतोष कुमार, गौतम कुमार, साजिया परवीन, डॉ. आशीष मोहन, प्रणव कुमार, रबनवाज, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, पंचायत समिति प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, एएनएम सावित्री देवी, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि चुरामन रजक समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। टीम ने इस दौरान स्थानीय प्रतिनिधियों और स्वास्थ्यकर्मियों से बातचीत की, उनकी समस्याएं सुनीं और उनका शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया।

## गरबा-डांडिया कार्यक्रमों में गैर हिन्दुओं का प्रवेश वर्जित हो : विश्व हिंदू परिषद

नवीन सिंहा

**हजारीबाग।** नवरात्र के अवसर पर गरबा-डांडिया आयोजनों को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने सख्त रुख अपनाया है। संगठन के जिला मंत्री अरविंद मेहता ने बुधवार को प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि हजारीबाग जिले में जहां-जहां भी गरबा-डांडिया का आयोजन हो रहा है, उसे हिंदू संस्कृति और आस्था के अनुरूप ही किया जाना चाहिए।

उन्होंने आयोजकों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रवेश के समय प्रतिभागियों का आधार कार्ड अनिवार्य रूप से जांचा जाए और तिलक लगाया जाए, ताकि गैर हिंदुओं की पहचान कर उन्हें कार्यक्रम से दूर रखा जा सके। विहिप मंत्री ने आरोप लगाया कि नवरात्र में गरबा-डांडिया आयोजनों में गैर हिंदू प्रवेश कर हिंदू माताओं-बहनों के साथ छेड़छाड़ और लव जिहाद जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। इसको लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता स्वयं पंडालों में जाकर निगरानी करेंगे और गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक लगाएंगे। अरविंद मेहता ने कहा कि यदि गैर हिंदू कहीं जबरन प्रवेश करते हैं या गैर हिंदू समुदाय द्वारा इस प्रकार के आयोजन कर हिंदुओं को शामिल किया जाता है, तो संगठन खुलकर विरोध प्रदर्शन करेगा।उन्होंने आयोजकों से अपील की कि गरबा-डांडिया की पवित्रता और हिंदू आस्था को बनाए रखने में सहयोग करें।

## मारपीट में दो घायल, चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**बरही/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरही थाना अंतर्गत करियातपुर में मामूली विवाद के दौरान मारपीट में दो लोग घायल हो गए। घायलों में अनिल प्रसाद जायसवाल और धनंजय कुमार शामिल हैं। दोनों का प्राथमिक उपचार बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया, बाद में बेहतर इलाज के लिए उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया। मारपीट को लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप - प्रत्यारोप लगाते हुए आवेदन दिया। बरही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बिनोद कुमार ने बताया कि करियातपुर निवासी अनिल प्रसाद जायसवाल के आवेदन के आधार पर बरही थाना में कांड संख्या 354/25 दर्ज की गई, जिसमें धनंजय कुमार और उनके दो पुत्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं, करियातपुर के निवासी धनंजय कुमार के आवेदन के आधार पर बरही थाना में कांड संख्या 355/25 दर्ज की गई। जिसमें अनिल प्रसाद जायसवाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है

## पलामू व्यवहार न्यायालय में लगे लोक अदालत में 95 मामलों का हुआ निस्तारण

■ तीन लाख 31 हजार 750 रुपये का मामला हुआ सेटल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झालसा के दिशा -निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश श्री राम शर्मा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया । इसमें सुलह समझौते के आधार पर 95 मामले का निस्तारण किया गया। वहीं तीन लाख 31 हजार 750 रुपए का मामला सेटल हुआ। आपराधिक 20 मामले विद्युत विभाग के 16 मामले, एसडीएम कोर्ट के 56 मामले एनआई एक्ट का एक मामला व स्थाई लोक अदालत के दो मामले का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में मामले का निस्तारण को लेकर 10 पीठों का गठन किया गया था। वही एक हेल्प डेस्क बनाया गया था।

मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास, जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम अखिलेश कुमार, छह राजकुमार मिश्रा, एसीजेएम सुशीला सोरेंग, जेएम शम्भू महतो, निर्भय प्रकाश, कमल प्रकाश, रेलवे जेएम प्रज्ञेष निगम, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ



अमिताभ चन्द्र सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, असिस्टेंट वीर विक्रम वक्स राय, पुष्कर राज, नीतू सिंह, अधिवक्ता शिवाजी सिंह, वीणा मिश्रा, सतीश कुमार दुबे, उतम कुमार, संजय कुमार सिन्हा, महिमा श्रीवास्तव पीएलवी कृपा शंकर दुबे के अलावे विभिन्न विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व सैकड़ों वादकारी उपस्थित थे।

## बरकट्ठा अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन, 20 यूनिट रक्त एकत्रित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा हजारीबाग।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा परिसर में शुक्रवार को स्वस्थ नारी, स्वस्थ परिवार अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रत्ना रानी कुंज ने किया।

शिविर में डॉ. जासिम अख्तर, डॉ. कार्तिक उरांव, बीपीएम रंजीत कुमार सिंह, हॉस्पिटल मैनेजर पंकज शर्मा, बीडीएम सत्यनारायण कुमार और भावेश कुमार मौजूद रहे। वहीं ब्लड बैंक अध्यक्ष निर्मल जैन, डॉ. प्रमित सहाय, जीएनएम सुशील कुमार, अजित कुमार तथा लैब टेक्नीशियन राजीव प्रसाद की उपस्थिति में लोगों ने रक्तदान किया। चिकित्सकों ने बताया कि नियमित रक्तदान से शरीर में आयरन की अधिकता कम होती है, जिससे हृदय स्वस्थ रहता है और दिल का दौरा पड़ने का खतरा घटता है। रक्तदान से रक्तचाप की बीमारी का खतरा भी काफी हद तक कम



हो जाता है। इस शिविर में कुल 20 रक्तदाताओं ने 20 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वास्थ्यकर्मियों की अहम भूमिका रही।

## बरकट्ठा में श्रृष्टि हार्डवेयर दुकान में भीषण आग, लाखों की संपत्ति राख

**बरकट्ठा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के दुर्गा मंदिर समीप स्थित श्रृष्टि हार्डवेयर दुकान में शुक्रवार सुबह लगभग 10 बजे अचानक आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखे पेंट, तिरपाल सहित करीब ढाई लाख रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई। दुकान संचालक डेगलाल प्रसाद ने बताया कि आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट रहा। अचानक उठी आग की लपटें देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दुकान का अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था।घटना की सूचना मिलते ही बरकट्ठा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। इस हादसे से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

## आजादी के दशकों बाद भी विकास से वंचित चुरचू प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चुरचू/चरही।** आजादी के 75 वर्ष बाद भी चुरचू प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव बिनकरवा, सिंघानिया, लारा, कुसुममडीह, चिरुबेड़ा, कानाबंध, पदनाटांड़ और लिखलाही विकास की रोशनी से कोसों दूर हैं। बुनियादी सुविधाओं के अभाव में यहां के ग्रामीण आज भी परेशानियों से जूझ रहे हैं।

बरसात के दिनों में इन गांवों की स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। सड़क सुविधा नहीं होने से बच्चों को स्कूल पहुंचने में कठिनाई होती है, वहीं आपातकालीन परिस्थितियों में एंबुलेंस भी गांव तक नहीं पहुंच पाती। मजबूरी में ग्रामीण बीमार मरीजों को खटिया पर लादकर लगभग 5 किलोमीटर दूर पक्की सड़क तक ले जाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि चुनाव के दौरान बड़े-बड़े नेता गांव का दौरा कर विकास का आश्वासन तो देते हैं, लेकिन जीतने के बाद गांव की सुध तक नहीं लेते। इस



कारण वर्षों से लोग मूलभूत सुविधाओं—सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा—के लिए संघर्षरत हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन और सरकार से मांग की है कि गांवों की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि उन्हें भी बुनियादी विकास का लाभ मिल सके।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं हिट एंड रन समिति की बैठक

## सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निदेर्शानुसार आज दिनांक 26 सितंबर 2025 को जिला परिवहन पदाधिकारी वैद्यनाथ कामती की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला स्तरीय हिट एंड रन समिति की बैठक समाहरणालय भवन, हजारीबाग में आयोजित की गई।

बैठक में दनुआ घाटी क्षेत्र में बार-बार हो रही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु अस्थायी एनफोर्स प्वाइंट स्थापित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक प्रखंड में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और नियंत्रण के लिए संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में निगरानी समिति का गठन किया जाएगा। यातायात पुलिस को ओवरस्पीड एवं नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों पर सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि गुड समरिटन (दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने वाले सहयोगी नागरिकों) को प्रोत्साहित



करने की दिशा में आवश्यक पहल की जाए। बैठक में अन्य गंभीर विषयों पर भी चर्चा की गई और उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटरयान निरीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, पथ निर्माण विभाग हजारीबाग एवं बोकारो, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (हजारीबाग एवं रांची) सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## चुनाव में गड़बड़ी करने वालों पर रखें पैनी नजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर हिलसा प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अमर कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक प्रखंड कार्यालय मे आयोजित की गई।

बैठक में स्थानी पदाधिकारी व सेक्टर पदाधीकारी शामिल हुए, बैठक के दौरान प्रखंड क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन किया गया उसकी समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान मतदान केंद्र पर सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी ली गई। जिसमें मुख्य रूप से पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की सुविधा आवागमन उपलब्धता की समीक्षा की गई। बीडीओ को निर्देश दिया कि सभी सुविधाएं समय पर पूर्ण रूप से उपलब्ध कराई जाए, ताकि दिव्यांग, वृद्ध, महिला एवं सभी मतदाता निर्बाध रूप से मतदान कर सकें, संवेदनशील और क्रिटीकल मतदान केन्द्रों एवं उनसे संबंधित क्षेत्रों की पहचान करें। चुनावों में गड़बड़ी पैदा करने वाले, मतदाताओं को डराने, धमकाने या प्रलोभन देने वाले लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। आगामी विधान सभा आम चुनावों को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए मतदान केन्द्रों पर आवश्यक मात्रा में सुरक्षा बलों की तैनाती की जायेगी।

## राजहरा रेलवे स्टेशन पर सासाराम इंटरसिटी एक्स. के ठहराव को ले सांसद से मिले कई गांवों के नागरिक

### सांसद ने कहा : मेरे बस की नहीं है बात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू संसदीय क्षेत्र के राजहरा रेलवे स्टेशन के आसपास के दर्जनों गांव के नागरिक पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम से मिले। नागरिकों ने विष्णु दयाल राम से कहा कि राजहरा रेलवे क्षेत्रमें आवागमन का एकमात्र रेल ही साधन है। इस मार्ग से सभी ट्रेनें गुजरती हैं। लेकिन लोकल ट्रेनों के अलावा कोई भी एक्सप्रेस ट्रेन नहीं रुकती है।

जबकि राजहरा रेलवे स्टेशन राजस्व की दृष्टि से पलामू जिला के सभी स्टेशनों में अव्वल है। कहा कि ट्रेन संख्या 18635 रांची- सासाराम एक्सप्रेस ट्रेन डालटनगंज से 20.38 में प्रस्थान करती है। गढ़वा रोड पहुंचने का समय 22.05 है। मात्र 34 किलोमीटर दूरी तय करने के लिए 1. 27 घंटे मिलता है। उक्त ट्रेन को गढ़वा रोड निर्धारित समय पहुंचने के लिए अक्सर राजहरा रेलवे स्टेशन पर खड़ा कर समय व्यतीत किया जाता है। इस अवधि में 18635 रांची सासाराम एक्सप्रेस का ठहराव राजहरा रेलवे स्टेशन पर किया जा सकता है। क्षेत्र के नागरिक ने आरोप लगाया कि इस मामले को लेकर पलामू सांसद से कई बार मिले। राजहरा रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी के ठहराव की मांग की। लेकिन सांसद उन नागरिकों की नहीं सुनी। सांसद ने निराशा जनक बातें की। नागरिकों ने बताया कि सांसद ने दो टूक जवाब दिया कि उनके बस की बात नहीं है। उनसे यह नहीं हो पाएगा। मौके पर चेचनहा के बृजनंदन कुमार, मनोज राम, योगेंद्र, अशोक, आनंद, राजहरा के अशोक चौहान, रौशन शुक्ला, सीताराम विश्वकर्मा, सुदर्शन कुमार, कोठी से अशोक प्रजापति, विनोद चौहान, पंकज चौहान, उपेंद्र चौहान, अखिलेश कुमार, जितेंद्र चौहान, कुतुबुद्दीन अंसारी, ब्रह्ममोरिया से राजबली महरा, आमवा के गोकुलानंद मिश्र, रविंद्र मिश्रा, योगेंद्र मिश्रा, हरिवंश मिश्रा, चनेया के पटेल दुबे, पाटन छतरपुर विधानसभा के सच्चिदानंद महतो सहित कई नागरिक शामिल थे।

## पुलिस पब्लिक फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल संपन्न, गरमुंडो की टीम विजेता बनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा हजारीबाग।** गोरहर थाना क्षेत्र के बड़कीटांड़ मैदान में आयोजित पुलिस पब्लिक फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शुक्रवार को खेला गया। रोमांचक फाइनल में रेहमिल एफसी क्लब पातितिरी और वाईएससी क्लब गरमुंडो आमने-सामने थे। निर्धारित समय तक दोनों टीमों के बीच मुकाबला बराबरी पर रहा, जिसके बाद पेनाल्टी शूट आउट कराया गया।

पेनाल्टी शूट आउट में गरमुंडो की टीम ने 5-3 गोल से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 21 हजार रुपए और उपविजेता टीम को 11 हजार रुपए का चेक बतौर पुरस्कार मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने प्रदान किया। तीसरे स्थान पर रही एससी 11 क्लब शिवनगर को 5100 रुपए तथा चौथे स्थान पर रही एसटी क्लब बगमंदवा को फुटबॉल देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मैच के अवसर पर विशिष्ट




अतिथि के रूप में गोरहर थाना एसआई सिकंदर तमसोय, धरगुल्ली पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रकाश यादव, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदूश अंसारी, बीजेपी प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर साव, उपमुखिया सहदेव पासवान, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी, स्टार फुटबॉलर एवं गोरहर थाना पुलिस आनंद सर, समाजसेवी छोटन किस्कू और अनिल पासवान उपस्थित थे। टूर्नामेंट को सफल बनाने में कमिटी अध्यक्ष रामजी बेसरा, सचिव समीम अंसारी, कोषाध्यक्ष मनोज मुर्मू, उपाध्यक्ष बासुदेव मरांडी, उपसचिव महेंद्र मुर्मू, उपकोषाध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सेवा पखवाड़ा के तहत एमएमसीएच में दिव्यांगजनों के बीच बांटे गये सहायक उपकरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को मेदिनीनगर के एमएमसीएच परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, सिविल सर्जन डॉ अनिल श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कूल 16 दिव्यांगजनों के बीच व्हील चेयर का वितरण किया। साथ ही 34 किशोरियों का अनीमिया का जांच किया गया। 17 दिव्यांगजनों का पंजीकरण कर जांच के पश्चात दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया गया।

इस दौरान उपस्थित सभी को पोषण अभियान संबंधी शपथ दिलाई गई। मौके पर सांसद बीडी राम ने कहा कि जिन्हें चलने में असमर्थ है, उन्हें ट्राइसाइकिल व बैसाखी प्रदान की गयी है। दिव्यांग संघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार ने सांसद को धन्यवाद करते हुए पांच सूत्री मांगों का ज्ञापान सौंपा। इसमें दिव्यांगों का समान्य राशन कार्ड को अंत्योदय कार्ड अथवा लाल कार्ड में परिवर्तित करने, विकलांग अधिकार अधिनियम की धारा 2016 से अवगत कराते हुऐ सभी प्रशासनिक परिवेश में दिव्यांगों को




समान्य व्यक्ति की तरह प्राथमिकता देने, रोजगार से जोड़ने, ई-स्कूटी व दिव्यांगता प्रमाण पत्र सहजता पूर्वक निर्गत करने की मांग की। सांसद ने कहा कि दिव्यांगजनों के सभी मांगों की पूर्ति हेतु हर सम्भव प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में अधीक्षक अजय कुमार, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा व इश्वरी पाण्डे, उमेश कुमार मेहता, विध्यांचल कुमार, अवधेश कुमार आदि उपस्थित थे।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 26-09-2025 22:09 Page 1



# रंगे हाथ धराया प्रशिक्षु एएसआई

**प्राथमिकी से नाम हटाने को मांगा था 7000 रुपये**

**धावा दल के बिछाये जाल में फंसा, भेजा गया जेल**




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य की विशेष निगरानी इकाई ने शुक्रवार को एक कार्रवाई करते हुए ट्रेनी पुलिस अवर निरीक्षक को 7000 रुपए की रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अवर निरीक्षक अजय कुमार बहादुरपुर थाने में पदस्थापित हैं। विशेष निगरानी से मिली जानकारी के अनुसार, विशेष निगरानी को एक शिकायत मिली थी जो की विक्रम ज्योति नामक व्यक्ति ने दर्ज कराई थी, कि पुलिस ट्रेनी पुलिस अवर निरीक्षक अजय कुमार एक मामले में उनका नाम प्राथमिक में शामिल न करने की एवज में 7000 की रिश्वत मांग रहे हैं।

एक ट्रेनी पुलिस अधिकारी द्वारा इस प्रकार से रिश्वत मांगने के मामलों को गंभीरता से लेते हुए विशेष निगरानी इकाई ने पहले तो शिकायत की सत्यता जांच कराई। आरोप सही पाए जाने के बाद विशेष निगरानी इकाई ने एक धावा दल का गठन किया और शुक्रवार को अपनी कार्रवाई को अंजाम दिया।

अवर पुलिस निरीक्षक अजय कुमार जिस वक्त विक्रम ज्योति से रिश्वत के 7000 रुपए ले रहे थे इस वक्त उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल इनसे पूछताछ हो रही है इसके बाद आगे की कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा।

वहीं एक दिन पहले, कौशल विकास के दो केंद्रों को रद करने का भय दिखाकर रिश्वतखोर दो सरकारी सेवकों को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो अपनी गिरफ्त में लिया है। गिरफ्तारी लोक सेवकों में मधुबनी जिले के नियोजन पदाधिकारी मृणाल कुमार चौधरी और डेटा एंट्री ऑपरेटर राहुल कुमार हैं। हाजीपुर निवासी नितिश मोहन नाम के एक व्यक्ति ने निगरानी ब्यूरो में शिकायत दर्ज कराई थी कि मधुबनी के नियोजन अधिकारी और डेटा एंट्री ऑपरेटर दोनों मिलकर भय दिखा रहे हैं कि उनके द्वारा चलाए जा रहे दो कौशल विकास केंद्रों को रद कर दिया जाएगा।

धावा दल ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी अभियुक्त नियोजन पदाधिकारी मधुबनी मृणाल कुमार चौधरी को 20 हजार, डेटा एंट्री ऑपरेटर जिला नियोजन कार्यालय मधुबनी 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## दिया गया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए पोषण वाटिका निर्माण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार से कृषि विज्ञान केंद्र में प्रारम्भ हो गया। केंद्र के अध्यक्ष डॉ दिव्यांशु शेखर ने बताया कि सितंबर माह को पोषण माह के रूप में मनाया जाता है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया पोषण अभियान भारत का प्रमुख कार्यक्रम है। यह अभियान स्वस्थ आहार को बढ़ावा देने, आंगनवाड़ी और स्वास्थ्य कर्मियों की क्षमता को मजबूत करने और समुदाय की भागीदारी तक पर जोर देता है।

पोषण अभियान जीवन के हर चरण में पोषण को महत्व देता है और एक समग्र दृष्टिकोण अपनाता है।

अच्छा पोषण सिर्फ थाली में खाना भर नहीं है, बल्कि यह बच्चों में स्वास्थ्य विकास, सीखने की क्षमता और भविष्य के अवसरों की नींव रखता है। फिर भी भारत में लाखों बच्चे कुपोषण, कम लंबाई, कमजोरी और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

पोषण माह जागरूकता बढ़ाने, समाधान साझा करने और समुदायों को प्रेरित करने का एक अवसर है।

# दारोगा ने पीड़िता को सरेआम पीटा

**पीड़िता के परिजनों ने काटा बवाल**

**एएसआई तथा हुए चौकीदार**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मधुबनी।** बाबूबरही थाना में पदस्थापित एक महिला दारोगा द्वारा एक पीड़िता को सरेआम सड़क पर पीटे जाने से मामला गरम हो गया। कुछ देर बाद आक्रोशित उनके स्वजन थाना पहुंच जमकर बवाल काटा। थाना में पदस्थापित एक एएसआई तथा एक चौकीदार के साथ हाथापाई करते हुए चोटिल कर दिया। मामले की संवेदनशीलता को देखकर सदर एसडीपीओ मनोज राम, खजौली इंस्पेक्टर अभय कुमार तथा राजनगर एसएचओ चंद्र किशोर कुड्डु पहुंचकर मामले को संभाला।

एसडीपीओ ने कहा कि महिला दारोगा नेहा कुमारी के विरुद्ध निलंबन व विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जबकि एएसआई एवं चौकीदार के साथ हाथापाई करने वाले में से पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसे जेल भेजा जा रहा है।

दरअसल, थाना क्षेत्र के मदनडोभ गांव से 12 सितंबर को एक नाबालिग लड़की का अपहरण हो गया। इस बात को लेकर अपहृता के मां द्वारा स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

कांड के आईओ नेहा कुमारी ने शुक्रवार को लड़की को बरामद कर ली, जिसे 183 की बयान को लेकर मधुबनी ले जाना था। इसकी सूचना लड़की के मां को सुबह नौ बजे देते थाना पर बुलाया गया। लेकिन कुछ कारण से लड़की की मां तथा उनके स्वजन देर से थाना पहुंचे।

लड़की की मां का आरोप है कि देर होने के कारण दारोगा आपे से बाहर हो गई। थाना चौराहा पर ही भद्दी भद्दी गाली देते बाल पकड़ इन्हें नीचे गिरा दिया। वो चोटिल हुई। बचाने आए उनके पति उपेंद्र चौधरी के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया गया। उनके अंगूठे व घुटने में जख्म है। दोनों का इलाज बाबूबरही सीएचसी में किया गया। इधर इस बात को लेकर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने पीड़ित पक्ष को बुलाकर मामले को शांत करने का प्रयास किया। दारोगा के विरुद्ध विभागीय पदाधिकारी को लिखने की बात कही। मामला शांत भी हो गया। लेकिन आधे घंटे के बाद पीड़ित पक्ष के आधे दर्जन से अधिक लोग थाना पर आ धमके।

अपने कमरे में खाना खा रहे हैं एएसआई ललितेश भारती एवं चौकीदार किशुन पासवान का वीडियो बनाने लगे। मना करने पर उनके साथ जमकर बवाल काटा। दोनों चोटिल हुए। गिरफ्तार होने वालों में मदनडोभ निवासी राजविंदर चौधरी, बिंदेश्वर चौधरी, उपेंद्र चौधरी, घंघौर निवासी भरत कुमार चौधरी तथा खाजेडीह निवासी राजकुमार चौधरी शामिल है।

# केवटी में भाजपा अपना किला बचायेगी या राजद करेगी वापसी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** मधुबनी लोकसभा क्षेत्र में आने वाली दरभंगा की केवटी विधानसभा सीट बिहार की राजनीति में हमेशा से अहम मानी जाती रही है। इस सीट का चुनावी इतिहास बताता है कि यहां पर सत्ता परिवर्तन अक्सर कांटे की मुकाबले के बाद होता है। कभी गुलाम सरवर के नाम से मशहूर रही यह सीट 2005 के बाद राजद और भाजपा के बीच लगातार टकराव का गवाह बनती रही है।

1990 और 1995 में जनता दल और फिर राजद के टिकट पर गुलाम सरवर ने जीत दर्ज कर अपनी मजबूत पकड़ दिखाई थी। 2000 में भी राजद के खाते में यह सीट गई, लेकिन 2005 का चुनाव इस परंपरा को तोड़ गया, जब भाजपा के डॉ. अशोक कुमार यादव ने गुलाम सरवर को चुनावी समर में मात दी।

इसके बाद 2010 तक भाजपा ने इस सीट पर कब्जा बनाए रखा। हालांकि, 2015 में डॉ. फराज फातमी की जीत के साथ राजद ने वापसी की और सियासी समीकरण फिर से बदल गए। 2020 का विधानसभा चुनाव इस सीट के लिए बेहद रोचक रहा।

भाजपा ने अपने प्रत्याशी मुरारी मोहन झा के माध्यम से बिहार के पूर्व वित्त मंत्री और राजद के कद्दावर नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी को 5126 मतों से शिकस्त दी। इस चुनाव में डॉ. झा को 76372 मत मिले जबकि सिद्दीकी को 71246 मत हासिल हुए।

खास बात यह रही कि वोट शेयर में भाजपा को 46.75 फीसद और राजद को 43.61 फीसद समर्थन मिला। वहीं तीसरे स्थान पर रहे निर्दलीय प्रत्याशी योगेश रंजन को मात्र 3304 वोट मिले और 2968 मतदाताओं ने नोटा दबाकर अपनी नाराजगी जताई।

इस सीट का जातीय समीकरण भी चुनावी नतीजों में बडी. भूमिका निभाता है। यहां यादव, ब्राह्मण और मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में रहते हैं। रविदास और पासवान समुदाय का मत भी प्रत्याशियों की भाग्य का फैसला तय करता है।

केवटी प्रखंड की 26 और सिंहवाड़ा प्रखंड की 12 पंचायतों को मिलाकर बना केवटी विधानसभा क्षेत्र की मतदाताओं की कुल संख्या 3,11,126 है, जिनमें 1,62,083 पुरुष, 1,49,041 महिला और 2 मंगलामुखी मतदाता शामिल हैं।

इस तरह, केवटी सीट का इतिहास बताता है कि यहां की सियासत कभी एकतरफा नहीं रही। 2025 के चुनाव से पहले भी यह सीट बिहार की राजनीति में चर्चा का केंद्र बनी हुई है, क्योंकि यहां हर बार टक्कर राजद और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर होती रही है। आने वाला चुनाव यह तय करेगा कि क्या भाजपा अपना किला बचा पाएगी या राजद एक बार फिर मजबूत वापसी करेगी।

# जर्जर सड़क से चिढ़े लोग चुनाव में सिखायेंगे सबक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** जिले में रेलवे माल गोदाम तक जाने वाली सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर स्थानीय व्यापारी और वाहन चालक लंबे समय से परेशान हैं, लेकिन अब तक उनकी उम्मीदों को पंख नहीं लग सके हैं।

रेलवे ने जुलाई माह में ही 450 मीटर लंबी सड़क की मरम्मत का काम शुरू करने का आश्वासन दिया था। इस परियोजना पर 50 लाख रुपये से ज्यादा की लागत आने की भी बात कही गई थी, जिससे व्यापारियों और आम लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद थी।वर्तमान में मालगोदाम की सड़क कीचड़ और गड्ढों से भरी हुई है। सड़क इतनी खराब है कि बारिश के दिनों में यह किसी तालाब जैसी दिखती है।इससे सड़क से भारी वाहनों का निकलना मुश्किल हो जाता है। रोजाना यहां सैकड़ों ट्रक खाद, सीमेंट और अन्य सामान लेने आते हैं। इसके अलावा, इटाढ़ी रोड में पड़ने वाले कई निजी स्कूलों की बड़ी बसों का आवागमन भी इसी रास्ते होता रहता है। ऐसे में किसी अनहोनी की आशंका को लेकर चंद रोज पहले आये डीआरएम बिनोद कुमार ने भी रेलवे के अधिकारियों को चेताया था। बावजूद इसके कोई ठोस कदम रेलवे द्वारा नहीं उठाया गया। सड़क की खराब हालत की वजह से उन्हें और उनके वाहनों को भारी नुकसान भी झेलना पड़ता है। इस समस्या को हल करने के लिए रेलवे ने नई तरीके से सड़क का निर्माण कराने की बात कही थी।कहा गया था कि सड़क के बेस में पत्थरों की धूल के साथ रेलवे के ही बेकार पड़े स्लीपरों का उपयोग किया जाएगा। ये स्लीपर मजबूत होते हैं और इनका इस्तेमाल सड़क को स्थायित्व देने के लिए होगा।

यह तरीका न सिर्फ लागत कम करेगा, बल्कि पर्यावरण के लिए भी अच्छा है, क्योंकि यह अनुपयोगी सामान का दोबारा इस्तेमाल है। रेलवे प्रशासन दिलदारनगर से बेकार पड़े स्लीपरों को लाने की तैयारी में जुटे होने का हवाला देते हुए कहा था कि परियोजना को जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा, लेकिन यह काम अभी तक शुरू न हो सका।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 6400 पौधों का रोपण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुक्रबार को शिवाजीनगर प्रखंड में विशेष अभियान चलाकर एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधा रोपण किया गया। इस अभियान के तहत पंचायतों में भी पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नव निर्मित प्रखंड कार्यालय परिषद परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह ने पौधा लगाकर किया। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बबलू कुमार, मनरेगा कर्मी, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

बीडीओ आलोक कुमार सिंह ने संबोधन में कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। यह अभियान न केवल पर्यावरण को स्वच्छ और संतुलित बनाने की दिशा में कारगर साबित होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी यह धरोहर होगा। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से अपील की कि वे लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करें ताकि वे वृक्ष का रूप ले सकें। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बबलू कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत हर पंचायत में पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया। मनरेगा कर्मियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर इसमें हिस्सा लिया।

जनप्रतिनिधियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि एक पेड़ माँ के नाम केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। सभी ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि हर लगाए गए पौधे को संरक्षित कर बड़ा वृक्ष बनाया जाएगा।

# पांच महीने में पकड़े गए 3.8 लाख बेटिकट यात्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** बिना टिकट या उचित प्राधिकार के ट्रेन में यात्रा करने वालों के विरुद्ध रेल प्रशासन पर लगातार कार्रवाई कर रही है। बेटिकट यात्रियों के विरुद्ध नियमित टिकट जांच के साथ-साथ विशेष अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में मई 2025 से सितंबर 2025 के बीच सोनपुर मंडल में चलाए गए लाल गाड़ी टिकट जांच और मेगा चेकिंग अभियान के दौरान बड़ी संख्या में बिना टिकट यात्रा करते यात्री पकड़े गए। साथ ही जुमार्ना की राशि से रेलवे राजस्व में भी वृद्धि हुई है।

इस अवधि में 132 लाल गाड़ी ट्रिप और दैनिक औचक टिकट जांच की गई। इस दौरान करीब 3.8 लाख बिना टिकट यात्री पकड़े गए और 26 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया गया। वहीं, रेलवे प्रशासन की रणनीतिक पहल के तहत सभी स्टेशन और ठहराव को कवर किया गया। इसके परिणामस्वरूप कई स्टेशनों पर काउंटर टिकट बिक्री में 85 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई, जबकि कुल मिलाकर वैध टिकट बिक्री पिछले वर्ष की तुलना में 16 प्रतिशत बढ़ी। जागरूकता और पारदर्शिता पर जोर अभियान के दौरान प्रमुख ट्रेनों और हाई-रिस्क रूटों पर सघन जांच की गई।

स्टेशन आधारित मेगा चेकिंग और मोबाइल टीमों ने यात्रियों को वैध टिकट के महत्व से अवगत कराया। प्लेटफॉर्म उद्घोषणाओं, सूचना प्रसार और स्थानीय मीडिया के माध्यम से जागरूकता अभियान भी चलाया गया। इस अभियान की सफलता का श्रेय महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह की दूरदृष्टि और नवाचार को दिया गया। वहीं, मुख्य परिचालन प्रबंधक प्रभात कुमार और मुख्य वाणिज्य प्रबंधक इंदु दुबे के मार्गदर्शन व सहयोग को भी महत्वपूर्ण माना गया। मंडल रेल प्रबंधक ने अभियान की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी।

# नेताओं का ज्वाइनिंग और इस्तीफे का खेल जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नेताओं की ज्वाइनिंग और इस्तीफे का दौर जारी है। इसी कड़ी में एक और नाम जुड़ गया है। देवेंद्र कुशवाहा ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा की प्राथमिक सदस्यता के साथ पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है।

शुक्रवार को शेखपुरा में इसकी घोषणा करते हुए कुशवाहा ने जानकारी दी कि अभी वो किसी दूसरी पार्टी में शामिल नहीं होंगे, बल्कि शेखपुरा की स्थानीय समस्याओं को लेकर जन आंदोलन करेंगे।

रालोमो के सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा के काफी निकट माने जाने वाले देवेंद्र के इस कदम को राजनीतिक विश्लेषक विधानसभा चुनाव से जोड़कर देख रहे हैं।

अनुमान लगाया जा रहा है कि देवेंद्र कुशवाहा निर्दलीय विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। उनकी पत्नी अभी जिले के कसार पंचायत की मुखिया हैं। जिले में देवेंद्र को रालोमो में दूसरी धुरी के प्रमुख नेताओं में माना जाता है।

दूसरी ओर, बीजेपी में भी इन दिनों काफी हलचल देखने को मिल रही है। नरपतगंज विधानसभा का 4 बार प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व भाजपा विधायक जनार्दन यादव ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उनके इस्तीफे से बिहार में बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। उन्होंने इस्तीफे का कारण भी बताया।

उन्होंने कहा कि बिहार में भ्रष्टाचार चरम पर है। थाना हो, प्रखंड कार्यालय या अन्य सरकारी विभाग, बिना रिश्वत कोई काम नहीं हो रहा। वर्तमान भाजपा विधायक जनता की सेवा में सक्षम नहीं हैं और कार्यालयों में कामकाज ठीक से नहीं हो रहा।

इसी के साथ, जनार्दन यादव ने पार्टी द्वारा लगातार उपेक्षा पर भी नाराजगी जताई। जनार्दन यादव ने कहा कि जिले के पुराने भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं की कोई पूछ नहीं है। पूर्व विधायक होने के नाते क्षेत्र की जनता आज भी कई कार्यों से उनके पास पहुंचते हैं, लेकिन सरकारी कार्यालयों में बिना चढ़ावे के कोई कार्य नहीं होता।

## सैकड़ों लीटर शराब बरामद

शिवाजी नगर। थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार के नेतृत्व में ग्राम परसा स्थित चिमनी के बगल में परसा गाछी इलाके में छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस ने पीछा कर एक बोलेरो पिकअप को पकड़ने में सफलता पाई जब वाहन की तलाशी ली गई तो उसमें से कुल 1330.2 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। हालांकि, अंधेरे का फायदा उठाकर शराब कारोबारी मौके से फरार होने में सफल रहा। थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि फरार कारोबारी की पहचान कर ली गई है। उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## लापता मुर्गा व्यापारी की लाश कुएं से बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना मुख्यालय के जीटी रोड मस्जिद गली निवासी मुर्गा व्यवसायी 25 वर्षीय रियाज आलम उर्फ पिंटू का शव पुलिस ने शुक्रवार को मदनपुर भुइयां टोली स्थित कुआं से बरामद किया है। रियाज 22 सितंबर से लापता थे। गुरुवार को स्वजनों ने लापता होने की सूचना थाना में किया था।

बताया जा रहा है कि अपराधियों ने रियाज की गला दबाकर हत्या किया है। हत्या के बाद शव को कचरा से भरे कुआं में फेंक दिया था। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मामले में भाई इम्तियाज आलम ने गुमशुदगी की सूचना दिया था। मदनपुर एसडीपीओ चंदन कुमार ने बताया कि शव का सदर अस्पताल औरंगाबाद में पोस्टमार्टम कराया गया है।

यह हत्या का मामला है। शव से दुर्गंध निकल रहा था जिस कारण स्पष्ट है कि हत्या तीन से चार दिन पहले की गई है। संदेह के आधार पर पुलिस कुछ युवकों से पूछताछ कर रही है। हत्या का राजफाश करने में लगी है। एक-दो दिनों में इस हत्याकांड का राजफाश हो जाएगा।

# इलाज के दौरान विचाराधीन कैदी की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा।** मंडल कारा छपरा में लगभग ढाई वर्षों से सजा काट रहे एक विचाराधीन कैदी की इलाज के दौरान मौत हो गई। जेल प्रशासन के अनुसार शुक्रवार दोपहर के बाद कैदी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे पास के सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। मृतक की पहचान सारण जिले के सोनपुर थाना क्षेत्र के परमानंदपुर मुरथन गांव निवासी 60 वर्षीय अशोक राय के रूप में हुई है। वह हत्या के मामले में विचाराधीन कैदी के रूप में मंडल कारा छपरा में बंद था। फिलहाल उनका स्पीडी ट्रायल छपरा के व्यवहार न्यायालय में चल रहा था।

कैदी की मौत के बाद अस्पताल, जेल और जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में परिजनों को सूचना दी गई और न्यायिक प्रक्रिया के तहत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के पुत्र नीतीश कुमार ने बताया कि उनके पिता लंबे समय से मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित थे। उन्होंने कहा कि जेल प्रशासन ने परिजनों को तबीयत बिगड़ने की जानकारी दी थी, लेकिन जब तक परिजन अस्पताल पहुंचे, तब तक पिता की मौत हो चुकी थी।

नीतिश कुमार का आरोप है कि जेल प्रशासन की लापरवाही भी इस मौत का एक कारण हो सकती है। जिला प्रशासन और अस्पताल प्रशासन ने घटना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए मेडिकल बोर्ड का गठन कर पोस्टमार्टम कराया। स्वास्थ्य विभाग और जेल प्रशासन के अधिकारियों ने मिलकर सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंपा। इस घटना के बाद जेल में स्वास्थ्य सुविधाओं और आपातकालीन इलाज की व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

# चॉकलेट का प्रलोभन देकर बुजुर्ग ने किया दो बच्चियों से दुष्कर्म

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**किशनगंज।** सदर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में गुरुवार की रात 68 वर्षीय बुजुर्ग ने दो बहनों को चॉकलेट का लालच देकर नवनिर्मित भवन में बारी-बारी से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपित बुजुर्ग को व्यक्ति कर लिया।

दोनों बच्चियों का इलाज स्थानीय सरकारी अस्पताल में चल रहा है। दोनों बहने रिश्ते में मौसेरी बहन हैं। दोनों की उम्र छह और आठ वर्ष बताई जा रही है।

एसपी सागर कुमार ने बताया कि घटना की शिकायत मिलते ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़ित बच्चियों के अभिभावक के आवेदन पर सदर थाना में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पीड़ित बच्चियों के स्वजन ने पुलिस को दिए बयान में कहा है कि उनकी छह वर्षीय बच्ची रोते हुए अपने घर आई और बताया की वो अपने मौसेरी बहन के साथ गुरुवार की देर शाम को घर के पास ही बन रहे एक नए मकान की तरफ गई थी।

बन रहे मकान में रखवाली करने वाले बुजुर्ग ने हम दोनों बहनों को चॉकलेट खाने के लिए 20-20 रुपए देने का प्रलोभन दिया और जबरन अंदर ले जाकर गलत हरकत



करने लगा। जिसके बाद बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

एक बच्ची की मां स्थानीय फैक्ट्री से जब काम कर रात को लौटी तो अपनी बेटी और बहन की बेटी को रोता देखकर पूछने पर दोनों बच्चियों ने अपने साथ ही घटना की आपबीती सुनाई। जिसके बाद स्वजन जब बुजुर्ग से घटना को लेकर पूछने गये तो बुजुर्ग ने कुछ भी नहीं बताया और मौके से भाग गया।

हालांकि, पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया और दोनों बच्ची को इलाज के लिए स्थानीय सरकारी अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद दोनों बच्चियों की हालत गंभीर है। वहीं, पुलिस गिरफ्तार बुजुर्ग व्यक्ति से पूछताछ कर जेल भेजने की तैयारी में जुटी है।

# मिठाई दुकान में लगी आग, अफरा-तफरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र के गिद्धौर रेलवे स्टेशन बाजार में एक बड़ा हादसा हो गया। दशहरा पर्व को देखते हुए मिठाई निर्माण कार्य में जुटे एक दुकानदार के गोदाम में अचानक गैस सिलेंडर से गैस रिसाव होने लगा और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस अग्निकांड में करीब 50 हजार रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर राख हो गई।

पीड़ित दुकानदार राजू गुप्ता ने बताया कि घर के समीप लगने वाले दशहरा मेले में रोजगार के लिए वे रोजाना ताजी मिठाइयाँ तैयार कर रहे थे। निर्माण कार्य के दौरान अचानक गैस चूल्हा और सिलेंडर से रिसाव शुरू हो गया। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, आग की लपटें तेजी से फैल गईं और गोदाम में रखा चूल्हा, कड़ाही, बर्तन, लकड़ी सहित अन्य सभी सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। ग्रामीणों की सूझबूझ और कड़ी मशक्कत के बाद ही आग को नियंत्रित किया जा सका। हालांकि तब तक गोदाम का अधिकांश सामान राख हो चुका था।

गनीमत रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन आर्थिक नुकसान काफी गंभीर है। स्थानीय ग्रामीणों और बाजार के लोगों ने प्रशासन से पीड़ित दुकानदार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है। उनका कहना है कि दशहरा पर्व के दौरान रोजगार का अवसर जुटाने के लिए की गई तैयारियों में हुआ यह नुकसान राजू गुप्ता और उनके परिवार के लिए बड़ा झटका है। घटना के बाद से परिवार गहरे सदमे में है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल राहत और मदद देने की अपील की है ताकि पीड़ित परिवार दोबारा अपना काम शुरू कर सके।

# जर्जर भवन में चल रहा बाल विकास परियोजना कार्यालय

## दहशत के साये में कार्य करते हैं कर्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोहनियां।** स्थानीय प्रखंड कार्यालय परिसर में अवस्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय जर्जर भवन में चलता है। कभी भी ध्वस्त हो सकता है। कमरों की छत टूट टूट कर गिर रही हैं। कार्यालय में शौचालय में पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं नदारद है।यहां अधिकारी व कर्मी भय के साये में कार्य करते हैं, जिस पर प्रशासन का ध्यान नहीं है। एक साल से मोहनियां में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का पद रिक्त है। भगवानपुर की सीडीपीओ को मोहनियां का प्रभार दिया गया है।

मोहनियां से भगवानपुर की दूरी करीब 30 किलोमीटर है। वहां बैठकर सीडीपीओ कितना काम करती होगी यह बड़ा सवाल है। सरकारी मोबाइल इनके पास ही रहता है, जिस पर फोन करने पर बात नहीं होती। इस गंभीर समस्या पर किसी जनप्रतिनिधि या अधिकारी का ध्यान नहीं है। 30 जनवरी 1956 को मोहनियां में प्रखंड सह अंचल कार्यालय की स्थापना हुई थी। उक्त कार्यालय से उत्तर दिशा में बाल विकास परियोजना का कार्यालय बना है। सात दशक पूर्व बने भवन जर्जर हो चुके हैं। जगह जगह छत टूट कर नीचे गिर गई है। जहां सरिया दिखाई देती है। बारिश होने पर छत का पानी अंदर गिरता है,




जिससे कागजात को बचाना कर्मियों के लिए बड़ी चुनौती होती है। पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से यहां कार्यरत कर्मी बाहर से पानी ला कर पीते हैं। एक बदहाल शौचालय है, जिसका महिला कर्मी उपयोग करती हैं। पुरुषों को बाहर जाना पड़ता है। मोहनियां के बाल विकास कार्यालय में कर्मियों की कमी का दंश झेल रहा है। यहां नौ महिला पर्यवेक्षिका का पद सृजित है, जिसमें 6 कार्यरत हैं। लिपिक के दो पद में एक रिक्त है। सांख्यिकी सहायक और भंडारपाल के नहीं रहने से कामकाज प्रभावित होता है। एक कार्यपालक सहायक व एक प्रखंड समन्वयक कार्यरत हैं। सभी कार्यालयों को सरकारी तौर पर वाहन उपलब्ध कराया गया है, लेकिन सीडीपीओ वाहन की कमी खलती है।

# सहकारिता मंत्री ने आइसीडीपी के तहत 8.32 करोड़ की योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने 'समेकित सहकारी विकास परियोजना (आईसीडीपी)' के तहत 8.32 करोड़ रुपये की योजनाओं का ऑनलाइन उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें 4.59 करोड़ रुपये की 20 योजनाओं का उद्घाटन तथा 3.73 करोड़ रुपये की 18 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मंत्री ने मोतिहारी, औरंगाबाद, बेगूसराय, दरभंगा और बेतिया जिले से जुड़ी 20 योजनाओं का उद्घाटन किया जिनमें 12 नए गोदाम, 1 राइस मिल, 2 कम्पोजिट यूनिट, 3 वर्मी कम्पोस्ट इकाई और 2 गोदाम की चहारदीवारी का निर्माण शामिल है। इसके साथ ही 18 योजनाओं का शिलान्यास किया गया जिनमें 15 गोदाम, 1 कम्पोजिट यूनिट, 1 फिश हैचरी और औरंगाबाद जिले में केन्द्रीय सहकारी अधिकोष का शाखा भवन निर्माण शामिल है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आईसीडीपी के माध्यम से सहकारी समितियों में आधारभूत संरचना का निर्माण कराया जा रहा है जो किसानों की आर्थिक उन्नति और ग्रामीण विकास का आधार बन रहा है। गोदाम, राइस मिल, फिश हैचरी और वर्मी कम्पोस्ट जैसी इकाइयां किसानों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ रही हैं और उनकी आय दोगुनी करने की दिशा में सहायक साबित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य सहकारी समितियों को आत्मनिर्भर बनाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देना है। वर्तमान में आईसीडीपी राज्य के 6 जिलों मोतिहारी, औरंगाबाद, बेगूसराय, दरभंगा, बेतिया और पूर्णिया में 315 करोड़ 51 लाख 17 हजार 300 रुपये की लागत से संचालित है। अब तक 228 करोड़ 97 लाख 94 हजार 694 रुपये खर्च किए जा चुके हैं जो कुल राशि का 72.57 प्रतिशत है। यह परियोजना राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) के वित्तीय सहयोग से चलाई जा रही है। वर्ष 2001 से अब तक राज्य के 14 जिलों गोपालगंज, मधुबनी, गया, सीतामढ़ी, आरा, छपरा, सीवान, कैमूर, खगड़िया, शिवहर, नालंदा, वैशाली, जहानाबाद और अररिया में परियोजना पूर्ण हो चुकी है। इस अवसर पर सभी जिलों के जिला सहकारिता पदाधिकारी, महाप्रबंधक, प्रबंध निदेशक, केन्द्रीय सहकारी बैंक, सहायक निबंधक, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, संबंधित पैक्स, व्यापार मंडल और मत्स्यजीवी सहकारी समितियों के प्रतिनिधि ऑनलाइन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निबंधक सहयोग समितियां रजनीश कुमार सिंह, अपर सचिव अभय कुमार सिंह, अपर निबंधक (प्रशासन) रामनरेश पांडेय, संयुक्त निबंधक (अंकेक्षण) कामेश्वर ठाकुर, शम्भुसेन कुमार सहित सहकारिता विभाग के अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए।

# बिहार में महिलाओं को सम्मान नहीं, सिर्फ वोट के लिए हुई घोषणाएं : प्रियंका गांधी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने जदयू-भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि बिहार में महिलाओं को न तो सम्मान मिल रहा है, न सुरक्षा और न ही उनके अथक परिश्रम का उचित पारिश्रमिक। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले दस हजार रुपये देने की घोषणा सिर्फ वोट हासिल करने की कोशिश है, न कि महिलाओं के अधिकारों के प्रति कोई सम्मान। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी शुक्रवार को पटना के सदाकत आश्रम में आशा, आंगनबाड़ी, जीविका और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुन रही थीं। महिला संवाद कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं की समस्याओं को सुनने के बाद प्रियंका गांधी ने कहा कि 20 सालों से सत्ता में शासन कर रही जदयू-भाजपा सरकार ने महिलाओं को सम्मान नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी, आशा, जीविका कार्यकर्ता और अन्य व्यवसायों से जुड़ी महिलाएं दिन-रात मेहनत करती हैं, लेकिन उन्हें सम्मान और उचित मानदेय नहीं मिलता। महिलाएं 24 घंटे काम करने के लिए तैयार रहती हैं, आधी रात को डिलीवरी कराने जाती हैं, कोविड के दौरान छोटे बच्चों को साथ लेकर काम किया, फिर भी उन्हें सम्मानजनक वेतन नहीं मिलता। अपने जोरदार भाषण में कांग्रेस महासचिव ने कहा कि चुनाव आ रहा है, इसलिए जदयू-भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं को अचानक दस हजार रुपये दिए जा रहे हैं, लेकिन यह हर महीने वाला मानदेय नहीं है। उन्होंने पूछा कि 20 साल से सत्तारूढ़ जदयू-भाजपा सरकार ने अब तक महिलाओं को ये पैसे क्यों नहीं दिए।

# ऑटो और ई-रिक्शा पर अब बारकोड लगाना अनिवार्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना जिले में ऑटो और ई-रिक्शा से सफर करने वाले यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पटना कमिश्नरी ने एक महत्वपूर्ण फैसला किया है। जिले में परमिट प्राप्त ऑटो और ई-रिक्शा पर अब बारकोड लगाना अनिवार्य होगा। इस बारकोड में वाहन और चालक की पूरी जानकारी दर्ज होगी जिसे यात्री स्कैन करके देख सकेंगे। साथ ही प्रवर्तन टीम को भी ऑटो और चालकों से संबंधित सारी जानकारी आसानी से मिल जाएगी। यदि कोई चालक बिना बारकोड के वाहन चलाते पकड़ा जाएगा तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। विभाग जल्द ही नए परमिट के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। इसके लिए एक पोर्टल विकसित किया जा रहा है जिसके माध्यम से वाहन स्वामी जोनवार आवेदन कर सकेंगे। आवेदन प्रक्रिया की पूरी जानकारी आवेदकों को समाचार पत्रों के माध्यम से दी जाएगी। प्रत्येक वाहन स्वामी एक जोन के अंदर अधिकतम तीन रूटों के परमिट के लिए आवेदन कर सकेंगे, लेकिन परमिट केवल एक रूट के लिए जारी होगा। हालांकि कुछ निर्धारित शर्तों के साथ आपात स्तिथि या सीएनजी-पेट्रोल लेने के लिए अन्य रूट में वाहन चलाने की छूट दी जाएगी। ऑटो और ई-रिक्शा के परिचालन को व्यवस्थित करने के लिए विभाग नए रूट तैयार कर रहा है। हाल ही में जाम की समस्या को कम करने के लिए शहर को तीन जोन- पीला, ब्लू और हरा में बांटा गया है। इसके अलावा रिजर्व ऑटो और ई-रिक्शा के लिए एक अलग जोन भी बनाया जाएगा।

# दुर्गा स्वरोत्सव शुरू, राज्यपाल ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** राजधानी पटना स्थित श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में शुक्रवार से तीन दिवसीय दुर्गा स्वरोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। स्पिक मैके, श्रीम एजुकेशनल ट्रस्ट, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, श्रीकृष्ण स्मारक समिति, आयुक्त कार्यालय (पटना प्रमंडल) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सांगीतिक उत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, सांसद रविशंकर प्रसाद, समाज कल्याण विभाग की सचिव वंदना प्रेयसी, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के सचिव प्रणव कुमार, पटना आयुक्त डॉ. चंद्रशेखर सिंह, स्पिक मैके की पूर्व अध्यक्ष डॉ. माया शंकर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर स्पिक मैके के संयोजक मनीष सिंह ठाकुर, श्रीम एजुकेशनल ट्रस्ट के सदस्य अनूप श्रीवास्तव, प्रतिमा कुमार व बिहार भाजपा कला संस्कृति प्रकोष्ठ के संयोजक वरुण कुमार सिंह उपस्थित हुए। उद्घाटन अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य केवल कला का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपरा की आत्मा हैं। इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने और हमारी समृद्ध विरासत को संरक्षित करने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि पटना जैसे ऐतिहासिक शहर में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कला और संस्कृति को नई ऊर्जा प्रदान करता है। इस मौके पर प्रख्यात शास्त्रीय गायक पद्मश्री पंडित उल्लास काशलकर ने राग यमन और गौर मल्हार पर शानदार प्रस्तुति दी जबकि पद्मभूषम पंडित विश्वमोहन भट्ट ने भी अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दोनों गायकों की प्रस्तुति ने सभागार में मौजूद संगीत प्रेमियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराई और माधुर्य का अनूठा अनुभव कराया। कार्यक्रम में पंडित उल्लास काशलकर का साथ दिया तबला पर पद्मश्री पंडित सुरेश तलवालकर ने जबकि हॉर्मोनियम पर पंडित विनय मिश्रा ने। वहीं पंडित विश्वमोहन भट्ट का तबला पर साथ दिया पंडित राम कुमार मिश्रा ने। स्पिक मैके के संयोजक मनीष सिंह ठाकुर ने कहा कि अगले दो दिनों तक शास्त्रीय संगीत और नृत्य की अनूठी प्रस्तुतियों की श्रृंखला जारी रहेगी।

# सुल्तानगंज-कटोरिया रेल लाइन का काम होगा शुरू, शिव भक्तों को होगी सुविधा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय रेल ने बिहार के सुल्तानगंज-कटोरिया रेल लाइन का काम चालू करने का फैसला लिया है। इससे भागलपुर और देवघर सहित पूरे देश के शिव भक्तों को रेलगाड़ी के माध्यम से सफर करने में आसानी होगी। इस परियोजना की कुल लंबाई 74.8 किलोमीटर है और यह असरगंज, तारापुर और बेलहर के रास्ते में पड़ती है। इस प्रस्तावित रेल खंड में सुल्तानगंज और कटोरिया के साथ-साथ असरगंज, तारापुर, बेलहर, श्रीनगर और सूइयाबथान में ठहराव दिया गया है। कटोरिया एक जंक्शन स्टेशन बनेगा, अभी कटोरिया स्टेशन बांका-जसीडीह रेल लाइन पर पड़ता है। परियोजना के पूरा हो जाने पर प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालुओं को जल लेकर देवघर तक जाने में आसानी होगी। पूरी परियोजना पर नवीनतम अनुमानों के मुताबिक लगभग 1261 करोड़ रुपये की लागत आएगी। अभी सुल्तानगंज से देवघर की दूरी वाया भागलपुर, बांका, कटोरिया लगभग 131 किलोमीटर है जो नई लाइन के बन जाने के बाद घटकर लगभग 101 किलोमीटर हो जाएगी जिससे सुल्तानगंज और देवघर के बीच कनेक्टिविटी और भी बेहतर होगी।

# पटना में चार दिवसीय दशहरा महोत्सव का भव्य आगाज, प्रमंडलीय आयुक्त ने किया उद्घाटन

## लोक गायिका नीतू नवगीत के देवी स्तुति गीतों ने बांधा समां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राजधानी पटना में सांस्कृतिक उत्सवों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में चार दिवसीय दशहरा महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। इस अवसर पर प्रसिद्ध लोक गायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने देवी दुर्गा की स्तुति में प्रस्तुत किए गए गीतों से पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन पटना के प्रमंडलीय आयुक्त डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि दशहरा महोत्सव केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक विरासत और लोक परंपराओं के संवाहक के रूप में समाज को जोड़ने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से नई पीढ़ी को भारतीय लोक संगीत, नृत्य और कला से जोड़ने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र–'अयि गिरि नन्दिनी नंदित मेदिनी' से हुई जिसने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। इसके बाद नीतू नवगीत ने गंगा मैया के गीत और लोक परंपराओं से जुड़े 'पटना से बैदा बुलायी द हो', 'नजरा गइनीं गुइयां' जैसे गीत प्रस्तुत किए। उनकी प्रस्तुति पर दर्शक तालियों की गड़गड़ाहट से झूम उठे। लोकप्रिय गीत पनियां के जहाज से पलटनियां बनी अईहैं पिया ने कार्यक्रम को विशेष ऊंचाई दी और पूरे हॉल में उत्सव का माहौल बना दिया। वरिष्ठ गायक आलोक राज ने अपनी सुरीली आवाज में कई गजलों की शानदार प्रस्तुति दी जिन पर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। उनकी गायकी ने महोत्सव के पहले दिन को और भी खास बना दिया। कार्यक्रम में नालंदा संगीत कला विकास संस्थान, सवेरा कला केंद्र, श्रीराम कला वाटिका तथा अंकित पल्लव और उनके ग्रुप द्वारा बिहार की लोक नृत्य शैलियों की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं। पारंपरिक परिधानों और सजीव मंचन ने उपस्थित दर्शकों को बिहार की सांस्कृतिक धरोहर से रूबरू कराया। पहले दिन के समापन पर प्रमंडलीय आयुक्त डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इसमें लोक गायिका नीतू नवगीत और गायक आलोक राज के साथ अन्य लोक कलाकार शामिल रहे। महोत्सव के अगले तीन दिनों में देशभर से आने वाले कलाकार लोकगीत, नृत्य, शास्त्रीय संगीत और नाटक की प्रस्तुतियां देंगे। आयोजकों का कहना है कि यह महोत्सव पटना की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊर्जा देने का कार्य करेगा।

### डॉ. दिलीप जायसवाल, सम्राट चौधरी और विनोद तावड़े ने प्रचार रथ को भाजपा ध्वज दिखाकर किया रवाना

# डबल इंजन की सरकार में विकास को गति मिली : जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने आज उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और बिहार प्रभारी विनोद तावड़े के साथ संयुक्त रूप से भाजपा ध्वज दिखाकर भाजपा का एलईडी प्रचार रथ यहां से रवाना किया। आज से यह रथ सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचकर डबल इंजन की सरकार में बिहार के विकास की गाथा लोगों को बताएगा। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने इन रथों को रवाना करते हुए कहा कि बिहार अब विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ चुका है। डबल इंजन की सरकार में आधारभूत संरचना का क्षेत्र हो या शिक्षा और स्वास्थ्य, सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ा है। लोगों को नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में महिला सशक्तिकरण के लिए नीतीश सरकार ने जो काम किए हैं, वह अभूतपूर्व है। बिहार सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर बनाने में एक लंबी लकीर खींची है। इस मौके पर भाजपा ने कैंपेन सॉन्ग 'रफ्तार पकड़ चुका है बिहार' भी जारी किया गया। भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल सहित अन्य लोगों ने बैठकर इस कैम्पेन सांग को देखा। करीब तीन मिनट 17 सेकेंड के इस कैम्पेन सांग के जरिए बताया गया कि बिहार कैसे विकास के क्षेत्र में रफ्तार पकड़ चुका है। गाने के जरिए जहां एक बार फिर से एनडीए सरकार बनाने की अपील की गई है, वहीं जंगलराज की भी याद दिलाई गई है।

# मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी का ग्यारहवां वार्षिकोत्सव आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी का ग्यारहवां वार्षिकोत्सव शनिवार, 27 सितम्बर को अपराह्न 4 बजे से सोसाइटी परिसर, रोड नं. 7, राजेन्द्रनगर में धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन नन्द किशोर यादव, अध्यक्ष, बिहार विधान सभा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री डॉ. आर.एन. सिंह, पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद एवं वरिष्ठ समाजसेवी एल.एन. पोद्दार उपस्थित रहेंगे। सोसाइटी के संस्थापक अध्यक्ष महावीर अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल, अध्यक्ष राधेश्याम बंसल, निवर्तमान अध्यक्ष रमेश गुप्ता, सचिव दिनेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुजीत सिंघानिया, प्रायोजक प्रशांत बंका एवं संयोजक गोपाल मोदी कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। मानवता की सेवा को समर्पित मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी चिकित्सा जगत में आज पटना का एक प्रतिष्ठित नाम बन चुकी है। मात्र 11 वर्षों में ही सोसाइटी ने न्यूनतम शुल्क में उच्चतम चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराकर एक मिसाल कायम की है। वर्तमान में सोसाइटी परिसर में लगभग 38 विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता रखता है बिहार : विजय प्रकाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विद्यापीठ-देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय और ए.आई.सी. बी. वी. फाउंडेशन, पटना के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा का पुनर्कल्पनाः भारतीय ज्ञान प्रणाली का राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ एकीकरण विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरुआत हुई। उद्घाटन समारोह देशरत्न सभागार में आयोजित हुआ जिसमें ईआरसी-एनसीटीई के अध्यक्ष डॉ. दिव्यज्योति महंता, एलएनएमयू की पूर्व प्रति-कुलपति डॉ. डॉली सिन्हा, बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष और पूर्व वरिष्ठ आईएएस विजय प्रकाश, शिक्षा विभाग के अपर सचिव श्यामानन्द चौधरी तथा शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय की निदेशक डॉ. मृदुला प्रकाश विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस संगोष्ठी में भारत सहित ब्रिटेन, अमेरिका, अबूधाबी, सऊदी अरब और लीबिया से विद्वानों, शिक्षकों और नीति निर्माताओं ने भाग लिया। पहले दिन कुल 14 शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए जिनमें मानसिक स्वास्थ्य, योग मनोविज्ञान, माइंडफुलनेस, प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पारंपरिक पारिस्थितिकी ज्ञान और स्थिरता जैसे विषयों पर गहन विमर्श हुआ। पैनल चर्चा में डॉ. एस. ए. मोईन, डॉ. फैज अहमद, डॉ. चंदन श्रीवास्तव, डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी, डॉ. स्नेहाशीष दास और डॉ. संजय कुमार समेत कई शिक्षाविदों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विजय प्रकाश ने कहा कि बिहार नालंदा और विक्रमशिला जैसी प्राचीन विश्वविद्यालयों की गौरवशाली परंपरा का धनी रहा है और आज भी यह शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता रखता है। डॉ. महंता ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की निर्माण प्रक्रिया और उससे जुड़े भविष्यगत संभावनाओं पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी का समापन 27 सितम्बर को होगा। आयोजकों का कहना है कि यह विमर्श शिक्षा की पुनर्कल्पना और भारतीय ज्ञान प्रणाली के समावेशन की ठोस दिशा तय करने में मील का पत्थर साबित होगा।

# इनरव्हील क्लब पाटलिपुत्रा ने किया डांडिया नाइट का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** इनरव्हील क्लब पाटलिपुत्रा ने नवरात्रि के उपलक्ष्य में संस्कृति अकैडमी के बच्चों के साथ रंगारंग डांडिया नाइट का आयोजन किया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में सजकर डांडिया की थाप पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में क्लब की सदस्याओं के साथ विद्यालय की छात्राओं ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय की प्राचार्या नमिता शरण ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन न केवल हमारी परंपराओं और धरोहर को सहेजते हैं, बल्कि बच्चों के आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अनुग्रह वाटिका पर 'स्वच्छोत्सव'चला कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, ए. एन. कॉलेज, पटना के द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अनुग्रह वाटिका और विज्ञान भवन मार्ग पर 'स्वच्छोत्सव' कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवक एवं विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता हेतु श्रमदान किया। यह स्वच्छता कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 (गांधी जयंती) तक चलेगा। इस स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्या प्रो रेखा रानी, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ नवीन कुमार एवं डॉ शिरीन मशरूर, डॉ तृप्ति गंगवार, डॉ अभिषेक दत्ता, प्रो सुजीत दुबे (एन.एस.एस. समन्वयक, पाटलिपुत्र वि.), प्रो रवीन्द्र सिंह (छपरा वि.वि.), प्रो अशोक सिंह, प्रो सुभाष सिंह, डॉ ज्योतिष, डॉ संजीत कुमार, डॉ लव कुमार, डॉ नवनीत कुमार, डॉ मनु कु. सिंह, डॉ संजय सिंह, डॉ प्रशांत भास्कर, डॉ मनोज कुमार, डॉ संजय कुमार, डॉ मंटू सिंह, डॉ श्वेता, डॉ शत्रुघ्न, डॉ मृणालिनी, डॉ प्रेरणा पुष्प, डॉ कुमकुम रानी। इसके अतिरिक्त स्वच्छता अभियान में विभिन्न विभागों के शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण की सहभागिता रही।

# पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय हाजीपुर में राजभाषा पखवारा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** महाप्रबंधक की अध्यक्षता में राजभाषा पखवाड़ा का पुरस्कार वितरण समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने राजभाषा विभाग को कार्यक्रम की बधाई देते हुए सभी पुरस्कार विजेताओं को भी हिंदी में प्रशंसनीय कार्य करने के लिए बधाई दी और राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को और गति प्रदान करने के लिए हमेशा सचेष्ट रहने को कहा। उन्होंने भारत सरकार की राजभाषा नीति का कार्यान्वयन शत-प्रतिशत करने को कहा।

# जेडी वीमेंस कॉलेज में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा शहर के जेडी विमेंस कॉलेज में स्वच्छता टॉक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम का संचालन एवं लोकगीतों की प्रस्तुति नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर डॉ. नीतू कुमारी नवगीत द्वारा किया गया। पूरे कार्यक्रम की संकल्पना कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. मीरा कुमार ने तैयार की और कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. हिना रानी और डॉ. मंजरी नाथ तथा तान्या शर्मा ने उसे संपादित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वच्छता टॉक में कॉलेज की छात्राओं ने स्वच्छता के लिए जन भागीदारी बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि जब तक हर व्यक्ति स्वच्छता के प्रति जागरूक नहीं रहेगा, शहर को स्वच्छ बनाना मुश्किल रहेगा। विश्व का जो भी शहर स्वच्छ और सुंदर हुआ है, उसमें हर जन की भागीदारी रही है। इस अवसर पर सभी ने संकल्प लिया कि अपने शहर और देश की स्वच्छता के प्रति समर्पित भाव से काम करेंगे और इधर-उधर कूड़ा-कचरा नहीं फैलाएंगे। पटना नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगर निगम द्वारा दैनिक आधार पर काम किया जाता है और प्रतिदिन सैंकड़ों कर्मचारी और गाड़ियां कूड़े को इकट्ठा करने के लिए घर-घर जाती हैं। उन्होंने कई स्वच्छता गीतों की प्रस्तुति करते हुए छात्राओं से अपील की कि स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल रखें।





नवबिहार टाइम्स
बोकारो, शनिवार 27 सितम्बर 2025

## संपादकीय

# मूर्ति नहीं, पार्क बनाएं

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के पूर्व सीएम एम. करुणानिधि की मूर्ति लगाने की राज्य सरकार की याचिका खारिज करते हुए सवाल किया कि आप सार्वजनिक धन का इस्तेमाल अपने नेताओं का गुणगान करने के लिए क्यों कर रहे हैं। यह सवाल असल में सभी राज्यों और राजनीतिक दलों के लिए है, और यह भी कि क्या किसी सार्वजनिक हस्ती की विरासत को केवल मूर्तियों के जरिये ही संजोया जा सकता है? तमिलनाडु सरकार ने तिरुनेलवेली जिले में मूर्ति लगाने की इजाजत मांगी थी। इससे पहले मद्रास हाई कोर्ट से याचिका खारिज हो चुकी थी और सुप्रीम कोर्ट ने उससे राहत नहीं दी। दोनों अदालतों में यह पॉइंट हाइलाइट हुआ कि सार्वजनिक स्थलों पर मूर्तियों के निर्माण से किस तरह ट्रैफिक बाधित होता है और आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। अहम बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट 2013 के एक आदेश के जरिये पहले ही कह चुका है कि सार्वजनिक स्थलों, सड़कों वगैरह पर मूर्तियां या कोई अन्य निर्माण नहीं किया जा सकता है। तब केरल के तिरुवनंतपुरम में एक नैशनल हाईवे पर मूर्ति लगाने से रोकते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि सरकार का हर कदम जनता के कल्याण के लिए होना चाहिए। इस आदेश के बावजूद बार-बार ऐसे केस अदालतों के सामने आ रहे हैं, जो वक्त की बर्बादी है। इस कड़ी में मद्रास हाई कोर्ट का सुझाव गौर करने लायक है। कोर्ट ने कहा था कि राज्य सरकार नेताओं के नाम से पार्क बना सकती है। इससे युवाओं को अपने नेताओं के बारे में जानने और उनकी विचारधारा को समझने का ज्यादा बेहतर मौका मिलेगा। अभी जो मूर्तियां जगह-जगह लगी हैं, उन्हें भी ऐसे पार्क में शिफ्ट किया जा सकता है। हरियाली की कमी से जूझ रहे शहरों में ऐसे पार्क खुली जगह और ताजी हवा का केंद्र बन सकते हैं। भारत में सार्वजनिक हस्तियों, नेताओं की मूर्तियों का मामला विरासत से अधिक राजनीतिक होता है। मूर्तियों के जरिये खास तबकों और समुदायों को संदेश देने की कोशिश की जाती है। इसका इस्तेमाल प्रायः चुनावी फायदों के लिए किया जाता है। लेकिन सच तो यह है कि देश को मूर्तियों से ज्यादा सार्वजनिक सुविधाओं की जरूरत है। इसलिए टैक्सपेयर्स के पैसों का उपयोग किसी का महिमामंडन करने के बजाय सड़कों और पार्कों की हालत सुधारने में किया जाना चाहिए। इससे उन नेताओं के विचारों को फैलाने में ज्यादा मदद मिलेगी।

# बंजर भूमि पर हो प्राकृतिक खेती का विकास

**भारत में कुल 14 करोड़ हेक्टेयर पर नियमित खेती होती है। आज खेती की जो हालत है, जिस तरह उसमें कीटनाशकों और रासायनिक खादों का इस्तेमाल बढ़ा है, उसकी वजह से खेती की मिट्टी भी खराब हो चुकी है। अब कैंसर, ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों के लिए विशेषज्ञ रासायनिक खाद और कीटनाशक युक्त खेती को भी जिम्मेदार बता रहे हैं। पंजाब के बठिंडा से राजस्थान के जोधपुर के लिए चलने वाली विशेष ट्रेन को कैंसर ट्रेन इसीलिए कहा जाने लगा है, क्योंकि इसमें ज्यादातर यात्री जोधपुर के कैंसर अस्पताल में अपना इलाज कराने जाते हैं। जाने वाले खेती की उपज के लिए मशहूर पंजाब राज्य के लोग होते हैं। इसी लिए अब प्राकृतिक, जैविक या नो बजट खेती की मांग बढ़ रही है। इस खेती के जरिए होने वाली उपज को स्वास्थ्य वर्धक माना जाने लगा है।**

**(उमेश चतुर्वेदी)**

भारत की अधिकांश बंजर और अत्यधिक क्षरित भूमि पर सीमांत किसान और आदिवासी आबादी निवास करती है, उनकी आजीविका भी इसी पर टिकी हुई है। इसलिए भी जरूरी है कि बंजर भूमि का विकास हो, उसे उपजाऊ बनाया जाए और उन पर प्राकृतिक खेती की जाए।

देश में खेती की जमीन घट रही है या बढ़ रही है, इसे लेकर दो तरह की बातें की जा रही है। एक वर्ग का मानना है कि देश में खेती की जमीन बढ़ रही है। हालांकि जिस तरह शहरीकरण बढ़ रहा है, खासकर उपजाऊ जमीनों पर शहरों का निर्माण हो रहा है, उससे लगता तो नहीं कि खेती की जमीन बढ़ रही है। हालांकि कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा लोकसभा में पेश एक रिपोर्ट के अनुसार साल 2018-19 में जहां 180624 हजार हेक्टेयर जमीन पर खेती होती थी, वह साल 2021-22 में बढ़कर 219158 हजार हेक्टेयर हो गई है। इससे तो हमें खुश होना चाहिए। क्योंकि चीन जैसे देश अपने यहां खेती योग्य जमीन की कमी को लेकर चिंतित हैं।

लेकिन एक और रिपोर्ट आई है, लैंड यूज स्टैटिस्टिक्स एट ए ग्लैंस 2012-13 टू 2021-22। इस रिपोर्ट का कहना है कि कहती है, 2018-19 से 2021-22 तक खेती योग्य जमीन का दायरा घटकर 180.62 मिलियन हेक्टेयर से घटकर 180.11 मिलियन हेक्टेयर हो गया है। यह रिपोर्ट राज्यों को सुझाती है कि औद्योगिक और निर्माण गतिविधियों आदि के लिए वे बंजर भूमि का उपयोग करें। संविधान के मुताबिक, भारत में भूमि राज्य सूची का विषय है। इसलिए राज्यों पर इसके लिए दबाव नहीं बनाया जा सकता। लेकिन दिल्ली, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश आदि के विकास को देखने से पता चलता है कि भारी मात्रा में खेती योग्य और बेहद उपजाऊ जमीन अब कंक्रीट के जंगल में बदल चुकी है। शायद यही वजह है कि अब बंजर भूमि को खेती योग्य बनाने को लेकर मांग उठने लगी है।

भारत में कुल 14 करोड़ हेक्टेयर पर नियमित खेती होती है। आज खेती की जो हालत है, जिस तरह उसमें कीटनाशकों और रासायनिक खादों का इस्तेमाल बढ़ा है, उसकी वजह से खेती की मिट्टी भी खराब हो चुकी है। अब कैंसर, ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों के लिए विशेषज्ञ रासायनिक खाद और कीटनाशक युक्त खेती को भी जिम्मेदार बता रहे हैं। पंजाब के बठिंडा से राजस्थान के जोधपुर के लिए चलने वाली विशेष ट्रेन को कैंसर ट्रेन इसीलिए कहा जाने लगा है, क्योंकि इसमें ज्यादातर यात्री जोधपुर के कैंसर अस्पताल में अपना इलाज कराने जाते हैं। जाने वाले खेती की उपज के लिए मशहूर पंजाब राज्य के लोग होते हैं। इसी लिए अब प्राकृतिक, जैविक या नो बजट खेती की मांग बढ़ रही है। इस खेती के जरिए होने वाली उपज को स्वास्थ्य वर्धक माना जाने लगा है। लेकिन खेती की मौजूदा जमीन को सुधारना एक दिन का काम नहीं है और उसे सुधारने में बहुत वक्त लगेगा। इसलिए अब मांग होने लगी है कि भारत में जो वर्जिन लैंड यानी बंजर जमीन है, उसे तैयार करके उस पर प्राकृतिक और जैविक खेती करने के लिए अनुमति मिलनी चाहिए। वैसे देश की करीब 40 फीसद आबादी अपनी आजीविका के लिए बंजर भूमि पर निर्भर है। ज्यादातर यह आबादी मुख्यतः ग्रामीण है, अशिक्षित भी है या फिर इसमें हाशिए के लोग शामिल हैं। इस सिलसिले में दिल्ली में पांच अगस्त को पूरे दिनभर का सेमिनार भी हुआ, जिसमें राजनेता, सामाजिक कार्यकर्ता और कृषि उत्पादक और कारोबारी भी शामिल हुए। हर वर्ग का मानना था कि ऐसा किया जाना भारत के स्वास्थ्य, हाशिए पर पड़े लोगों की हैसियत सुधारने और स्वास्थ्यवर्धक खाद्य सुरक्षा के लिए जरूरी है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय के 'बंजर भूमि एटलस' (2019) के अनुसार, देश में लगभग 55.76 मिलियन हेक्टेयर बंजर भूमि है, जो कुल भौगोलिक क्षेत्र का 16.96 प्रतिशत है।अगर उचित उपचार किया जाए तो लगभग 50 प्रतिशत बंजर भूमि उपजाऊ बन सकती है। इस एटलस के अनुसार राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, मिजोरम, मध्य प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और पश्चिम बंगाल की बंजर भूमि में सकारात्मक बदलाव आया है और उनमें से अधिकांश को कृषि भूमि, वृक्षारोपण और औद्योगिक क्षेत्रों आदि बनाने के लिए बदला जा रहा है।

यहां जान लेना चाहिए कि जो भूमि खाली पड़ी है,



अनुत्पादक है, या जिसका पूरी क्षमता से उपयोग नहीं हो रहा हो, जिसकी उत्पादकता कम है, आमतौर पर उसे बंजर माना जाता है। उदाहरण के अनुसार, बंजर भूमि में क्षरित वन, जलभराव वाली दलदली भूमि, पहाड़ी ढलान, अपरदन वाली घाटी, अतिचारित चारागाह और सूखाग्रस्त चारागाह शामिल हैं।

1985 में स्थापित राष्ट्रीय बंजर भूमि विकास बोर्ड यानी एनडब्ल्यूडीबी, के अनुसार बंजर भूमि को क्षरण की सीमा के आधार पर निम्नलिखित समूहों में बांटा गया है। इसमें पहली श्रेणी में सांस्कृतिक बंजर भूमि आती है, जिसका कई वजहों से फिलहाल उपयोग नहीं हो रहा, लेकिन यह भूमि उचित उपचार के बाद उपजाऊ हो सकती है। जैसे झूम खेती वाली भूमि, क्षरित चरागाह और चरागाह भूमि, क्षरित वन भूमि, क्षरित गैर-वनीय वृक्षारोपण भूमि, पट्टीदार भूमि, रेतीले क्षेत्र, खनन और औद्योगिक बंजर भूमि, नाले और बीहड़ भूमि, जलभराव और दलदली भूमि, और लवण प्रभावित भूमि इस दायरे में आती है। दूसरी श्रेणी कृषि-अयोग्य बंजर भूमि कही जाती है। इसमें वह जमीन आती है, जिसका अभी उपयोग नहीं हो रहा है, और किसी भी हालत में उपजाऊ नहीं हो सकती या यहां पेड़-पौधे नहीं उग सकते। इस श्रेणी में पथरीली, तीव्र ढलान वाली और बर्फ से ढकी जमीन आती है। कृषक समुदायों के लिए खतराः अनुमान है कि भारतीय जनसंख्या का 61.5 प्रतिशत ग्रामीण है और कृषि पर निर्भर है, और देश में 57.8 प्रतिशत ग्रामीण परिवार कृषि परिवार हैं। इसलिए, भूमि क्षरण कृषक समुदायों की स्थायी आजीविका सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। क्षरित और बंजर भूमि को पुनः प्राप्त करने के लिए आवश्यक उपाय आवश्यक हैं ताकि सामाजिक और आर्थिक कारणों से अनुपयोगी होते जा रहे क्षेत्रों को पुनः प्राप्त करके और उत्पादन क्षमता के और नुकसान को रोककर पुनः प्राप्त किया जा सके। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि भूमि संसाधन सीमित हैं।

यह कार्यक्रम 1989-90 से क्रियान्वित है। इसे 1995 से जलग्रहण विकास के लिए जारी नए दिशानिर्देशों के आधार पर क्रियान्वित किया जा रहा है, जिसमें एक आधार-से-ऊपर दृष्टिकोण, अर्थात् सामुदायिक भागीदारी दृष्टिकोण की परिकल्पना की गई है। इसकी ताकत स्थानीय पंचायती राज संस्थाओं, गैर-सरकारी संगठनों, सरकारी विभागों और स्थानीय समुदायों को शामिल करके निर्णय लेने की प्रक्रिया के विकेंद्रीकरण में निहित है। नए दिशानिर्देश जलग्रहण विकास निधि की स्थापना करके और समता संबंधी मुद्दों और उपभोक्ता अधिकार तंत्रों के निर्णय में लोगों को शामिल करके स्थायी परियोजनाओं को सुनिश्चित करने का भी प्रयास करते हैं।

वैसे बंजर भूमि को उपजाऊ और विकसित बनाने के लिए सरकारी स्तर पर कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ऐसी ही योजना है। इसके तहत मृदा अपरदन को रोकने, प्राकृतिक वनस्पति को पुनर्जीवित करने, वर्षा जल का संचयन करने और भूजल स्तर को रिचार्ज करने के लिए मिट्टी, वनस्पति आवरण और पानी जैसे खराब प्राकृतिक संसाधनों का दोहन, संरक्षण और विकास के जरिए पारिस्थितिकीय संतुलन बहाल करने की तैयारी की जा रही है।

इसके साथ ही पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के अंतर्गत 1992 में स्थापित राष्ट्रीय वनरोपण एवं पारिस्थितिकी विकास बोर्ड यानी एनएईबी भी बंजर भूमि के विकास के लिए योजनाएं चला रहा है। इसके तहत वनरोपण को बढ़ावा दिया जा रहा है। ये वनरोपण स्थानीय पारिस्थितिकीय हालात पर केंद्रित होते हैं। इसके साथ ही एकीकृत वनरोपण और पारिस्थितिकी विकास परियोजना योजना, क्षेत्रोन्मुख ईंधन लकड़ी और चारा परियोजना योजना, औषधीय पौधों सहित गैर-लकड़ी वनों का संरक्षण एवं विकास योजना, वृक्ष एवं चारागाह बीज विकास योजना आदि भी चलाई जा रही हैं। भारत की अधिकांश बंजर और अत्यधिक क्षरित भूमि पर सीमांत किसान और आदिवासी आबादी निवास करती है, उनकी आजीविका भी इसी पर टिकी हुई है।

# सोनम वांगचुक पर्यावरण कार्यकर्ता हैं या साजिशकर्ता?

## उनके आंदोलन संयोग हैं या कोई 'विदेशी प्रयोग'?

**(नीरज कुमार दुबे)**

गृह मंत्रालय ने स्थिति को शाम चार बजे तक नियंत्रण में लाने की पुष्टि की और साथ ही यह भी कहा कि पुरानी या भड़काऊ वीडियो सोशल मीडिया पर न फैलाएं। इससे यह संकेत मिलता है कि हिंसा फैलाने में सोशल मीडिया की भी बड़ी भूमिका रही।

भारत के लिए रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्र लद्दाख हाल के कुछ समय से लगातार राजनीतिक उथल-पुथल और असंतोष का केंद्र बना हुआ है। ऐसा लगता है कि कोई साजिश है जो इस क्षेत्र को लगातार गलत कारणों से सुर्खियों में रख रही है। ऐसा लगता है कुछ ताकतें हैं जो यहां असंतोष भड़काने में लगी हुई हैं। कश्मीर में पत्थरबाजी बंद होना और लद्दाख में शुरू होना कोई संयोग है या विदेशी ताकतों का प्रयोग, इस बात का पता तो जांच एजेंसियां लगा ही लेंगी लेकिन इतना तो स्पष्ट दिख ही रहा है कि स्वभाव से शांत रहने वाले इस केंद्र शासित प्रदेश में





अशांति फैलाने के प्रयास निरंतर हो रहे हैं। देखा जाये तो लद्दाख में एक दिन पहले हुई हिंसक घटनाओं ने पूरे देश को चौंका दिया, जिसमें चार लोगों की मृत्यु हो गयी और 80 से अधिक लोग घायल हो गये। खास बात यह रही कि इन घटनाओं के केंद्र में पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक का नाम एक बार फिर प्रमुखता से उभर कर सामने आया है।

हम आपको बता दें कि सोनम वांगचुक स्वयं को जलवायु कार्यकर्ता के रूप में प्रस्तुत करते हैं, लेकिन उनके बयानों और आंदोलनों ने कई बार लद्दाख में अस्थिरता पैदा की है। वर्ष 2024 में उन्होंने दिल्ली की ओर एक पदयात्रा के दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि लद्दाख को लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित किया जा रहा है और बेरोज़गारी बढ़ रही है। उनके शब्दों में, लद्दाखियों के पर काट दिए गए हैं, उन्हें लोकतंत्र नहीं दिया गया और उनके हाथ काट दिए गए हैं, क्योंकि रोजगार उपलब्ध नहीं है। ऐसे बयानों ने न केवल युवाओं में असंतोष को हवा दी बल्कि यह संदेश भी दिया कि केंद्र सरकार जानबूझकर स्थानीय लोगों को दरकिनार कर रही है। उल्लेखनीय है कि सोनम वांगचुक दिल्ली बॉर्डर पर धरना दे चुके हैं और वहाँ से लौटकर उन्होंने लद्दाख के युवाओं में आंदोलन की लहर जगाने की कोशिश की थी। आरोप है कि वह बार-बार ऐसे मंच चुनते हैं, जहाँ से उनका संदेश सीधे-सीधे लद्दाख के संवेदनशील समाज को आंदोलित करता है। बुधवार को जिस तरह से राज्य के दर्जे और 'छठी अनुसूची' की मांग को लेकर प्रदर्शन हिंसक हुआ, वह लद्दाख के हालिया इतिहास का सबसे काला दिन कहा जा सकता है। लेह की सड़कों पर कर्फ़्यू लगाना पड़ा, वाहन जलाए गए, पुलिस पर हमले हुए और अंततः सुरक्षा बलों को भीड़ पर नियंत्रण के लिए आंसू गैस छोड़नी पड़ी। देखा जाये तो यह कोई स्वस्फूर्त घटना नहीं, बल्कि लगातार चल रही असंतोष की राजनीति का परिणाम था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्थिति को शाम चार बजे तक नियंत्रण में लाने की पुष्टि की और साथ ही यह भी कहा कि पुरानी या भड़काऊ वीडियो सोशल मीडिया पर न फैलाएं।

# राष्ट्र संस्कृति से साक्षात्कार कराता पं. दीनदयाल उपाध्याय का राजनीतिक दर्शन

**भारतीय राजनीति के वृहदाकाश में दैदीप्यमान पं. दीनदयाल उपाध्याय अपने राष्ट्रीय विचारों और प्रखर चिंतक, विचारक के तौर पर लब्धप्रतिष्ठित हैं। सनातन हिन्दू संस्कृति के मुखर पक्षधर और तदानुरुप रीति-नीति के आधुनिक राजनीतिक प्रवर्तकों की अग्रगण्य पंक्ति में उनकी गिनती होती है। पंडित जी ने केवल विचार ही नहीं दिए..अपितु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और जनसंघ के माध्यम से विचारों को धरातलीय रूप भी दिया। एकात्म मानव दर्शन और अन्त्योदय जैसे मूल्य जनसंघ से होते हुए वर्तमान भाजपा की नीतियों में स्पष्ट परिलक्षित होते हैं। पण्डित जी विचारकों में प्रतिष्ठित व सुशोभित होने के साथ-साथ ही चिन्तन और दर्शन के बहुआयामी लोकल्याणकारक मान-बिन्दुओं के द्वारा नूतन प्रस्थापनाएँ करते हैं। साथ ही वैचारिक और कार्य स्तर पर कई सारी भ्रामक, अहितकारी रूढ़ियों को तोड़ते हुए भारतीयता के अनुरूप मार्ग प्रशस्त करते हैं। उनके विचार एवं दर्शन के विविध रूप हैं जिनमें उनका राजनीतिक दर्शन भी अपने आप में अनूठा है।**

**(कृष्णमुरारी त्रिपाठी अटल)**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय का विभिन्न विचारधाराओं और पश्चिमी व्यवस्थाओं को लेकर उनका गहन अध्ययन रहा है। वे व्यापक शोध एवं विश्लेषण के उपरान्त निष्कर्षतः यह कहते हैं कि -पश्चिम की नकल 'मॉडर्न' होने का प्रमाण बन गया है।

भारतीय राजनीति के वृहदाकाश में दैदीप्यमान पं. दीनदयाल उपाध्याय अपने राष्ट्रीय विचारों और प्रखर चिंतक, विचारक के तौर पर लब्धप्रतिष्ठित हैं। सनातन हिन्दू संस्कृति के मुखर पक्षधर और तदानुरुप रीति-नीति के आधुनिक राजनीतिक प्रवर्तकों की अग्रगण्य पंक्ति में उनकी गिनती होती है। पंडित जी ने केवल विचार ही नहीं दिए..अपितु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और जनसंघ के माध्यम से विचारों को धरातलीय रूप भी दिया। एकात्म मानव दर्शन और अन्त्योदय जैसे मूल्य जनसंघ से होते हुए वर्तमान भाजपा की नीतियों में स्पष्ट परिलक्षित होते हैं। पण्डित जी विचारकों में प्रतिष्ठित व सुशोभित होने के साथ-साथ ही चिन्तन और दर्शन के बहुआयामी लोकल्याणकारक मान-बिन्दुओं के द्वारा नूतन प्रस्थापनाएँ करते हैं। साथ ही वैचारिक और कार्य स्तर पर कई सारी भ्रामक, अहितकारी रूढ़ियों को तोड़ते हुए भारतीयता के अनुरूप मार्ग प्रशस्त करते हैं। उनके विचार एवं दर्शन के विविध रुप हैं जिनमें उनका राजनीतिक दर्शन भी अपने आप में अनूठा है। उनके राजनीतिक दर्शन के मूल में भी -'राष्ट', संस्कृति, धर्म, उच्च आदर्श और समाज है। वे स्पष्ट उद्घोषणा करते हैं कि 'राजनीति राष्ट के लिए' ही होनी चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की संकीर्णता या स्वार्थ प्रेरित हित लाभ के दृष्टिकोण-अराष्ट्रीय प्रवृत्ति एवं भारत की राष्ट्रीयता के लिए एक प्रकार का खतरा ही हैं। वे राजनीतिक शुचिता व राजनीति, दल, विचारधारा के मूल में राष्ट्रोन्नति और जनकल्याण को ही रखते हैं। येनकेन प्रकारेण सत्ता प्राप्ति , अवसरवादिता और मूल्यों से पृथक राजनीति को तिलाञ्जलि देते हैं।

पं. दीनदयाल उपाध्याय एक श्रेष्ठ चिंतक-विचारक होने के साथ सजग थे। उन्होंने भारत ही नहीं बल्कि विश्व परिदृश्य में गहरा हस्तक्षेप करने वाली विचारधाराओं का गहन अध्ययन किया था। भारतीय दृष्टि के आधार पर उनका विश्लेषण और मीमांसा की थी।वे भारतीय राजनीति और वैश्विक राजनीति में अपना



प्रभाव रखने वाली विचारधाराओं की तात्विक समीक्षा करते हुए उनका नीर-क्षीर विवेचन करते हैं। साथ ही स्वातन्त्र्योत्तर काल के उपरान्त पश्चिमी प्रभाव से ग्रस्त राजनीतिज्ञों की 'स्वदेशी' की ओर न देखकर पश्चिम के अन्धानुकरण की प्रवृत्ति का विरोध करते हैं। पश्चिमी अन्धानुकरण की प्रवृत्तियों को पंडित जी भारत और भारतीयता के लिए आत्मध्वन्सात्मक बतलाते हैं। उनके मतानुसार - आधुनिक पाश्चात्य देशों का उदय केवल पाँच सौ से सात सौ वर्षों की अवधि के पूर्व ही हुआ है, किन्तु भारत हजारों वर्षों से आसेतु हिमालय की भाँति एक उत्कृष्ट राष्ट के रूप में अवस्थित है। अतएव वे पाश्चात्य देशों की कसौटी और उनके निष्कर्षों पर भारत के आँकलन और अनुकरण करने को न्यायसंगत नहीं मानते हैं। दीनदयाल जी का मानना था कि जो हमारा है उसे समयानुकूल बनाया जाए तथा जो विदेशी है, उसे राष्टानुकूल बनाया जाए। वे भारतीय समाज में केवल विदेशी होने के कारण श्रेष्ठताबोध और भारतीय होने के कारण उसे उपेक्षित और नकारने की दुष्प्रवृत्ति का विरोध करते हैं।

चूँकि राजनीतिक अन्धानुकरण के चलते स्वातंत्र्योत्तर भारत में पराजयबोध, हीनभावना की व्याप्ति अकादमिक स्तर पर क्रमशः स्थापित की गई। इसलिए वे इस पर तीक्ष्ण प्रहार करते हुए कहते हैं स्वत्व एवं स्वाभिमान का मेरुदण्ड सीधा तना न हो तो विश्व में भौतिक दृष्टि से बलशाली, प्रभावशाली,विजयशाली तथा वैभवशाली माने जाने वाले राष्टों का अनुसरण करने की प्रवृत्ति बल पकड़ती है। अपने पिछड़े और दरिद्र समाज से लज्जा आने लगती है। यह अनुसरण बड़ी बातों से लेकर छोटी-छोटी दैनिक बातों तक छनता चला आता है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय का विभिन्न विचारधाराओं और पश्चिमी व्यवस्थाओं को लेकर उनका गहन अध्ययन रहा है। वे व्यापक शोध एवं विश्लेषण के उपरान्त निष्कर्षतः यह कहते हैं कि -पश्चिम की नकल 'मॉडर्न' होने का प्रमाण बन गया है। यह चहुँमुखी अनुकरण ठीक नहीं, क्योंकि पश्चिमी चिन्तन और व्यवस्था मानव कल्याण में असफल रही है। आगे वे मैकॉले शिक्षा प्रणाली और उसके दुष्प्रभाव पर कहते हैं किसी ने स्वदेशी पर जोर दिया तो उसे असभ्य बता दिया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### विशुनपुर में पुलिस ने जेजेएमपी के सब जोनल समेत तीन उग्रवादियों को किया ढेर

**गुमला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के घाघरा-विशुनपुर थाना क्षेत्र के सीमा क्षेत्र में स्थित समीप केचकी रुगड़ीटोली जंगल में पुलिस व झारखंड जगुवार के जवानों का जेजेएमपी के उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस घटना में जेजेएमपी के तीन उग्रवादी मारे गये, जबकि दो उग्रवादी भागने में सफल रहे। यह घटना आज सुबह करीब 6.30 बजे हुई,और घटना स्थल जिला मुख्यालय से करीब 60 किमी दूर स्थित है। यह गांव घनघोर जंगल में पहाड़ी की तलहटी में आबाद है। गांव में महज 10 घर हैं। मारे गये उग्रवादियों की पहचान लालू लोहरा बसारटोली सेन्हा लोहरदगा,सुजीत उरांव रोरेद लोहरदगा और छोटू उरांव उर्फ सतेंद्र उरांव होसिर लातेहार के रूप में हुई है। इनमें से लालू लोहरा जेजेएमपी के सब जोनल कमांडर है,जबकि सुजीत उरांव व छोटू उरांव को एरिया कमांडर बताया जा रहा है।

### गुमला में चैंबर और एसबीआई की बैठक

**गुमला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैंबर ऑफ कॉमर्स और एसबीआई मुख्य शाखा के प्रबंधक की अध्यक्षता में बुधवार को बैंक परिसर में व्यापारियों के साथ आम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बैंक प्रबंधक संदीप कुमार ने की। बैठक में चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने बैंक प्रबंधक को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान व्यापारियों ने विभिन्न समस्याओं और मुद्दों पर चर्चा की। विशेष रूप से दस रुपए के नोट और सिक्कों की दुकानों तक सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने की अपील भी की गई। बैठक में सत्येंद्र तिवारी, दिवाकर प्रसाद सिंह, रंजीत कुमार, मुकुल जोजो, रमेश कुमार चीनी, राजेश लोहानी, प्रणय साहू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल और इम्तियाज मिनी सहित कई व्यापारी और प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### शहर में संचालित जलापूर्ति योजनाएं नप को होंगी ट्रांसफर

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विकास समन्वय समिति की बैठक डीसी डा कुमार ताराचंद ने सभी तकनीकी व गैर-तकनीकी अधिकारियों के साथ समाहरणालय सभाकक्ष में की। जिले की जर्जर और क्षतिग्रस्त सड़कों की तत्काल मरम्मत का निर्देश डीसी ने इंजीनियरों को दिया ताकि आमजनों और पर्व-त्योहारों में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लोहरदगा को अपने सभी सिंगल विलेज स्कीम का सर्टिफिकेशन कराने और नगर परिषद क्षेत्र में संचालित पीएचईडी की योजनाओं को नगर पर्षद लोहरदगा को हस्तांतरित करने का निर्देश दिया। पेशरार के सुदूर क्षेत्र में ग्रामीणों को पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने हेतु अनाबद्ध निधि से चयनित योजनाओं का प्राक्कलन तैयार करने को कहा पूर्व में निर्मित योजनाएं जो खराब पड़ी हैं उनकी मरम्मति के लिए प्राक्कलन तैयार करने को कहा ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा डीएमएफटी व अनाबद्ध निधि से बनाई जा रही सड़कों का की समीक्षा की गई और उन योजनाओं को पूरा करने का समय दिया गया। राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल को कुडु से घाघरा पथ के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण योजना में अधिग्रहित की गई भूमि के रैयतों को भुगतान करने का निर्देश दिया गया।

### हाटगम्हरिया में टैंकर पलटा, बर्तन व बाल्टी में डीजल ले गये ग्रामीण



**हाटगम्हरिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र में हाटगम्हरिया-जैंतगढ़ मार्ग पर कुइड़ा गांव के पास करीब छह बजे एक डीजल टैंकर पलट गया. इससे डीजल सड़क पर बहने लगा. इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण बाल्टी, बर्तन व डिब्बों में डीजल भरकर चलते बने. घटना में टैंकर का चालक व खलासी बाल-बाल बच गये. इसकी सूचना थाना को दी गयी. पुलिस ने पहुंचकर स्थानीय लोगों को हटाया. इसके बाद टैंकर को घेर दिया गया. बाद में जेसीबी लाकर टैंकर को उठाया गया. बताया गया कि डीजल टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इसके बाद सैकड़ों लीटर डीजल सड़क पर बह गया. लोगों ने देखा, तो बर्तन, बाल्टी, डेकची, ड्रम लेकर पहुंचे. डीजल भरकर चलते बने.

### आत्मनिर्भरता सशक्त भारत की आधारशिलाः गंगोत्री कुजूर

**सिमडेगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा के द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के संयोजक गंगोत्री कुजूर एवं सहसंयोजक नीलकंठ सिंह मुंडा उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक गंगोत्री कुजूर ने कहा की आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना सशक्त भारत का आधारशिला है, आत्मनिर्भर भारत केवल एक अभियान नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक के सशक्तिकरण का माध्यम है। इसका उद्देश्य गांव गरीब किसान युवा और महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत एवं संपन्न बनना है। कार्यक्रम में नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा की आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी सरकार होगा जब हमारा संगठन जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए आम नागरिक तक सरकारी योजनाओं और आत्मनिर्भर भारत के संदेश को पहुंचाएगी। स्वागत भाषण करते हुए आत्मनिर्भर भारत के जिला संयोजक श्रद्धानंद बेसरा ने कहा कि गांव किसान और युवाओं का आत्मनिर्भर बनाना ही सच्चे अर्थ में राष्ट्र को सशक्त बनाना है। मौके पर जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव, रवि गुप्ता, सोनी पैंकरा, सुजान मुंडा, अनूप प्रसाद, अनूप केशरी, श्री लाल साहू, सुषमा देवी, दीपनारायण दास, करन सिंह, सत्यनारायण प्रसाद, सुरजन बड़ाईक, रामकृष्ण महतो, रमेश कुमार, कंचन रानी एक्का, सुभाष महतो, किशोर कुमार सिंह, कुसुम केरकेट्टा सहित अन्य भाजपा पदधारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रज्ञा केंद्र संचालकों को नियमित करने की मांग

**सिमडेगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ के बैनर तले जिले के प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद से मुलाकात की। मुखिया शिशिर टोप्पो के नेतृत्व में मंत्री से मिलने गए प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने अपने विभिन्न समस्याओं को सरकार के समक्ष रखा। मौके पर मुखिया शिशिर टोप्पो ने प्रज्ञा केंद्र संचालकों के नियमितीकरण करने की मांग की। इसके अलावे उन्होंने सिमडेगा जिला में जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों में गड़बड़ी की भी शिकायत की। उन्होंने जिले के कोचेडेगा गांव में बने जलमिनार को भी चालू करने की मांग की। ताकि सरकार की योजना का लाभ ग्रामीणों को मिला सके।

### टाटा स्टील ने स्लैग देने से किया इनकार, कहा प्रदूषण बोर्ड ने लगाई है रोक

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ठाकुर प्यारा सिंह धुरंधर सिंह क्लब जमशेदपुर के संरक्षक अभय सिंह आरोप लगाया है कि टाटा स्टील ने पूजा पंडालों के आसपास गडढ़े भरने के लिए स्लैग देने से इनकार कर दिया है। उनका आरोप है कि टाटा स्टील के अनुसार स्लैग देने पर प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने तीन दिन पहले रोक लगा दी है। उसका कहना है कि स्लैग से प्रदूषण फैलता है। इस मामले में अभय सिंह का कहना है कि यह बात स्पष्ट होनी चाहिए कि क्या सड़क बनाने के लिए दुर्गा पूजा के बाद बोर्ड एनओसी प्रदान कर देगा या यह रोक हमेशा के लिए लगा दी गई है। उन्होंने इस मामले में उपायुक्त से सकारात्मक पहल करने की अपेक्षा की है ताकि समस्या का समाधान हो सके। अभय सिंह का कहना है कि इस बार मौसम प्रतिकूल होने की वजह से पंडालों के पास जल जमाव हो रहा है। चूंकि आपदा बोलकर नहीं आती, इसलिए सभी पूजा समितियां इस समस्या से जूझ रहीं हैं। ऐसे में स्लैग मिल जाने से गड्ढों को भर दिया जाता तो श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए आने-जाने में परेशानी नहीं होती। परंतु टाटा स्टील के मना करने से समस्या पैदा हो गई है। भाजपा नेता ने यह भी सवाल उठाया है कि पिछले दिनों गालूडीह स्थित डंपिंग यार्ड से 100 फीट की दूरी पर स्थित एक निजी तालाब है। कुछ दिन पहले भारी वर्षा में यार्ड का स्लैग और उससे निकला पानी उस तालाब में घुस गया। तब पूरे गांव के लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया था, उस समय प्रदूषण विभाग के लोग कहां थे?

### लव जिहाद और धर्मांतरण के खिलाफ कड़े रुख की जरूरत : लक्ष्मी नारायण

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोहरदगा के कुडू पड़हा भवन में पड़हा की बैठक मंगरा भगत की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुख्य रूप से जिला राजी पड़हा के बेल लक्ष्मी नारायण भगत एवं बुद्धेश्वर भगत उपस्थित थे। इसमें धर्म और समाज से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। लक्ष्मी नारायण भगत ने कहा कि आज हमारे समाज में कई तरह की विसंगतियां पांव पसार रही हैं। जिसके कारण रूढ़ि प्रथा एवं परंपरा का विघटन हो रहा है। लोग नशे का शिकार हो रहे हैं। आपसी विवाद एवं राजनीति के चक्कर में पड़कर परिवार और समाज का नुकसान कर रहे हैं। इससे समाज को बचाना पड़ेगा। इसके लिए सभी को आदिवासी संगठन पड़हा के साथ विचार कर सामूहिक रूप से समाज सुधार के लिए एक साथ काम करना होगा।

# आपदा के समय घबराने की बजाय धैर्य बनाए रखें : आपदा प्रबंधन पदाधिकारी

## पूजा पंडालों में आपदा से निपटने के लिए किया गया मॉक ड्रिल





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर सेक्टर-2सी एवं सेक्टर- 9 वैशाली मोड़ स्थित पूजा पंडालों में आपदा से निपटने के लिए मॉक ड्रिल आयोजित किया गया। इस दौरान सेक्टरझ2सी पूजा पंडाल में जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार एवं सेक्टर-9 वैशाली मोड़ पूजा पंडाल में कार्यपालक दंडाधिकारी चास जया कुमारी ने मॉक ड्रिल का नेतृत्व किया। साथ ही अग्निशामक द्वारा आग बुझाने का व्यवहारिक प्रदर्शन भी किया गया एवं आपात स्थिति में घायल व्यक्ति को स्ट्रेचर एवं स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित स्थान तक पहुँचाने का भी अभ्यास कराया गया। मौके पर जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, सिविल डिफेंस के डिविजनल वार्डन डॉ एसपी वर्मा, कार्यपालक दंडाधिकारी चास जया कुमारी, अग्निशामक पदाधिकारी भगवान ओझा, मेडिकल टीम सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का मुख्य इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पूजा के दौरान भीड़भाड़ में यदि कोई आपदा घटे, तो लोग तैयार रहें और जान-माल का नुकसान कम से कम हो। मालूम हो कि दुर्गा पूजा जैसे बड़े पर्व के दौरान संभावित आपदा से बचाव और त्वरित कार्रवाई को लेकर यह मॉक ड्रिल किया गया, जिसमें पंडाल समिति के सदस्य एवं आमजन शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन दल द्वारा आग लगने की स्थिति में तुरंत नियंत्रण पाने का लाइव प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा टीम ने यह भी दिखाया कि भीड़भाड़ की स्थिति में कैसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जाए। घायल व्यक्ति को स्ट्रेचर की मदद से अस्पताल तक पहुंचाने की प्रक्रिया का भी अभ्यास कराया गया।

**आपदा के समय घबराने के बजाय धैर्य बनाए रखें –**

जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार ने मौके पर मौजूद लोगों को आपदा के समय घबराने के बजाय धैर्य बनाए रखें और निर्धारित सुरक्षा उपायों का पालन करने की सलाह दी। साथ ही यह भी बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा लगातार ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

**बेहोशी की स्थिति में अगर नब्ज चल रहा हो तो घबराए नहीं, मरीज के दोनों पैर को हार्ट लेबल से ऊंचा कर दे**

नागरिक सुरक्षा टीम के सदस्यों ने पंडाल संचालकों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में घबराने के बजाय प्रशिक्षित तरीकों को अपनाएँ, जिससे बड़े हादसे से बचा जा सके। वही मौके पर अश्विनी झा नामक व्यक्ति को अचेतावस्था की स्थिति से होश में लाया गया, जिसे सिविल डिफेंस के टूम्पा कुमारी एवं डॉ करण ने सी पी आर देकर जान बचाने का कार्य किया। इसके बाद डॉ एस पी वर्मा ने सैंकड़ों की संख्या में मौजूद लोगों को होश में लाने के उपाय एवं सी पी आर के बारे मे विस्तार से बताया, और यह भी कहा की ऐसी बेहोशी की स्थिति में अगर नब्ज चल रहा हो तो घबराए नहीं मरीज के दोनों पैर को हार्ट लेबल से ऊंचा कर दे और चेहरे पर साधारण पानी का छींटा मारे इसके बाद रोगी को रिकवरी पोजीशन में रख दें।

**कंबल व दो लाठी की मदद से शय्या (स्ट्रेचर) बनाया गया–**

सिविल डिफेंस के डिवीजनल वार्डन डॉ एसपी वर्मा ने संयुक्त रूप से घायल व्यक्ति को कंबल व दो लाठी की मदद से शय्या (स्ट्रेचर) को बनाने की तरीकों को समझाया गया तथा घायल व्यक्ति को ले जाने की तरीकों को भी डेमो के माध्यम से बताया गया। साथ ही अग्निशामक विभाग द्वारा आग पर कैसे काबू करना है यह भी डेमो के माध्यम से बताया गया। साथ ही अग्निशामक संयंत्र का कैसे उपयोग करना है यह भी उनके टीम द्वारा विस्तार से बताया। मौके पर प्रशासनिक पदाधिकारी, अग्निशमन विभाग के कर्मचारी, पूजा पंडाल आयोजक समिति के सदस्य तथा नागरिक सुरक्षा टीम के सदस्य उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय श्रमदान कार्यक्रम के अंतर्गत बीएसएल में 'एक दिन, एक साथ, एक घंटा'

## स्वच्छता अभियान का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत सरकार की स्वच्छता ही सेवा पहल के तहत स्वच्छोत्सव 2025 एवं राष्ट्रीय श्रमदान कार्यक्रम के अंतर्गत बोकारो इस्पात संयंत्र में विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत 'एक दिन, एक साथ, एक घंटा' स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बीएसएल के चार प्रमुख स्थल यथा प्लांट परिसर, प्रशासनिक भवन, बोकारो जनरल अस्पताल तथा सिटी सेंटर, सेक्टर-4 में एक साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया. अभियान में बीएसएल के शीर्ष प्रबंधन, वरीय अधिकारी, कर्मचारी, संविदा कर्मी तथा सफाई मित्रों ने स्वच्छता शपथ लेने के उपरांत सक्रिय रूप से भाग लेते हुए सामूहिक श्रमदान किया और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुँचाया. प्रशासनिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) चित्तरंजन मिश्रा तथा अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनिष सेनगुप्ता सहित वरीय अधिकारी,कर्मचारी एवं सफाई मित्रों ने श्रमदान किया। वहीं, बोकारो स्टील प्लांट परिसर में अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक एवं बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने श्रमदान अभियान में भाग लिया. बोकारो जनरल अस्पताल में मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. विभूति भूषण करुणामय के नेतृत्व में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने स्वच्छता अभियान में योगदान दिया. सिटी सेंटर, सेक्टर-4 में मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में नगर प्रशासन विभाग की टीम, नगरवासी तथा सफाई मित्रों ने सामूहिक श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया और लोगों को 'एक दिन, एक साथ, एक घंटा' के संकल्प से जुड़ने के लिए प्रेरित किया. बीएसएल द्वारा आयोजित इस अभियान का उद्देश्य केवल कार्यस्थल एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई तक सीमित नहीं था, बल्कि कर्मचारियों, उनके परिवारजनों एवं समाज के सभी वर्गों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा स्वच्छता को जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने की दिशा में ठोस पहल करना भी रहा. बोकारो इस्पात संयंत्रमें कर्मियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल के तहत अधिशासी निदेशक (संकार्य) भवन स्थित कैंटीन का नवीनीकरण कर उसे आधुनिक स्वरूप प्रदान किया गया है. आकर्षक रूप एवं नई सुविधाओं से सुसज्जित इस कैंटीन 'आहारिका' का उद्घाटन बीएसएल के अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन के द्वारा किया गया.

# बाहर और मन में गंदगी नहीं रहने दें, सफाईकर्मियों का करें सम्मान : उपायुक्त



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंदगी सिर्फ़ सड़क पर नहीं होती, कभी-कभी यह हमारे मन में भी बैठ जाती है। बाहर और भीतर - दोनों जगह से इसे हटाना ही सच्ची स्वच्छता है। - यह संदेश गुरुवार को देते हुए उपायुक्त अजय नाथ झा ने स्वच्छता पखवारा के तहत नमामि गंगे योजना अंतर्गत जिले में चलाए गए एक दिन-एक घंटाझएक साथ स्वच्छता अभियान का नेतृत्व करते हुए किया। उन्होंने कहा कि सफाईकर्मी दिन-रात हमारी सेवा करते हैं, उन्हें सम्मान देना ही सच्ची कृतज्ञता है। सफाईकर्मियों के लिए यह सम्मान मन से आना चाहिए। जिस तरह ईश्वर के समक्ष हम अपना सिर झुका लेते हैं,वैसे ही सफाई कर्मियों के समक्ष भी हमें अपना सिर झुकाना चाहिए। कहा कि सफाईकर्मी समाज के अदृश्य नायक हैं। जब हम त्योहार मनाते हैं, तो वही हमारे लिए रात-रात भर जागकर सड़कें और गलियां साफ करते हैं। ऐसे लोगों का सम्मान करना ही स्वच्छता अभियान की असली आत्मा है।

**जब पदाधिकारियों ने हाथों में थामी झाड़ू**

आज का नजारा आम दिनों से अलग था। समाहरणालय परिसर में उपायुक्त अजय नाथ झा, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर मेनका आदि स्वयं झाड़ू लेकर खड़े थे। उनके साथ सभी अधिकारी और कर्मचारी भी सफाई में जुट गए। इस दृश्य ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता किसी पद या जिम्मेदारी से नहीं, बल्कि मन की इच्छा और आदत से आती है। ह्यएक दिनझएक घंटाझएक साथह्ण अभियान के तहत समाहरणालय परिसर सहित अनुमंडल एवं प्रखंडों के विभिन्न कार्यालयों में भी कार्यालय प्रधान की अगुवाई में सफाई अभियान चलाया गया।

**स्वयं कार्यालय और घर के आस-पास करें सफाई**

मौके पर उपायुक्त ने सभी से आह्वान किया कि वे न केवल अपने कार्यालय बल्कि घर के आस-पास भी नियमित साफ-सफाई करें तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कहा कि स्वच्छता कोई एक दिन का उत्सव नहीं, यह जीवनभर की साधना है। अगर हम सब मिलकर साल भर में सिर्फ 100 घंटे अपने आस-पास की सफाई में लगाएं, तो यह शहर और गांव हमेशा साफ-सुथरे रहेंगे।

**अमृत पार्क समीप गूंजी स्वच्छता शपथ की आवाज**

गरगा पुल समीप अमृत पार्क समीप में जब काफी संख्या में लोग एक साथ खड़े होकर स्वच्छता शपथ ले रहे थे, तो पूरा वातावरण गूंज उठा। उपायुक्त अजय नाथ झा ने स्वच्छता भियान में शामिल छात्र-छात्राओं, पदाधिकारियों, कर्मियों और समाजसेवियों को यह संकल्प दिलाया कि वे केवल खुद ही नहीं, बल्कि कम-से-कम 100 अन्य लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करेंगे। ताकि, 100 घंटे अपने घर-परिसर, कार्यालय एवं समाज की स्वच्छता के लिए दें। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, एनडीसी प्रभाष दत्ता, डीएसओ शालिनी खालखो, डीपीआरओ रवि कुमार, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, एसएओ पंकज दूबे, पीओ माणिकचंद्र प्रजापति, नमामि गंगे के पीओ प्रीतम समेत सभी कार्यालयों के अधिकारी झ कर्मी उपस्थित थे। स्वच्छता अभियान में सीआरपीएफ बोकारो यूनिट, चास नगर निगम, जीजीपीएस एडुकेशनल सोसाइटी टेकनिकल कैंप्स, विभिन्न विद्यालयों के छात्र - छात्राएं, स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधि, आम जन आदि शामिल हुए। उधर, अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा झ एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ एवं सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी झ अंचलाधिकारी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

**सूचना भवन परिसर में भी चला स्वच्छता अभियान**

उपायुक्त के निदेर्शानुसार सूचना भवन परिसर में भी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी (डीपीआरओ) रवि कुमार झ सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी (एपीआरओ) अविनाश कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यालय कर्मियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। पूरे परिसर की साफ झ सफाई टीम वर्क के साथ किया गया। मौके पर डीपीआरओ ने कार्यालय परिसर में नियमित साफ झ सफाई की बात कहीं।

# हमारे स्वास्थ्य के लिए अमृत की तरह गुणकारी है आयुर्वेद



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आयुर्वेद दिवस' के अवसर पर 'स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान' द्वारा बोकारो के पर्यावरण-मित्र आश्रम में 'हमारा स्वास्थ्य और आयुर्वेद' विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। ज्ञात हो कि आयुर्वेद दिवस के रूप में केंद्र सरकार द्वारा घोषित कर इसके महत्व को जनजन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। संस्थान द्वारा इस पुनीत कार्य के लिए देश के प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष रघुवर प्रसाद ने तथा संचालन महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल' ने किया। आयुर्वेद के ऊपर प्रकाश डालते हुए संस्थान के उपाध्यक्ष वैद्य गणेश साव ने अडूसा, गिलोय, कचनार, कंटकारी, सरफूंका, अपामार्ग जैसी अनेकों औषधीय पौधों के विषय में बताते हुए कहा कि आयुर्वेद हमारे स्वस्थ के लिए अमृत की तरह गुणकारी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आयुष चिकित्सक डॉ. पूर्णेंदु गोस्वामी ने कहा कि सरकार द्वारा आयुर्वेद को जन सुलभ और सस्ता इलाज के रूप में लोगों के लिए उपलब्ध कराने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। वैद्य राजेश पाठक ने कहा कि आज आयुर्वेद पर अनेक शोध हो रहे हैं और अनेकों औषधियां बनाई जारही हैं जो रामबाण की तरह काम कर रही हैं। मुकुल ने कहा कि विदेशी आक्रांताओं तथा विदेशी चिकित्सा पद्धतियों ने आयुर्वेद के ज्ञान और इसकी पुस्तकों को नष्ट करने का काम किया है, साथ ही इसके विषय में भ्रामक प्रचार कर इस चिकित्सा पद्धति को बहुत ही नुकसान किया है। आज की संगोष्ठी में रघुवर प्रसाद, शशि भूषण ओझा 'मुकुल', वैद्य गणेश साव, डॉ. पूर्णेंदु गोस्वामी, वैद्य राजेश पाठक, उमेश शर्मा, मृणाल चौबे, ब्रजेश मिश्र शप्पू, अजीत भगत, मनीष झा, डी के त्रिवेदी, अनुराग मिश्र, ललित कुमार, कुंदन उपाध्य, रोहित सिंह, वीरेंद्र मिश्र, यू सी दुबे सहित कई विशिष्ट लोगों ने अपना विचार व्यक्त करते हुए आज के समय में आयुर्वेद की महत्ता पर प्रकाश डाला।

# धनबाद पुलिस को मिली 68 नई पेट्रोलिंग बाइक



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस को विधि-व्यवस्था संधारण और अपराध नियंत्रण के लिए एक नई ताकत मिली है। पुलिस केंद्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसएसपी प्रभात कुमार ने 68 पेट्रोलिंग बाइकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नई लॉन्च हुई बाइकों में से 60 बाइक जिले के विभिन्न थानों को आवंटित की गई हैं, जबकि 8 बाइक ट्रैफिक पुलिस को सौंपी गई हैं। इन पेट्रोलिंग बाइकों पर 24 घंटे तीन शिफ्टों में गश्त की व्यवस्था की गई है। हर बाइक पर एक पदाधिकारी के साथ एक जवान तैनात रहेंगे, जो थाना क्षेत्र में निरंतर गश्त करेंगे।एसएसपी ने बताया कि पेट्रोलिंग बाइकों की तैनाती से अपराध नियंत्रण, सड़क सुरक्षा और आम लोगों की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी। खासतौर पर दुर्गा पूजा जैसे त्योहारों के दौरान भीड़भाड़ और संवेदनशील इलाकों में इन बाइकों से त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी। बता दें कि पिछले जून महीने में भी सिटी हॉक्स पेट्रोलिंग की शुरूआत की गई थी जिसके तहत 50 बाइक मुहैया कराया गया था। धनबाद पुलिस का मानना है कि इसी कड़ी में 68 और नई बाइक के शामिल होने ने कानून-व्यवस्था की स्थिति और अधिक सुदृढ़ होगी तथा आम जनता में सुरक्षा की भावना और विश्वास कायम होगा।

### पहले भर्ती, फिर सृजन, नहीं तो ब्लैकआउट करेंगे बिजली कर्मी

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की राज्यस्तरीय बैठक में लोहरदगा के बिजली कर्मी शामिल हुए। लोहरदगा जिला अध्यक्ष मंजूर अंसारी की अगुवाई में रजी अंसारी, माजुल अंसारी, प्रकाश दीप, कृष्णा उरांव, धनंजय, बशीर और बेलाल रांची में हुई बैठक में लोहरदगा जिले का प्रतिनिधित्व किया। इसमें केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने एरिया बोर्ड और ट्रांसमिशन जोन के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में लगभग 7000 मानव दिवस कर्मी एजेंसी के माध्यम से कार्यरत हैं। जो निगम के कुल कर्मचारियों का 80 प्रतिशत हिस्सा हैं। बैठक में यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक ऊर्जा विकास निगम 80 प्रतिशत रिक्त पदों पर नियमित बहाली नहीं करता, तब तक नए पद सृजित नहीं होंगे।

# आरएसएस के विजयादशमी उत्सव पर कार्यक्रमों का आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) शताब्दी वर्ष के अवसर पर विजयादशमी उत्सव आज चौथे दिन भी जारी रहा। गुरूवार को बोकारो महानगर के गुरू गोविंद सिंह नगर (सेक्टर 1, 2 एवं 3) के 'सेक्टर 3ए' बस्ती, दयानंद नगर (सेक्टर 4, 5 एवं 6), के 'सेक्टर 6सी' बस्ती, महर्षि अरविंद नगर (बालीडीह), सिद्धू-कान्हू नगर (चास) के 'डाबरटूपरा' बस्ती में विजयादशमी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दयानंद नगर (सेक्टर 4, 5 एवं 6), के 'सेक्टर 6सी' बस्ती में आज प्रातः उत्सव कार्यक्रम हायर सेकेंडरी सकूल, सेक्टर 6डी में संपन्न हुए जिसमें सर्वप्रथम विभिन्न प्रकार के शस्त्र का पूजन महानगर सह संघचालक मा0 सरयु प्रसाद गोस्वामी, नगर संघचालक मा परमेश्वर लाल वर्णवाल द्वारा किया गया। इसके उपरांत उपस्थित पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों द्वारा शस्त्र पूजन किया गया। सुभाषित, अमृत वचन के पश्चात मा सरयु प्रसाद गोस्वामी द्वारा बौद्धिक हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य शिक्षक आदित्य कुमार, प्रार्थना वाचक आदर्श कुमार, सेक्टर 6सी बस्ती पालक रंजीत पाण्डेय, महानगर सह व्यवस्था प्रमुख मोहनन नायर, प्रशांत कुमार, पानू कुम्कार, दीनदयाल शर्मा, त्रिलोचन दत्ता, परिणव कुमार, मिथिलेश कुमार आदि अनेक स्वयंसेवक मौजूद थे। गुरू गोविंद सिंह नगर (सेक्टर 1, 2 एवं 3) के 'सेक्टर 3ए' बस्ती के निर्धारित कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर संघचालक कालीपद जी, बौद्धिककर्ता संदीप तिवारी, मुख्य शिक्षक मिथिलेश कुमार, प्रार्थनावाचक शत्रुन्जय कुमार, नगर पालक आलोक कुमार सिंह, सेक्टर 3ए बस्ती पालक विशाल कुमार सिंह, सुधीर कुमार, मुखराम सिंह आदि अनेक स्वयंसेवक मौजूद थे। सिद्धू-कान्हू नगर (चास) के 'डाबरटूपरा' बस्ती के निर्धारित कार्यक्रम में मुख्य रूप से बौद्धिक कर्ता शाधु शरण, मुख्य शिक्षक आयुश कुमार, प्रार्थनावाचक राहुल कुमार, नगर पालक सुधीर कुमार, 'डाबरटूपरा' बस्ती पालक महाराज सिंह चौधरी आदि अनेक स्वयंसेवक मौजूद थे। बौद्धिकर्ताओं ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संघ के 100 वर्षों तक राष्ट्र साधना किए गए कार्यों का वर्णन किया तथा संघ के स्वयंसेवकों के लिए 'राष्ट्र प्रथम' है इस विषय संबंध में विस्तार से क्रमानुसार प्रकाश डाला। संघ शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के विषय में बताते हुए कहा कि समाज से प्रत्यक्ष जुड़ाव को विशेष महत्व दिया गया है। आगमी वर्षभर चलने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। संघ द्वारा निर्धारित 'पंच प्रण' पर चर्चा करते हुए 'स्व के भाव', 'कुटुंब प्रबोधन', 'सामाजिक समरसता', 'पर्यावरण' और 'नागरिक कर्तव्यों' के संबंध में बताया।

# विधायक ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जमुआ विधायक मंजू कुमारी ने चुंग लो तथा झारखंडी गांव पहुंचकर दोनों जगहों पर नए लगे दो सो केबी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन फीता काटकर तथा नारियल फोड़कर किए इस दौरान विधायक ने इस सफर में कई जगहों के पूजा पंडालों में स्थापित प्रतिमा स्थल पहुंचकर वहां के विधि व्यवस्था का भी जानकारी लिए तथा पूजा समिति सदस्यों से मिलकर मेला दौरान सुरक्षा व्यवस्था की भी अवलोकन किए।

झारखंड धाम तारा चुंगलो के पूजा स्थल पर विजया दशमी अवसर पर क्षेत्र के लोग काफी संख्या में लोग पहुंचते है और श्रद्धा से माता रानी का दर्शन करते है इस परस्थिति में पुलिस प्रशासन की मांग समिति के लोगो ने किए विधायक ने पुलिस बल को मेला स्थल पर तैनात के लिए भरोसा दिए लोगो ने कार्यक्रम में विधायक से धुर गड़ गी एवं झारखंडी बिजली फीडर मिस्त्री पर गंभीर आरोप लगाया गया कहा बिजली।मिस्त्री लोगो से बिजली खराबी पर मोटी राशि की उगाही करते है नहीं देने पर बिजली काट दी जाती है विधायक ने इस आरोप पर काफी नाराजगी जताई और इस दिशा पर बिजली अधिकारी से बात कर करवाई का भरोसा दिया इधर कार्यक्रम में शामिल।मंडल अध्यक्ष गंगाधर वर्मा ,मुखिया आशुतोष कुशवाहा ,मुखिया विकास मंडल , पूर्व मुखिया पति विवेकानंद सिन्हा, विवेक आनंद विवेक वर्मा, पंचायत समिति राजेश वर्मा, किशोरी वर्मा, बीरेंद्र वर्मा , पप्पू वर्मा जगदीश वर्मा, आदि मौजूद रहे।



# मोटरसाइकिल के साथ तीन चोर गिरफ्तार, भेजा जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** शहर थाना अंतर्गत मोटरसाइकिल चोरी की घटना के संबंध में वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर छापामारी दल का गठन किया गया था। 25.09.2025 को गुप्त सूचना के आधार पर पनेरीबांध, थाना शाहपुर (चैनपुर) में छापामारी की गई। इस क्रम में एक मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर JH 19A 7860 Honda Shine) के साथ फारूक अंसारी को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त के निशानदेही पर बरवाडीह एवं चैनपुर से चोरी की गई अन्य मोटरसाइकिलें राजकुमार पासवान एवं विक्की कुमार के पास से बरामद की गई। गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। जप्त मोटरसाइकिलों में JH 19A 7860 – Honda Shine, JH 08B 6844– Passion Pro, JH 01DM 2869– Super Splendor. गिरफ्तार अभियुक्तों में फारूक अंसारी, उम्र 20 वर्ष, पिता झ मुस्ताक अंसारी, साकिन झ पहाड़ी मुहल्ला, थाना- शहर, राजकुमार उर्फ राजा, उम्र 20 वर्ष, पिता- प्रमोद पासवान, साकिन- शाहपुर गढ़वा रोड हरिजन मुहल्ला, थाना झ चैनपुर, जिला- पलामू, अप्रा० किशोर विक्की कुमार, उम्र 18 वर्ष, पिता- प्रमोद कुमार मुण्डा, साकिन झ भंडरिया, थाना- भंडरिया, जिला- गढ़वा। छापामारी दल में स०अ०नि० इन्द्रदेव पासवान, शहर थाना, स०अ०नि० रविकांत उरांव, शहर थाना, स०अ०नि० शंहशाह आलम सिद्दीकी, शहर थाना, स०अ०नि० जोहन तिर्की, शहर थाना के अलावा सशस्त्र बल शामिल थे।

# उपायुक्त के निर्देशानुसार पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या 1 व 2 में वृहद स्तर पर चलाया गया साफ-सफाई अभियान



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** हम सब एकजुट होकर स्वच्छ भारत मिशन को जन-आंदोलन का रूप दें और अपने आसपास को स्वच्छ रखने की पहल स्वयं से शुरू किया उपायुक्त रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार गिरिडीह जिले के शहरी क्षेत्रों और प्रखंडों/पंचायतों में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत साफ-सफाई हेतु "एक दिन एक घंटा श्रमदान कार्यक्रम" आयोजित किया जा रहा है। साथ ही स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए लोगों को जागरूक करने एवं निरंतर स्वच्छता के प्रति योगदान देने की अपील की जा रही है। इसी क्रम में आज पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या 1और 2 में वृहद स्तर पर साफ-सफाई अभियान चलाया गया।

इस अभियान में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 1 और 2 के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, डिस्ट्रिक्ट लीड, यूनिसेफ समेत अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया मौके पर अविक अंबाला, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या 2 ने उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और कहा कि हमें निरंतर श्रमदान कर अपने जिले को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना है। सामूहिक प्रयासों के साथ-साथ व्यक्तिगत स्तर पर भी स्वच्छता के प्रति योगदान देना आवश्यक है। प्लास्टिक का उपयोग कम करें और लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें। उन्होंने श्रमदान में सक्रिय भागीदारी के लिए सभी अधिकारियों, कर्मियों, सफाई मित्रों के प्रति आभार प्रकट किया वहीं राहुल श्रीवास्तव, कार्यपालक अभियंता,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या 01 ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक शैली है। समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी से ही हम एक स्वच्छ, स्वस्थ और सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल परिसर की सफाई करना था, बल्कि लोगों में जागरूकता फैलाना और यह संदेश देना भी था कि स्वच्छता सभी की जिम्मेदारी है। आइए, हम सब एकजुट होकर स्वच्छ भारत मिशन को जन-आंदोलन का रूप दें और अपने आसपास को स्वच्छ रखने की पहल स्वयं से शुरू करें।

# प्रखंड परिसर में बीडीओ द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आइए, हम सब एकजुट होकर स्वच्छ भारत मिशन को जन-आंदोलन का रूप दें और अपने आसपास को स्वच्छ रखने की पहल स्वयं से शुरू करे गिरिडीह जिले के शहरी क्षेत्रों और प्रखंडों/पंचायतों में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत साफ-सफाई हेतु "एक दिन एक घंटा श्रमदान कार्यक्रम" आयोजित किया गया साथ ही स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए लोगों को जागरूक करने एवं निरंतर स्वच्छता के प्रति योगदान देने किअपील किया बीडीओ गणेश रजक ने कहा हमें निरंतर श्रमदान कर अपने जिले को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना है।

सामूहिक प्रयासों के साथ-साथ व्यक्तिगत स्तर पर भी स्वच्छता के प्रति योगदान देना आवश्यक है। प्लास्टिक का उपयोग कम करें और लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें। उन्होंने श्रमदान में सक्रिय भागीदारी के लिए सभी अधिकारियों, कर्मियों, सफाई मित्रों के प्रति आभार प्रकट किया वहीं बीपीओ सतीश कुमार ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक शैली है। समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी से ही हम एक स्वच्छ, स्वस्थ और सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल परिसर की सफाई करना था, बल्कि लोगों में जागरूकता फैलाना और यह संदेश देना भी था कि स्वच्छता सभी की जिम्मेदारी है। आइए, हम सब एकजुट होकर स्वच्छ भारत मिशन को जन-आंदोलन का रूप दें और अपने आसपास को स्वच्छ रखने की पहल स्वयं से शुरू करें।



# राजद जिला अध्यक्ष ने दिया उपायुक्त को ज्ञापन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** चौकीदार बहाली विज्ञापन म० 01/2023 में प्रतीक्षा सूचि पत्रांक 2061/ 29.08.2025 में लिए गए दस लोगों में से एक विशाल कुमार मोदी को गलत तरीके में सम्मिलित किये जाने के सम्बन्ध में पूर्व में पत्रांक रजद/70/2025 15.09.2025 के अलोक में दिए गए स्पष्टीकरण का असंतोषजनक जवाब मिलने के कारण आरजेडी जिला अध्यक्ष इरफान आलम ने उपायुक्त को दिया ज्ञापन।

चौकीदार बहाली विज्ञापन म० 01/2023 में पूर्व में जो बहाली होने के बाद कुल 28 अभियार्थी को प्रतीक्षा सूचि में रखा गया था जिसमे दिनांक 29.08.2025 को ज्ञापांक म० 2061 के तहत 10 अभियार्थियों को प्रतीक्षा सूचि में शामिल करने की बात हुई थी लेकिन जब यह सूचि प्रकाशित हुआ तो पता चला की उसमे सिर्फ 9 लोगों को ही शामिल किया गया है और एक विशाल कुमार मोदी को अलग में शामिल किया गया जो असल में प्रतीक्षा सूचि में था ही नहीं जबकि विशाल कुमार मोदी जो पंचायत बंधावाद मे आवेदन किया था लेकिन इनका आवेदन गलत और अमान्य पंचायत से होने के कारण इनका आवेदन को अस्वीकार कर दिया गया था इस सन्दर्भ में मैंने एक आवेदन दिया था जिसका पत्रांक म0 आरजेडी 70/2025 15.09.2025 इस पर अंचल अधिकारी के द्वारा स्पष्टीकरण 16.07.2025 को पत्रांक स० 391 उपलब्ध करवाया गया जिसमे लिखा गया है की पंचायत बडकीटांड बीट स० 1/7 के अंतर्गत ग्राम-महेशमुंडा, बडकीटांड, पांडेडीह, और बंधाबाद है तथा उपस्थित पंजी में बंधवाद दर्ज पाया गया जो बिलकुल भी निराधार है क्यूंकि नोटिफिकेशन स० 1/2023 में सम्बंधित आम मुचना में यह बात नहीं प्रकाशित किया गया था की बीट म० 1/7 में ग्राम बंधाबाद दर्ज है तथा विशाल कुमार मोदी का आवेदन पूर्व में रद्द भी यही बोल कर किया गया था की बीट स० 1/7 में ग्राम बंधाबाद में कोई रिक्ति नहीं होने के कारण विशाल कुमार मोदी का आवेदन अस्वीकार किया गया था फिर रातो रात उक्त बीट में रिक्ति अ जाना और बंधावाद दर्ज हो कई बार इस सन्दर्भ में निर्देश आया है की प्रक्रिया के बीच में नियमों में बदलाव को पारदर्शिता की कमी बताया गया है और कहा कि एक बार प्रक्रिया शुरू हो जाने के बाद नियोक्ता नियमों को बदल" नहीं सकते मंजूश्री बनाम आंध्र प्रदेश राज्य (2008) मामले का हवाला भी दिया गया। जाना पूर्ण संदेहास्पद है और इसका गहन जांच की आवशयकता है क्यूंकि माननीय उच्चतम नायालय के द्वार दिए गए स्पष्टीकरण की निष्पक्ष जाँच कर प्रतीक्षा सूचि के अभियार्थियों के साथ इंसाफ करें।

# हेडन कैफे में महिलाओं ने खेला डांडिया फिल्मी धुन पर खूब थिरकीं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पटना के हेडन कैफे में समाजसेवी व महिला उद्यमी वंदना भारती के नेतृत्व में वंदना अंकन इवेंट्स की ओर से डांडिया का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाएं रंग - बिरंगे आकर्षक परिधानों में डांडियां खेलने पहुंची थीं।

सभी महिलाएं डांडिया के गीतों पर पारंपरिक गीतों से लेकर फिल्मी धुनों पर खूब थिरकीं। हाथों में डांडिया लिए सभी महिलाएं मां दुर्गा की वंदना का महत्व समझते हुए एवं इस पावन त्योहर के मौके पर डांडिया खेलने के पारंपरिक महत्व के अनुरुप डांडिया खेलत नजर आयीं। आयोजक वंदना भारती ने बताया कि हेडन कैफे में आयोजित इस डांडिया के मौके पर हम सभी मां दुर्गा के विभिन्न रुपों का स्मरण कर रहे हैं। साथ ही हम जानते हैं कि नवरात्रि के मौके पर गरबा व डांडिया खेलने की परंपरा है। उसी के अनुरुप आज का यह आयोजन है। जिसमें हम सभी भक्ति गीतों के अलावे फिल्में गीतों पर झूम रहे हैं। यहां हमारी टीम की अनगिनत महिलाएं कार्यक्रम की रौनक बढ़ा रही हैं।

## पीएम मोदी और सीएम नीतीश के नेतृत्व में

# बिहार की महिलाओं को मिली नए भविष्य की दिशा : मंगल पांडेय



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री श्री मंगल पांडेय ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरूआत पर इसे बिहार के विकास के इतिहास में मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा बिहार की 75 लाख महिलाओं के खाते में 10,000 रुपये की राशि ट्रांसफर किया जाना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि सम्मान और स्वावलंबन का संदेश है।

श्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता और प्रधानमंत्री जी का विकासपरक दृष्टिकोण मिलकर बिहार की बहनों को आत्मनिर्भर बना रहा है।

**■ बिहार की 75 लाख महिलाओं को मिली नई उड़ान, यह आत्मनिर्भर बिहार की नींव**

यह योजना बिहार में स्वरोजगार को प्रोत्साहित करेगी जिससे परिवार और समाज दोनों का कायाकल्प होगा। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की नीति पर चलते हुए जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने का कार्य कर रही है। यही कारण है कि बिहार की जनता एनडीए को फिर से सत्ता में लाने के लिए पूरी तरह से उत्साहित है।

# सलूजा गोल्ड कॉलेज ऑफ फार्मेसी, गिरिडीह में मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सलूजा गोल्ड कॉलेज ऑफ फामेर्सी, गिरिडीह में विश्व फार्मासिस्ट दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। छात्रों ने पोस्टर प्रस्तुति, भाषण प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया इस अवसर पर आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ब्लड शुगर व बी.पी. जाँच तथा मरीजों को परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही खेलकूद एवं इंटरएक्टिव सेशन भी हुए।

अंत में विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गये कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक जोरावर सिंह सलूजा ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। प्राचार्य ने फार्मासिस्ट को अग्रिम पंक्ति का स्वास्थ्य कर्मी बताते हुए छात्रों को सेवा, समर्पण और उत्कृष्टता के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम ने विश्व फार्मासिस्ट दिवस के संदेश को सफलतापूर्वक प्रस्तुत किया थिंक हेल्थ, थिंक फार्मासिस्ट।



# सलूजा गोल्ड मिलीमीटर्स स्कूल में प्री प्राइमरी बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल एवं इसके प्री प्राइमरी मिलीमीटर्स बरगंडा और पचम्बा शाखा` में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर विद्यालये में दशहरा उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। देवी के विन्हिन्न स्वरूपों और महिषासुर दानव के अंत पर आधारित नाटक में कक्षा प्री प्राइमरी के बच्चों ने बहुत ही उत्साहपूर्वक भाग लिया और शिक्षकों की देख रेख में विद्यालय में दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया।

बच्चों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम का आरंभ देवी दुर्गा की स्तुति से की गई। उसके बाद विद्यालय के नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के बच्चों द्वारा डांडिया स्टिक के साथ शानदार प्रस्तुति दी। वहीं रंग बिरंगे वेश भूषा पहने बच्चों ने गरबा नृत्य में भी अपना उत्साह दिखाया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण का केंद्रे छात्रों द्वारा रामायण की प्रस्तुते थी। जिसमें राम दरबार, सीता स्वयंवर, सीता हरण, राम और हनुमान मिलन, राम और रावण युद्ध आदि पांच दृश्यों का मंचन किया गया। छोटे छोटे बच्चों अपने रामायण और पौराणिक कथाओं पर आधारित` दुर्गा महिषासुर युद्ध` में विभन्न पात्रों को बखूबी निभाया। देवी दुर्गा का रूप लिया एक बच्चे ने उनके शक्तिशाली स्त्री को दिखाया जो शेर या बाघ पर सवार होती हैं और कई भुजाएँ धारण करती हैं। यह प्रस्तुति बुराई पर अच्छाई और शक्ति की जीत का प्रतीक है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक जोरावर सिंह सलूजा ने बताया की इस तरह बच्चों में धर्म और प्राचीन ग्रंथो के प्रति आस्था उत्पन्न होती है जो उन्हे भारीतय संस्कृति से जोड़ती है।



New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 26-09-2025 22:14 Page 1



# सीने पर पांच कलश स्थापित कर मां की भक्ति में हुए लीन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टाटीझरिया** । नवरात्र में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। सनातन धर्मावलंबियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाती है, तो कई भक्त अपने घरों में सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली के लिए कलश स्थापित कर श्री दुर्गा सप्तशती की पाठ करते हैं।

कई लोग भक्ति में इतना लीन हो जाते हैं कि कोई केवल जल पीकर तो कई एक टाइम अल्पाहार कर नौ दिनों तक उपासना में रहते हैं। इन सब से अलग प्रखंड क्षेत्र में एक भक्त अपने सीने पर पांच कलश स्थापित कर बिना अन्न -जल ग्रहण किए मां दुर्गा की आराधना में रमे हुए हैं।

प्रखंड क्षेत्र के धरमपुर में 39 वर्षीय दुर्गा कुमार, पिता स्व गोपाल प्रसाद, नवरात्र में प्रतिपदा को शक्ति की आराध्य देवी मां दुर्गा की पूजा - अर्चना कर कलश अपने सीने पर स्थापित कर लिया है, जो दशमी तिथि को विसर्जित होगा।

इस बीच प्रतिदिन उनके घर पर श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ और माता के विविध रूपों की पूजन और आरती की जा रही है। पूजा श्री कुमार के बेटे राजकुमार करते हैं।

उनके इस कार्य में घर का पूरा परिवार लगा हुआ है। दुर्गा की पत्नी ममता देवी, बेटी वैष्णवी, मां सरस्वती, कृष्णा साव समेत अन्य पारिवारिक सदस्य प्रतिदिन पूजन का कार्य कर रहे हैं।

घर का माहौल बिल्कुल भक्तिमय है। दुर्गा बताते हैं कि कलश स्थापना के दो दिन पूर्व से वे खाना त्याग दिए हैं और दस दिनों तक अपने सीने पर कलश लेकर मां की आराधना करते रहेंगे। बताया कि वे अपने घर - परिवार और विश्व के कल्याण के उद्देश्य से यह कठोर तप करने का निर्णय लिया। मां उन्हें ऐसा करने के लिए प्रेरणा दी है, तभी यह संभव हो पाया है। वे पेशे से हाईवा ड्राइवर हैं। उनके घर पर प्रतिदिन महिलाओं की भजन मंडली पहुंचती है, जो मां के गीत गाकर वातावरण भक्तिमय कर देते हैं।

# तेज हवा और बारिश ने बिगाड़ी पूजा की रौनक

## पंडाल और गेट गिरने से यातायात हुआ बाधित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। अचानक शहर में भारी बारिश और तेज हवा ने दुर्गा पूजा आयोजन समितियों की तैयारी पर खलल डाल दिया। तेज बारिश व हवा से बने पंडाल व लगे लाइट गेट पर भारी क्षति हुई।

मटकुरिया स्थित चर्चित पूजा पंडाल का आकर्षक लाइट गेट अचानक गिर गया। पूजा समिति के सदस्य मंजित सिंह ने बताया कि तेज हवा और बारिश की वजह से गेट संतुलन नहीं बना पाया और गिर गया, जिसके सड़कों पर आवागमन करने वालों को परेशानी हुई।

लाइट कर्मी सड़क से हटाने में लगे हुए हैं। भूली बी ब्लाक में 8.50लाख की लागत से तिरुपति का बालाजी मंदिर बनाया जा रहा था, जो पूरी तरह ढह गया। इसके अलावा सरायढेला में लाइट गेट गीर गया। सड़क पर जाम लगा रहा। हालांकि, गनीमत रही कि तीनों जगह कोई जनहानि नहीं हुई।

# 300 साल पुरानी जमींदारी दुर्गा पूजा की परंपरा बरकरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका**। झारखंड की उपराजधानी दुमका के रसिकपुर-एसपी कॉलेज रोड पर स्थित है पुराना दुर्गा स्थान मंदिर। इस मंदिर में जमींदारी दुर्गा पूजन की परंपरा आज भी कायम है। यहां ब्रिटिश हुकूमत के दौर में जमींदार रहे दे खानदान के वंशज हर साल पूजा-अर्चना कराते हैं।



हालांकि जमींदार दे परिवार के वंशजों को ठीक से इसकी जानकारी नहीं है कि उनके किस पूर्वज ने रसिकपुर में जमींदारी या खानदानी पूजा की शुरूआत की थी। पुराने लोग बताते हैं कि जमींदार दे खानदान के पूर्वज मानिक चंद्र दे और उनका भतीजा अनूप चंद्र दे तकरीबन 300 साल पूर्व यहां दुर्गा पूजा की शुरूआत कराई थी। ये दोनों काका-भतीजा के नाम से प्रसिद्ध थे। दे परिवार के लोगों का कहना है कि उनके पूर्वज संभवतः ब्रिटिश काल से पूर्व मुगलों के शासन में ही वर्धमान से आकर यहां बसे थे। इनके मुताबिक वर्द्धमान में आज भी एक दे पोखर जिंदा है। वर्तमान में काका-भतीजा के पांच वंशज ही पारी बनाकर एक-एक साल यहां दुर्गा मां की पूजा करते हैं।

जानकार बताते हैं कि संभवतः यहां घटवाल समुदाय ने घटवाली काली पूजा की शुरूआत की थी। इसके निशान वर्तमान मंदिर के पीछे मां काली की वेदी अब भी यहां मौजूद है। अभी भी यहां दुर्गा पूजा के दौरान अष्टमी व नवमी के दिन बलि घटवाल समुदाय के लोगों के द्वारा ही दिलवाने की परंपरा कायम है। रसिकपुर दुर्गा मंदिर में प्रत्येक वर्ष दे खानदान के पांच वंशज साल दर साल बारी आने पर दुर्गा पूजा पूरे उत्साह से मनाते हैं। इस वर्ष पारी के हिसाब से अमित दे, देवशंकर दे, सुशांत कुमार दे, प्रशांत दे व मनोज दे पूजा करा रहे हैं। जबकि दे खानदान के वंशजों में दूसरे ई.स्वपन कुमार दे, तीसरे डा.एसएन दे, सोमनाथ दे, चौथे वंशज स्व.दुलाल चंद्र दे, निमेंद्रनाथ दे, गोरानाथ दे और पांचवें वंशज आशीष कुमार दे एवं उज्ज्वल कुमार दे हैं।

ई.स्वपन कुमार दे कहते हैं कि दे परिवार यहां अपने वंशजों की विरासत को बखूबी आगे बढ़ा रहे हैं। अब तो नई पीढ़ी ही पूरी जिम्मेवारी संभाल रही है।

# पोषण माह के तहत जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

## बच्चों के पोषण और देखभाल में पिता और अन्य पुरुष सदस्यों की भागीदारी पर विशेष बल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी**। 17 सितंबर से 22 अक्टूबर 2025 तक पोषण माह के अंतर्गत जिला समाज कल्याण विभाग, खूंटी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों एवं पंचायत स्तर पर विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कुपोषण की समस्या, पोषक तत्वों से भरपूर आहार के महत्व तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने समेत अन्य विषयों पर लोगों को प्रेरित किया जा रहा है।

खूंटी जिले आंगनबाड़ी केंद्रों में आज पोषण माह के दौरान बच्चों के पोषण और देखभाल में पिता और अन्य पुरुष सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुनहरे 1000 दिन (गर्भधारण से लेकर शिशु के 2 वर्ष की आयु तक का समय) की महत्ता पर विशेष सत्र रखे गए, जिसमें पिता एवं पुरुष अभिभावकों को मस्तिष्क विकास, पोषण और नियमित देखभाल से संबंधित जानकारी दी गई।

पोषण माह के दौरान वृद्धि निगरानी सप्ताह भी मनाया गया, जिसमें आंगनबाड़ी केंद्रों पर शून्य से छह वर्ष तक के सभी बच्चों का वजन एवं लंबाई मापी गई। कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें विशेष पोषण आहार योजना से जोड़ा गया।उल्लेखनीय है कि जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से



जनमानस में व्यवहार परिवर्तन लाने का प्रयास किया गया ताकि लोग अपने दैनिक जीवन में पोषक तत्वों से युक्त भोजन को अपनाएं और बच्चों, किशोरियों व महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। पोषण माह के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में चौपाल, परामर्श सत्र, रैलियां, गोष्ठियां और स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जा रहे है। आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, किशोरियों एवं बच्चों को संतुलित आहार की जानकारी दी जा रही है। पोषण थाली के माध्यम से स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्यान्न, फल, सब्जी एवं दालों के संतुलित उपयोग पर जोर दिया जा रहा है।

## कोल्हान आदिवासी अधिकार मंच का प्रदर्शन

**जगन्नाथपुर**। जिले के जगन्नाथपुर अनुमंडल मुख्यालय में शुक्रवार को कोल्हान आदिवासी अधिकार मंच के बैनर तले कुड़मी महतो द्वारा आदिवासी बनने के मांग के विरुद्ध एक विशाल रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसमें हजारो आदिवासी सामुदाय के लोग शामिल हुए। विशाल रैली जगन्नाथपुर डिग्री कालेज समीप से निकल कर जगन्नाथपुर मुख्य बाजार, रहीमाबाद, मौलानगर होते हुए अनुमंडल कार्यालय तक पहुंची, जहां अनुमंडल कार्यालय के मुख्य द्वार पर अनुमंडल पदाधिकारी को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। उसके मौलानगर स्थित रस्सेल स्कूल के मैदान में सभा की गई। ज्ञापन देकर राष्ट्रपति से मांग की गई कि झारखण्ड में निवासरत कुड़मी महतो जाति को एसटी सूची में शामिल न किया जाय। आदिवासी तो जन्म से होता है, बनाया नहीं जाता है। 1913 ई. में छोटानागपुर के कुड़मी महतो जाति को एबोर्जिनल ट्राईबल की सूची में शामिल था। 1929 ई. में मुझफफरपुर में संपन्न अखिल भारतीय कुड़मी क्षत्रिय महासभा में कुड़मी जनप्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर कर अपने को क्षत्रिय घोषित किया है।

# राजभाषा हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

## भूजल दर्पण पत्रिका का हुआ विमोचन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना**। शुक्रवार को क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला की अध्यक्षता में एक दिवसीय राजभाषा हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड सहित विभिन्न केन्द्रीय कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि प्रियदर्शी साहु, उप महानिदेशक, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण तथा विशिष्ट अतिथि अजीत कुमार शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा), कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं क्षेत्रीय निदेशक द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, पटना बिहार की विभागीय पत्रिका भूजल दर्पण (अंक 3 एवं 4 का संयुक्तांक) का विमोचन भी किया गया।

कार्यक्रम के आरंभ में क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला ने अपने उद्घाटन वक्तव्य में हिन्दी की ग्राह्य शक्ति को रेखांकित करते हुए कहा कि हिन्दी एक सरल, सहज और वैज्ञानिक भाषा है, जिसमें तकनीकी एवं प्रशासनिक विषयों की अभिव्यक्ति प्रभावी ढंग से की जा सकती है। उन्होंने कहा कि हिन्दी सभी भाषाओं का सम्मान करते हुए स्वयं को समृद्ध करती है। उन्होंने यह भी कहा कि चूँकि हमारा कार्यालय क क्षेत्र में स्थित है, अतः हम सभी की यह विशेष जिम्मेदारी बनती है कि राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे अपने कार्यालय कार्यों में अधिकाधिक हिन्दी का प्रयोग करें और इसे व्यवहार में उतारें।

इसके उपरांत मुख्य अतिथि प्रियदर्शी साहु ने अपने वक्तव्य में केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, पटना द्वारा राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से भूजल दर्पण पत्रिका के नियमित प्रकाशन को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि हिन्दी एक सांस्कृतिक रूप से समृद्ध भाषा है जो अन्य भाषाओं का आदर करती है और उनके साथ सामंजस्य स्थापित करती है।

विशिष्ट अतिथि अजीत कुमार शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि हिन्दी वैज्ञानिक अभिव्यक्ति की सक्षम भाषा है और यह देश की बहुसंख्यक जनता द्वारा बोली एवं समझी जाती है, अतः इसमें सम्पूर्ण भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकारे जाने की पूर्ण संभावना है। उन्होंने राजभाषा के संवैधानिक प्रावधानों एवं प्रशासनिक उपयोग के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों से आए प्रतिनिधियों ने अपने-अपने कार्यालयों में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, पटना में हिन्दी में किए जा रहे कार्यों का विस्तृत विवरण निर्मल कुमार, अधिकारी सर्वेक्षक द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इसके पश्चात विशिष्ट अतिथि अजीत कुमार शर्मा द्वारा राजभाषा हिन्दी : व्यावहारिक प्रयोग और संभावनाएं विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने राजभाषा के प्रयोग में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर व्यावहारिक सुझाव दिए। कार्यशाला के अंत में राजभाषा हिन्दी पर आधारित एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

# एम्बुलेंस से 43.650 किलो डोडा चूरा बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण**। जिंदगियां बचाने और मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने के लिए बनाई गई एंबुलेंस का इस्तेमाल नशे की तस्करी में किया जाने लगा है। चौपारण पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक एंबुलेंस से 43.650 किलो डोडा चूरा बरामद किया।

बरामद नशे की कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। गुप्त सूचना के आधार पर चौपारण थाना क्षेत्र के चोरदाहा चेकनाका में पुलिस टीम वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान बिहार की ओर से आ रही मारुति वैन एंबुलेंस (संख्या बीआर-02 पीबी-6505) को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखते ही चालक एंबुलेंस छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला। पुलिस ने पीछा किया, लेकिन घने जंगल का फायदा उठाकर वह फरार होने में सफल हो गया।

एंबुलेंस की तलाशी लेने पर सामने आया कि इसके अगले हिस्से और पिछले केबिन में थैलों में भरा भारी मात्रा में डोडा चूरा छिपाकर रखा गया था। तत्काल गिनती और तौल कर पता चला कि कुल 43.650 किलो नशे की खेप एंबुलेंस से बरामद हुई है।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार बिमल के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में इंस्पेक्टर चंद्रशेखर प्रसाद, थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, बिंदेश्वरी महतो, बादल महतो और भाजु एक्का समेत पुलिस बल शामिल रहा।

बरामद नशे के बाद चौपारण थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीएसपी अजीत कुमार बिमल ने बताया कि यह बेहद गंभीर मामला है। नशे का कारोबार करने वाले अब एंबुलेंस जैसी जरूरी सेवा का भी दुरुपयोग करने लगे हैं।

उन्होंने कहा कि एंबुलेंस का नाम सुनते ही लोग और पुलिस मानवीय दृष्टिकोण से सहूलियत देते हैं, लेकिन अब तस्कर इसका गलत फायदा उठाने लगे हैं। डीएसपी ने कहा कि सूचना मिलने पर हर स्तर पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और आरोपियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# आदि सेवा केंद्र के संचालन एवं विलेज विजन एक्शन प्लान तैयार करने को ले अधिकारियों ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी**। आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत स्थापित किए जा रहे आदि सेवा केंद्र के सफल संचालन एवं विलेज विजन एक्शन प्लान तैयार करने के उद्देश्य से आज जिला स्तरीय पदाधिकारियों की टीम द्वारा विभिन्न प्रखंडों के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया गया। इस क्रम में अधिकारियों ने गाँव-गाँव जाकर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया तथा क्षेत्र की आवश्यकताओं एवं समस्याओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार की ओर से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और उनसे फीडबैक प्राप्त किया। इस दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि क्षेत्र में कोई भी योग्य लाभुक सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे। यदि किसी पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है, तो उसे चिन्हित कर शीघ्र योजना से जोड़ने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की गई।

बैठक एवं संवाद के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, कृषि, स्वरोजगार, आधारभूत संरचना विकास समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। ग्रामीणों द्वारा बताई गई समस्याओं एवं सुझावों को संकलित कर ‟विलेज विजन एक्शन प्लान” में शामिल किया गया, ताकि प्रत्येक



पंचायत व गाँव के लिए क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप अगामी 5 वर्षों के लिए ठोस विकासात्मक योजना तैयार की जा सके।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि आदि सेवा केंद्र ग्रामीण अंचलों के लिए एक बहुउद्देशीय सहायता केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जहाँ से ग्रामीणों को योजनाओं से जुड़ी जानकारी, सुविधा एवं मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यह केंद्र न केवल शासन और जनता के बीच सेतु का काम करेगा बल्कि क्षेत्रीय विकास को गति देने में भी सहायक सिद्ध होगा।

ग्राम स्तरीय संवाद कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। उपस्थित ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे विकास योजनाएँ जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुँचेंगी और क्षेत्र की समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी।

# आदि कर्मयोगी अभियान के प्रभावी संचालन को बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी**। समाहरणालय स्थित सभागार में आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किए जा रहे आदि सेवा केंद्र के प्रभावी संचालन तथा विलेज विजन एक्शन प्लान‟ तैयार करने के विषय पर परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी समेत जिला स्तरीय अधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे। परियोजना निदेशक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आदि सेवा केंद्र को संचालित करने के लिए आदि सहयोगी, आदि साथी एवं आदि प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। इन सभी के समन्वित प्रयास से प्रत्येक आदि ग्राम के लिए बेहतर विलेज विजन एक्शन प्लान तैयार करने का निर्देश दिया गया। इसके लिए




ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित कर क्षेत्र की वास्तविक जरूरतों एवं समस्याओं की पहचान करने पर बल दिया गया, ताकि आगामी पाँच वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के आलोक में खूंटी जिले के अंतर्गत कुल 403 आदिवासी एवं आदिम जनजाति बहुल गांवों में आदि सेवा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों को ग्राम प्रभारी, आदि सहयोगी, आदि साथी तथा विभिन्न सदस्यों से जोड़ा गया है, ताकि इनकी कार्यप्रणाली स्थानीय स्तर पर सशक्त एवं प्रभावी बन सके।

केंद्र में समयबद्ध रोस्टर के तहत विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाएंगी। ये केंद्र न केवल ग्रामीणों और विभागीय कर्मियों के बीच सेतु का कार्य करेंगे।

# 11 अक्टूबर से 20 जनवरी तक साउथ बिहार एक्सप्रेस सहित 16 ट्रेनें कैंसिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर**। चक्रधरपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले राउरकेला से कासबहाल और बंडामुंडा ए केबिन से राउरकेला स्टेशनों के बीच 11 अक्टूबर से लेकर 20 जनवरी 2026 के बीच अप व डाउन रेल लाइन की मरम्मती का कार्य टीआरटी मशीनों के द्वारा किया जाएगा।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, 11 अक्टूबर से लेकर 16 दिसंबर के बीच राउरकेला से कासबहाल स्टेशनों के बीच और 20 दिसंबर से लेकर 20 जनवरी 2026 तक बंडामुंडा ए केबिन से राउरकेला स्टेशनों के बीच रेलवे सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को 05:30 घंटे के मेगा ब्लॉक लेकर टीआरटी मशीनों के द्वारा रेल लाइन को दुरुस्त करने का कार्य करेगी।

इस वजह से दक्षिण पूर्व रेलवे ने चक्रधरपुर रेल मंडल से गुजरने वाली 16 ट्रेनों का परिचालन विभिन्न तिथियों में रद कर दिया है, जबकि चार ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेशन और शॉर्ट ओरिजिनेशन कर चलाया जाएगा। वहीं रेलवे ने तीन ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाएगी।

इस संबंध में दक्षिण पूर्व रेलवे के डिप्टी चीफ ऑपरेशंस मैनेजर श्रीनिवास सामंत ने अधिसूचना पत्र जारी कर दिया है। इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों की समयबद्धता एवं गति में तेजी आएगी। वहीं, ट्रेनों के रद होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

14, 21, 28 नवंबर और 05, 12 दिसंबर को ट्रेन नंबर 13288 आरा - दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस का परिचालन रद रहेगा। 15, 22, 29 नवंबर और 06, 13 दिसंबर को ट्रेन नंबर 13287 दुर्ग - आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस का परिचालन रद रहेगा। 11, 14, 18, 21, 25, 28 अक्टूबर एवं 01, 04, 08, 11, 15, 18, 22, 25, 29 नवंबर एवं 02, 06, 09, 13, 16, 20, 23, 27, 30 दिसंबर और 03, 06, 10, 13, 17, 20 जनवरी 2026 को ट्रेन नंबर 18109 व 18110 टाटा - इतवारी- टाटा - एक्सप्रेस का परिचालन रद रहेगा। 11, 14, 18, 21, 25, 28 अक्टूबर एवं 01, 04, 08, 11, 15, 18, 22, 25, 29 नवंबर एवं 02, 06, 09, 13, 16, 20, 23, 27, 30 दिसंबर और 03, 06, 10, 13, 17, 20 जनवरी 2026 को ट्रेन नंबर 18175 व 18176 हटिया - झारसुगुडा - हटिया एक्सप्रेस का परिचालन रद रहेगा। 11, 14, 18, 21, 25, 28 अक्टूबर एवं 01, 04, 08, 11, 15, 18, 22, 25, 29 नवंबर एवं 02, 06, 09, 13, 16 दिसंबर को ट्रेन नंबर 68029 व 68030 राउरकेला - झारसुगुडा - राउरकेला मेमू का परिचालन रद रहेगा। 20, 23, 27, 30 दिसंबर और 03, 06, 10, 13, 17, 20 जनवरी 2026 को ट्रेन नंबर 68043 व 68044 टाटा - राउरकेला - टाटा मेमू का परिचालन रद रहेगा। 11, 18, 25 अक्टूबर एवं 01, 08, 15, 22, 29 नवंबर और 06, 13 दिसंबर को ट्रेन नंबर 18125 व 18126 राउरकेला - पुरी - राउरकेला एक्सप्रेस का परिचालन रद रहेगा। 14, 21, 28 अक्टूबर एवं 04, 11, 18, 25 नवंबर और 02, 09, 16 दिसंबर को ट्रेन नंबर 18107 व 18108 राउरकेला - जगदलपुर - राउरकेला एक्सप्रेस का परिचालन रद रहेगा। 20, 23, 27, 30 दिसंबर और 03, 06, 10, 13, 17, 20 जनवरी 2026 को ट्रेन नंबर 58659 हटिया - राउरकेला पैसेंजर का परिचालन रद रहेगा।

21, 24, 28, 31 दिसंबर और 04, 07, 11, 14, 18 एवं 21 जनवरी 2026 को ट्रेन नंबर 58660 राउरकेला - हटिया पैसेंजर का परिचालन रद रहेगी।

इसी तरह 10, 17, 24, 31 अक्टूबर एवं 07 नवंबर को ट्रेन नंबर 13288 आरा दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस का परिचालन राउरकेला स्टेशन तक होगा। साउथ बिहार एक्सप्रेस का परिचालन इन तिथियों में राउरकेला से दुर्ग स्टेशनों के बीच रद रहेगी।

11, 18, 25 अक्टूबर एवं 01, 08 नवंबर को ट्रेन नंबर 13287 दुर्ग आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस का परिचालन राउरकेला स्टेशन से होगा। यह ट्रेन इन तिथियों में दुर्ग से राउरकेला स्टेशनों के बीच रद रहेगी। 14, 21, 28 अक्टूबर एवं 04, 11, 18, 25 नवंबर और 02, 09, 16 दिसंबर को हावड़ा से चलने वाली ट्रेन नंबर 22861 हावड़ा - कंटाबांजी इस्पात एक्सप्रेस का परिचालन राउरकेला स्टेशन तक होगा। इस्पता एक्सप्रेस का परिचालन राउरकेला से कंटाबांजी स्टेशनों के बीच रद रहेगी।

CMYK

## शमार जोसेफ भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर, इस ऑलराउंडर को मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले वेस्टइंडीज को बड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज शमार जोसेफ चोट के कारण सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनके स्थान पर 22 वर्षीय जोहान लेन को टीम में स्थान मिला है। 22 वर्षीय ऑलराउंडर जोहान लेन के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू का शानदार मौका



है। उन्होंने अब तक 19 फर्स्ट क्लास मुकाबलों में 22.28 की औसत के साथ 66 विकेट निकाले, जिसमें चार बार पारी में 5 विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है। इसके अलावा, बल्ले से उन्होंने 495 रन बनाए, जिसमें 2 अर्धशतकीय पारियां शामिल हैं। वहीं, 12 लिस्ट-ए मुकाबलों में जोहान 13 विकेट लेने के अलावा, 124 रन जोड़ चुके हैं। लेन को 5 टी20 मैच खेलने का भी अनुभव है। दूसरी ओर, 11 टेस्ट मैच खेलने वाले शमर जोसेफ ने 21.66 की औसत से 51 विकेट अपने नाम किए हैं। उन्होंने जनवरी 2024 में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध अपने पहले टेस्ट मैच में पांच विकेट हासिल किए थे।
भारत के खिलाफ वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम में पहली बार बाएं हाथ के स्पिनर खैरी पियरे को मौका दिया गया है। 33 वर्षीय इस खिलाड़ी को वेस्टइंडीज चैंपियनशिप में लगातार अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है, जहां उन्होंने इस सीजन में 13.56 की औसत से सर्वाधिक 41 विकेट हासिल किए थे।
भारत और वेस्टइंडीज की टीमें 2-14 अक्टूबर के बीच दो टेस्ट मुकाबलों की सीरीज खेलेंगी। पहला मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसके बाद दूसरे टेस्ट की शुरुआत 10 अक्टूबर से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होगी। भारत-वेस्टइंडीज के बीच यह टेस्ट सीरीज आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है। जून-जुलाई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज के बाद रोस्टन चेज की अगुवाई वाली टीम का नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में यह दूसरा दौरा होगा। पिछले हफ्ते वेस्टइंडीज ने भारत के विरुद्ध 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की थी। यह साल 2018 के बाद वेस्टइंडीज का टेस्ट सीरीज के लिए भारत का पहला दौरा होगा।
भारत के खिलाफ वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम- रोस्टन चेज (कप्तान), जोमेल वारिकन (उपकप्तान), केवलॉन एंडरसन, एलिक अथानाजे, जॉन कैंपबेल, टैगेनारिन चंद्रपॉल, जस्टिन ग्रीव्स, शाई होप, तेविन इमलाच, अल्जारी जोसेफ, जोहान लेन, ब्रैंडन किंग, एंडरसन फिलिप, खैरी पियरे और जायडेन सील्स।

**ICC की सूर्या को हिदायत**

## पॉलिटिकल स्टेटमेंट न दें... उन्होंने जीत पहलगाम पीड़ितों और सेना को समर्पित की थी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ) ने गुरुवार को सलाह दी कि वे ऐसी कोई टिप्पणी न करें जो राजनीतिक मानी जा सके। यह सलाह के मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने एक आधिकारिक सुनवाई के दौरान दी। यह सुनवाई पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की शिकायत पर हुई, जिसमें सूर्यकुमार ने 14 सितंबर को भारत-पाकिस्तान मैच के बाद की गई टिप्पणियों में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति समर्थन जताया था। सूर्यकुमार ने



इन टिप्पणियों के लिए खुद को दोषी नहीं बताया। सुनवाई में बीसीसीआई के सीओओ और क्रिकेट ऑपरेशंस मैनेजर भी सूर्यकुमार के साथ थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रिचर्डसन ने सूर्यकुमार को समझाया कि उन्हें ऐसी टिप्पणियां नहीं करनी चाहिए जो राजनीतिक लगें। सजा के बारे में अभी कुछ स्पष्ट नहीं है, लेकिन यह लेवल-1 का उल्लंघन है, इसलिए सूर्यकुमार को चेतावनी या 15 मैच फीस का जुर्माना हो सकता है। वहीं, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भी बुधवार को पाकिस्तानी क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल में औपचारिक शिकायत दर्ज की है। मामले की सुनवाई शुक्रवार (26 सितंबर) को होगी, क्योंकि गुरुवार को वे श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप मैच खेल रहे हैं। दरअसल, 21 सितंबर को दुबई में खेले गए एशिया कप सुपर-4 मैच के दौरान दोनों ने भड़काऊ इशारे किए थे।

# धुआंधार फॉर्म में स्मृति मंधाना...

**नई दिल्ली,** एजेंसी। स्मृति मंधाना इन दिनों जोरदार फॉर्म में हैं. 30 सितंबर से शुरू हो रहे महिला वनडे वर्ल्ड कप में उनका बल्ला चला तो कई कीर्तिमान बन सकते हैं. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में खत्म हुई ओडीआई सीरीज में 29 साल की मंधाना ने 3 पारियों में 300 रन (58, 117 और 125) बनाए और साबित किया कि दबाव की परिस्थितियों में भी वह बेहतरीन प्रदर्शन कर सकती हैं. तीसरे ओडीआई में अरुण जेटली स्टेडियम में उन्होंने 50 गेंदों में शतक जड़ा, जो महिला ओडीआई में भारतीय खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज और कुल मिलाकर मेग लैनिंग (45 गेंद) के बाद दूसरी सबसे तेज पारी है. यह मुकाबला रिकॉर्ड-ब्रेकिंग साबित हुआ, जिसमें 781 रन बने, महिला ओडीआई का अब तक का सबसे अधिक स्कोर, और 99 चौके और 12 छक्के भी शामिल थे.

मंधाना अब 13 ओडीआई शतक के साथ सूजी बेट्स के बराबर हैं, जबकि मेग लैनिंग 15 शतकों के साथ पहले स्थान पर हैं. 2025 में उन्होंने पहले ही चार शतक जड़ दिए हैं, जो किसी कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा शतकों के रिकॉर्ड के बराबर है.

**महिला वर्ल्ड कप में 6 बड़े रिकॉर्ड बनाने के बेहद करीब ओडीआई**



### वर्ल्ड कप में मंधाना के बड़े लक्ष्य

- 5000 रन- महिला ओडीआई में मंधाना को 5000 रन पूरे करने के लिए केवल 112 रन चाहिए. इस सूची में मिताली राज, शार्लोट एडवर्ड्स, सूजी बेट्स और स्टेफनी टेलर शामिल हैं.
- सबसे तेज 5000 रन- मंधाना इस रिकॉर्ड को सबसे तेज बनाने वाली बल्लेबाज बनने के करीब हैं. स्टेफनी टेलर ने इसे 129 पारियों में हासिल किया था.
- ओपनर के रूप में 5000 रन- मंधाना को यह रिकॉर्ड पूरा करने के लिए 137 रन चाहिए. सूज़ी बेट्स ही पहले बल्लेबाज हैं, जिन्होंने ओपनर के रूप में 5000 रन बनाए.
- कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा रन- मंधाना को साल में सबसे ज्यादा महिला ओडीआई रन बनाने के लिए 42 रन चाहिए. यह रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क के नाम है, जिन्होंने 1997 में 16 मैचों में 970 रन बनाए थे.
- कैलेंडर ईयर में 1000 रन- मंधाना को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए 72 रन चाहिए.
- कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा शतक- मंधाना को यह रिकॉर्ड बनाने के लिए सिर्फ एक शतक की जरूरत है. 2024 में उन्होंने पहले ही चार शतक जड़े थे.
- स्मृति मंधाना की यह शानदार फॉर्म और उनकी निगाहें महिला क्रिकेट के इतिहास में नाम दर्ज कराने पर हैं. विश्व कप में उनका प्रदर्शन सिर्फ भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे महिला क्रिकेट जगत के लिए रोमांचक होगा.

## मयंक ने यॉकर्शायर के लिए खेली शतकीय पारी, 20 चौके और 5 छक्के लगाए



**हेडिंग्ले, एजेंसी।** भारतीय बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (175) ने डरहम के खिलाफ यॉकर्शायर के लिए हेडिंग्ले में एक बेहतरीन शतक लगाया। इस शतक की मदद से उनकी टीम पहली पारी की बढ़त लेने की कगार पर है, ताकि वे रेलिगेशन से बचने की उम्मीद कर सके। यह यॉकर्शायर का इस काउंटी सीजन आखिरी मैच है। धूप भरे लीड्स के मैदान में यह बल्लेबाजों का दिन था, जहां दो खिलाड़ियों ने शतक लगाए। पहले डरहम के ऑलराउंडर बेन रेन ने अपने पहले दिन के स्कोर नाबाद 87 रनों से आगे खेलना शुरू किया और 101 रन बनाए। यॉकर्शायर के लिए नई गेंद के गेंदबाज जैक व्हाइट ने 69 रन देकर 5 विकेट लिए। अग्रवाल ने अपनी 195 गेंदों की पारी में 20 चौके और 5 छक्के लगाए और सलामी बल्लेबाज एडम लिथ के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 127 रनों की साझेदारी की। लिथ ने अपने 38वें जन्मदिन पर 69 रन की पारी खेली। अच्छे बल्लेबाजी हालात होने के बावजूद लिथ और अग्रवाल को सतर्क रहकर खेलना पड़ा। वे सजग रहे, लेकिन रन भी बनाए। लिथ ने ऑफ साइड में बेहतरीन शॉट लगाए और अग्रवाल शुरू से लय में थे। इससे पहले यॉकर्शायर के लिए तीन पारियों में दो शून्य रहे थे। लिथ ने 102 गेंदों में जबकि अग्रवाल ने 84 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। अग्रवाल ने अफग़ान गफ़ारी की गेंद पर सीधा छक्का लगाकर पचासा पूरा किया। इसके थोड़ी देर बाद गफ़ारी ने लिथ को स्लिप में पॉट्स के हाथों कैच कराया।

अग्रवाल ने फिर गफारी पर हमला बोला और चाय से पहले उन पर तीन और छक्के जड़े। इसमें दो छक्के एक ही ओवर में सीधी बाउंड्री पर थे, जबकि उन्होंने एक मिडविकेट के ऊपर से मैक्सिमम हिट मारा। उन्होंने 122 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जिसमें दूसरा 50 सिर्फ 38

**केएल राहुल की यादगार पारी...**

## इंडिया-ए ने रचा इतिहास, कंगारुओं के खिलाफ चेज किए 412 रन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-ए और ऑस्ट्रेलिया-ए के बीच दो मैचों की अनऑफिशियल टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला 23 से 26 सितंबर तक लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया. इस मुकाबले में भारत-ए टीम ने 5 विकेट से जीत हासिल की थी. भारत-ए टीम को जीत के लिए 412 रनों का मुश्किल टारगेट मिला था, जिसे उसने 91.3 ओवरों में हासिल कर लिया. इस जीत के साथ ही भारत-ए ने सीरीज पर 1-0 से कब्जा कर लिया. सीरीज का पहला मुकाबला इसी मैदान पर खेला गया था, जो ड्रॉ पर छूटा.
रेड बॉल क्रिकेट में 400 से ज्यादा का लक्ष्य हासिल करना आसान नहीं होता, चाहे परिस्थिति कैसी भी हो. लेकिन ध्रुव जुरेल की अगुवाई वाली इंडिया-ए टीम ने आराम से इस बड़े टारगेट को अचीव कर लिया. देखा जाए तो भारतीय जमीन पर पिछले 43 सालों में चौथी पारी में ये सबसे बड़ा सफल रनचेज रहा. साथ ही किसी ए टीम का रेड बॉल क्रिकेट में ये सबसे बड़ा सफल रनचेज भी है.

**एशिया कप**

**फाइनल में पहुंचते ही पाकिस्तान के कप्तान सलमान देखने लगे ख्वाब**

# भारत को हराने का जताया भरोसा



**दुबई , एजेंसी।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 11 रन से हराकर एशिया कप 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उसका सामना खिताबी मुकाबले में भारत से होगा। यह मैच 28 सितंबर यानी रविवार को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर ही खेला जाएगा। बांग्लादेश को सुपर चार चरण के मैच में हराकर एशिया कप के फाइनल में जगह बनाने वाली पाकिस्तान टीम के कप्तान सलमान आगा ने भरोसा जताया है कि उनकी टीम रविवार को होने वाले खिताबी मुकाबले में भारत को हरा देगी। सलमान फाइनल में पहुंचते ही ख्वाब देखने लगे हैं, लेकिन वह शायद भूल गए हैं कि यह वही भारतीय टीम है जिसने एशिया कप में उसे दो बार करारी शिकस्त दी है। पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 11 रन से हराकर एशिया कप 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उसका सामना खिताबी मुकाबले में भारत से होगा। यह मैच 28 सितंबर यानी रविवार को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर ही खेला जाएगा। गुरुवार को खेले गए सुपर-4 मैच में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 135 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम निर्धारित ओवरों में नौ विकेट पर 124 रन ही बना पाई।

### 41 साल में खिताबी मैच में पहली बार आमने-सामने भारत-पाकिस्तान

एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी। 2016 में पहली बार यह टूर्नामेंट टी20 प्रारूप में खेला गया। भारतीय टीम सबसे ज्यादा बार इस टूर्नामेंट का खिताब जीतने वाली टीम है। भारत ने अब तक आठ बार एशिया कप की ट्रॉफी अपने नाम की है। वहीं, पाकिस्तान ने सिर्फ दो बार खिताब अपने नाम किया, जबकि श्रीलंका ने छह बार एशिया कप की ट्रॉफी उठाई है। दिलचस्प बात यह है कि एशिया कप के 41 साल के इतिहास में कभी भी भारत-पाकिस्तान का फाइनल में आमना-सामना नहीं हुआ था। अब इतिहास पलटने जा रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को ऐतिहासिक फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। भारत ने मौजूदा संस्करण में पाकिस्तान को दो बार पटखनी दी है और फिलहाल टीम इस टूर्नामेंट में अजेय है। ऐसे में पाकिस्तान के लिए खिताब की जंग आसान नहीं होने वाली है।

### भारत के खिलाफ वापसी का भरोसा जताया

मैच के बाद आगा ने कहा, अगर आप इस तरह के मैच जीतते हैं, तो हम एक खास टीम जरूर बन जाते हैं। सभी ने बहुत अच्छा खेला। बल्लेबाजी में कुछ सुधार की जरूरत है। लेकिन हम इस पर काम करेंगे। हम किसी को भी हराने के लिए काफी अच्छी टीम हैं। हम रविवार को वापसी करेंगे और ऐसा (जीत हासिल) करने की कोशिश करेंगे।सलमान ने अपने गेंदबाजों की सराहना की जिन्होंने पहली ही गेंद से बांग्लादेश के बल्लेबाजों को दबाव में बनाए रखा। आगा ने कहा, शाहीन एक खास खिलाड़ी हैं। वह वही करते हैं जो टीम को उनसे चाहिए। उनके लिए बहुत खुश हूं। हम 15 रन पीछे रह गए। जिस तरह से हमने शुरुआत में गेंदबाजी की उससे हमने दबाव बनाया। हमने नई गेंद से अच्छी गेंदबाजी की। अगर आप इस तरह गेंदबाजी करते हैं तो अक्सर आप मैच जीत जाते हैं। हमारी फील्डिंग अच्छी रही है। शेन हम पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हम अतिरिक्त सत्र भी ले रहे हैं। माइक हेसन ने कहा था कि अगर आप फील्डिंग नहीं कर सकते तो आप टीम में नहीं होंगे।

## एशिया कप फाइनल मुकाबले से पहले अख्तर ने पाकिस्तानी टीम को दी नसीहत, इस भारतीय पर ध्यान देने कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अख्तर भारतीय टीम के दबदबे से पूरी तरह अवगत हैं, इसलिए उन्होंने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से अपनी मानसिकता बदलने और भारत का दबदबा खत्म करने कहा है। भारत और पाकिस्तान की टीमें पहली बार एशिया कप के फाइनल में एक दूसरे का सामना करेंगी। दोनों टीमों के बीच इससे पहले मौजूदा टूर्नामेंट में दो बार भिड़ंत हुई है जहां दोनों ही बार भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी टीम को मात दी है। इसमें कोई शक नहीं है कि खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी, लेकिन पाकिस्तान के दिग्गज तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने अपनी टीम को बताया है कि भारत के खिलाफ किस रणनीति पर आगे बढ़ें।



**बांग्लादेश को हराकर फाइनल में पहुंचा पाकिस्तान-** पाकिस्तान ने बांग्लादेश को सुपर चार चरण के मैच में हराकर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया है। पाकिस्तान का प्रदर्शन बल्लेबाजी में खराब रहा है, लेकिन टीम गेंदबाजों के दम पर फाइनल में पहुंचने में सफल रही है। अख्तर भारतीय टीम के दबदबे से पूरी तरह अवगत हैं, इसलिए उन्होंने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से अपनी मानसिकता बदलने और भारत का दबदबा खत्म करने कहा है।

**अख्तर ने खिलाड़ियों से मानसिकता बदलने कहा -** अख्तर ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, इस मानसिकता से बाहर निकलो उनके दबदबे को किनारे रखो। बस उनके दबदबे को तोड़ दो। बस इसी मानसिकता के साथ खेलो जो तुमने बांग्लादेश के खिलाफ मैच में दिखाई थी। तुम्हें इसी तरह की मानसिकता की जरूरत है। तुम्हें 20 ओवर गेंदबाजी करने की जरूरत नहीं है, तुम्हें बस विकेट लेने की जरूरत है।



## तेज रफ्तार, ऊंची छलांग और जज्बे का तूफान, दिल्ली में दिखेगा पैरालंपियनों का दम

**विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शनिवार 27 सितंबर 2025 से शुरू होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के साथ, राजधानी दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में इस क्षेत्र के कुछ सर्वश्रेष्ठ एथलीट प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखाई देंगे। इसमें ब्लेड जम्पर, सीरियल मेडलिस्ट और व्हीलचेयर मैराथन के दिग्गज शामिल हैं। यहां हम ऐसे ही कुछ शीर्ष पैरालंपियनों के बारे में जानेंगे जो अगले कुछ दिनों तक विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना दम-खम दिखाने के लिए तैयार हैं।

**अथानासियोस घावेलस (ग्रीस)- 100 मीटर टी-11-** टी11 श्रेणी में सबसे तेज धावक, अथानासियोस घावेलस दो बार के पैरालंपिक चैंपियन और 2023 संस्करण के विश्व चैंपियन हैं। साल 2024 के फाइनल से अयोग्य घोषित होने के बाद, वह अपना दूसरा विश्व खिताब जीतने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता में उतरेंगे। 10.82 सेकंड के समय के साथ उनके नाम विश्व रिकॉर्ड है। 100 मीटर टी-11 स्पर्धा में दृष्टिबाधित एथलीट गाइड के साथ दौड़ते हैं।



**शियाओयान वेन (चीन) - 100 मीटर टी37, 400 मीटर टी37, लंबी कूद टी37-** शियाओयान वेन लगातार पदक विजेता हैं। उन्होंने जिन भी स्पर्धाओं में हिस्सा लिया, उनमें से हर स्पर्धा में ढेरों पदक जीते हैं। उनके नाम नौ पैरालंपिक स्वर्ण पदक हैं, जिनमें से पांच 2024 पेरिस ओलंपिक में आए हैं। इसमें 100 मीटर टी37, 200 मीटर टी37, लंबी कूद टी37 और 4म100 मीटर यूनिवर्सल रिले में जीते गए गए स्वर्ण पदक शामिल हैं। विश्व चैंपियनशिप में, उन्होंने सात स्वर्ण पदक जीते हैं। वह 100 मीटर टी37 में अपने खिताब का बचाव करेंगी और 400 मीटर टी37 और लंबी कूद टी37 स्पर्धाओं में भी प्रतिस्पर्धा करेंगी।

**कैथरीन डेब्रनर (स्विट्जरलैंड) - 100 मीटर टी53-** व्हीलचेयर रेसर कैथरीन डेब्रनर ने 2024 पेरिस पैरालंपिक में पांच स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीता था।
उनके नाम आठ विश्व चैंपियनशिप पदक हैं, जिनमें पांच स्वर्ण पदक शामिल हैं। इनमें से चार पेरिस में आयोजित पिछली विश्व चैंपियनशिप में आए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में चलीं दनादन गोलियां! बाइक पर आए और कर दिया हमला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली के बेगमपुर में एक खौफनाक घटना सामने आई है। यहां एक पार्क के पास दो हमलावरों ने 55 साल के एक व्यक्ति को गोली मार दी। गोली लगने के बाद शख्स बुरी तरह से घायल हो गया। शख्स को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस ने 2 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कर ली है। इस मामले की जानकारी देते हुए एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी में घायल हुए शख्स की पहचान बेगमपुर के रहने वाले लखपत सिंह कटारिया के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि उन्हें गोली लगने के बाद इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने बताया कि मामल शुक्रवार सुबह का है। यहां के मालवीय नगर थाना क्षेत्र की पीसीआर को 9:53 पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि एक शख्स को गोली मारी गई है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में पाया गया है कि लखपत सिंह को दो लोगों ने पार्क के पास रोका और उनपर गोलियां बरसा दीं। इसके बाद दोनों ही एक बाइक पर बैठकर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि मामले में दो अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है।

### दिल्ली पुलिस ने 25 और बांग्लादेशी दबोचे, 2 दिल्ली से पकड़े गए, कानपुर से 23 गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस ने कई सालों से भारत में अवैध रूप से रह रहे 25 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने अवैध झुग्गी बस्ती में डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन के दौरान दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया था। दोनों की निशानदेही पर कानपुर देहात में काम कर रहे उनके 23 रिश्तेदारों को पकड़ा गया। पुलिस अब इन्हें उनके देश भेजने की तैयारी कर रही है। पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ऐश्वर्या शर्मा के नेतृत्व में भारत में अवैध रूप से रह रहे लोगों की पहचान के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस टीमों ने 18 सितंबर को झुग्गी-बस्तियों और अनाधिकृत कॉलोनियों में डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन अभियान चलाया। इस दौरान दो बांग्लादेशी नागरिकों 35 वर्षीय हसन शेख और 37 वर्षीय अब्दुल शेख को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए दोनों लोग सगे भाई हैं। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उनका परिवार आठ साल पहले पश्चिम बंगाल के खुलना बॉर्डर से अवैध रूप से भारत में दाखिल हुआ था। इसके बाद सभी भारत के अलग-अलग हिस्सों में रहने के लिए चले गए। आरोपियों की निशानदेही पर उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात में छापेमारी कर 23 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। आरोपी खेतों में मजदूरी और कबाड़ का काम करते थे।

### ईएसआईसी अस्पताल में रात 8 बजे तक चलेंगी ओपीडी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईएसआईसी अस्पताल में इलाज कराने वाले मरीजों के लिए बड़ी राहत की खबर है। फरीदाबाद के ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल प्रबंधन द्वारा दूर से इलाज के लिए आने वाले मरीजों की परेशानी को देखते हुए नया टाइम शेड्यूल जारी किया गया है। नए आदेश के तहत 1 अक्टूबर से सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक ओपीडी चालू रहेगी। एनआईटी-3 स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में रोजाना करीब साढ़े चार हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमें फरीदाबाद के अलावा दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, सोपीपत, पानीपत, रेवाड़ी, पलवल, होडल आदि के मरीज शामिल होते हैं।अभी ओपीडी का समय सुबह 9 से शाम 5 बजे हैं। इसके बाद आने वाले केवल गंभीर मरीजों को इमरजेंसी में ही इलाज मिलता है, सामान्य मरीजों को वापस लौटा दिया जाता है, जिससे मरीजों को काफी दिक्कत होती है। मरीजों की परेशानी को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन की तरफ से नया टाइम शेड्यूल जारी किया गया है, जो 1 अक्टूबर से प्रभावी होगा। नए नियम अनुसार सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी में सोमवार से शुक्रवार तक रजिस्ट्रेशन सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा, जबकि शनिवार को समय सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा। फार्मेसी काउंटर का समय : नए नियमानुसार दवाओं के लिए दो काउंटर सुबह 7:30 बजे से रात 9:30 बजे तक (शनिवार को 7:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक) खुले रहेंगे।

पुलिस के एक्शन से घबराया चैतन्यानंद

# गिरफ्तारी से बचने के लिए खटखटाया कोर्ट का दरवाजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में नामी आश्रम के प्रमुख स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती पर छात्राओं के यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगे हैं। इस मामले में एक अहम मोड़ आया है। अब चैतन्यानंद ने गिरफ्तारी से बचने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया है। चैतन्यानंद ने अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की है।पटियाला हाउस कोर्ट की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष मामले की सुनवाई चल रही है।

फरारी के बीच स्वामी ने दिल्ली कोर्ट में अग्रिम जमानत की याचिका दाखिल की। पटियाला हाउस कोर्ट की जज हरदीप कौर इस मामले को सुन रही हैं, जहां पुलिस ने पांच एफआईआर दर्ज की हैं।

स्वामी चैतन्यनंद, जिन्हें डॉ. पार्थसारथी के नाम से भी जाना जाता है, दिल्ली के श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट के निदेशक रह चुके हैं। यहां की कमजोर आर्थिक बैकग्राउंड वाली लड़कियां उनका आसान शिकार बनीं। पुलिस के मुताबिक, कम से कम 17 महिला छात्राओं ने उन पर अश्लील संदेश भेजने, अपमानजनक भाषा इस्तेमाल करने और शारीरिक छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। एक पीड़ित ने तो खुलासा किया कि स्वामी ने उन्हें बेबी, आई लव यू जैसे मैसेज भेजे और नाकाम करने की धमकी दी। ये सबूत डिलीट हो चुके चैट्स से उभरे हैं, जो पुलिस की जांच में सामने आए। आरोप लगते ही स्वामी जी ने गायब हो जाना का जादू चला दिया। दिल्ली पुलिस ने लुकआउट सर्कुलर जारी कर उन्हें हवाई अड्डों पर पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वे फरार हैं। उनकी लग्जरी कार पर फर्जी यूएन डिप्लोमैटिक नंबर प्लेट मिली, जो उनकी चालाकी का नमूना है।



पुलिस अब बिहार समेत कई राज्यों में छापेमारी कर रही है। दिलचस्प बात, यह पहली बार नहीं जब स्वामी पर सवाल उठे। 2016 में भी एक महिला ने उन पर गंभीर आरोप लगाया था।

### बाबा की गिद्ध जैसी नजरें, चैतन्यानंद को लेकर बोली पीड़िता

बीते दिनों दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में पढ़ने वाली 17 लड़कियों ने चैतन्यानंद के ऊपर गंभीर आरोप लगाया था। छात्राओं ने आरोप लगाया था कि चैतन्यानंद उन्हें जबरदस्ती अपने कमरे में बुलाता था और उनके साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए कहता था। अब इस मामले में एक नया अपडेट सामने आया है। बाबा पर 9 पहले केस करने वाली एक महिला सामने आई है। महिला ने बाबा चैतन्यानंद को गिद्ध जैसी आंखों वाला कहा है। महिला ने चैतन्यानंद को लेकर और क्या बताया है। महिला ने बाबा पर लगे आरोपों पर बात करते हुए बताया कि वो दौर उसकी जिंदगी के सबसे खराब वक्त में था। महिला ने बताया कि साल 2016 में श्री शारदा भारतीय प्रबंधन संस्थान में एडमिशन करवाया था। महिला ने बताया कि उस समय उसकी उम्र 20 साल थी। महिला ने कहा कि एडमिशन लेने के बाद से ही बाबा की गंदी नजर उसपर थी और बार-बार उत्पीड़न करने के कारण उन्हें संस्थान छोड़ना पड़ा था। महिला ने साल 2016 में दर्ज अपनी शिकायत में कहा था जैसे ही मैंने संस्थान में दाखिली लिया, बाबा ने मुझे बेबी, स्वीट गर्ल कहकर बुलाना शुरू कर दिया और मुझे अश्लील मैसेज भेजने भी शुरू कर दिए। महिला ने आरोप लगाया कि शाम 6 बजे जब कक्षाएं खत्म हो जाती थीं, तो बाबा उन्हें अपने ऑफिस में बुलाता था और परेशान करता था। महिला ने कहा कि इन सबसे परेशान होकर ही उसने संस्थान छोड़ दिया था। महिला ने आरोप लगाया था कि चैतन्यानंद ने उसे दुबई में हायर एजुकेशन के लिए पैसे देने का वादा किया और कहा था कि मैं बहुत प्रतिभाशाली हूं।

## दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने 'चेज एंड चालान' टीमों को सड़कों पर उतारा, नई पहल से होंगे 4 फायदे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन और ट्रैफिक जाम को रोकने के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने 'चेज एंड चालान' टीम को सड़कों पर उतारा है। ट्रैफिक पुलिस के जोन-2 के सभी 28 सर्कल में चार-चार बाइक सवार पुलिस कर्मियों की टीमें सुबह आठ बजे से रात 11 बजे तक सड़कों पर गश्त कर रही हैं। इस दौरान ये पुलिसकर्मी ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों का पीछा कर उन्हें पकड़ते हैं और चालान करते हैं। ट्रैफिक पुलिस के स्पेशल कमिश्नर अजय चौधरी ने बताया कि दिल्ली में सड़क हादसों का सबसे बड़ा कारण ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन है। नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस एक ओर जहां जागरूकता अभियान चलाती है, वहीं दूसरी ओर उल्लंघन करने वालों का चालान भी करती है। इसके लिए कुछ स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और कई जगहों पर पुलिसकर्मी खुद खड़े होकर चालान करते हैं, लेकिन हर स्थान पर पुलिस की मौजूदगी संभव नहीं है। ऐसे में लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हैं। उन्होंने बताया कि 'चेज एंड चालान' योजना के तहत जब ट्रैफिक पुलिसकर्मी सड़क पर गश्त करेंगे, तो उनकी उपस्थिति से लोगों में नियमों के प्रति सतर्कता बढ़ेगी। लोग नियमों का उल्लंघन करने से बचेंगे। इसके अतिरिक्त, यदि कहीं सड़क किनारे अवैध रूप से खड़ी गाड़ियों के कारण जाम लग रहा हो, तो पुलिसकर्मी उन्हें हटवाएंगे। रिंग रोड, एसपीएम मार्ग, एनएच-48, कनॉट प्लेस, आउटर रिंग रोड जैसी सभी प्रमुख सड़कों पर ये पुलिसकर्मी गाड़ियों को सड़क किनारे खड़ा नहीं होने देंगे। इससे निश्चित रूप से जाम की समस्या में कमी आएगी।

## 17 राज्यों में बारिश का अलर्ट, 50 किमी की रफ्तार से तूफान भी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के लिए कई राज्यों में आंधी-तूफान के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार, पूर्वी, मध्य, पश्चिमी, दक्षिणी और पूर्वोत्तर भारत में अलग-अलग तारीखों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। कई तटीय और आंतरिक इलाकों में तेज हवाएं चलने की भी आशंका जताई गई है। आने वाले दिनों में देश के कई हिस्सों में बारिश का जोर बना रहेगा। खासतौर से पूर्वी और दक्षिण भारत के राज्यों में भारी वर्षा और तेज हवाओं के चलते जनजीवन प्रभावित हो सकता है। हालांकि, मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में मौसम सामान्य रहने की बात कही गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में 26 से 29 सितंबर तक अधिकांश जगह हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं, पूर्वी मध्य प्रदेश में 29 और 30 सितंबर को बारिश हो सकती है। पश्चिमी मध्य प्रदेश में 28 से 30 सितंबर तक बारिश की संभावना है। ओडिशा 26 से 27 सितंबर तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा के बीच 27 सितंबर को बारिश के आसार हैं।

मौसम विभाग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि मध्य महाराष्ट्र, कोंकण और गोवा में 26 सितंबर से 1 अक्टूबर तक बारिश होगी और 29 को बहुत भारी वर्षा होगी। मराठवाड़ा में 26 से 28 सितंबर तक बारिश होने के आसार है। 27 को इस इलाके में बहुत भारी वर्षा होने की संभावना बन रही है। गुजरात में भी 27 से 30 सितंबर तक वर्षा की संभावना है। आईएमडी की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, असम और मेघालय में 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक बारिश होने वाली है। नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 25 सितंबर और फिर 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक वर्षा के आसार बन रहे हैं। अरुणाचल प्रदेश में भी 1 अक्टूबर को बारिश होगी। आईएमडी के मुताबिक, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और तटीय आंध्र प्रदेश में 27 सितंबर तक बारिश होगी। कर्नाटक में भी 26 से 29 सितंबर तक बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि तटीय आंध्र प्रदेश में 40-50 किमी/घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

### पहले अपना देश तो घूम लो.. कहकर अमेरिकी अधिकारी ने खारिज कर दिया दिल्ली के शख्स का वीजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश घूमना किसे पसंद नहीं, लेकिन कभी-कभी वीजा इंटरव्यू में ऐसे ट्विस्ट आ जाते हैं कि लोग हैरान रह जाते हैं। हाल ही में, एक दिल्ली के एक शख्स के साथ कुछ ऐसा ही हुआ जिसने सोशल मीडिया पर एक नई बहस छेड़ दी है। एक ट्रैवल व्लॉगर जय द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में, एक शख्स ने दावा किया कि उसके दोस्त का अमेरिकी टूरिस्ट वीजा सिर्फ इसलिए खारिज कर दिया गया क्योंकि उसने इंटरव्यू में बताया था कि वह दिल्ली में पैदा हुआ है और उसने आज तक दिल्ली से बाहर भारत में कहीं यात्रा नहीं की है। कथित तौर पर दूतावास अधिकारी ने उसे यह कहकर सलाह दी कि वह अमेरिका घूमने से पहले पहले अपना देश घूमे। यह वीडियो इंस्टाग्राम पर देखते ही देखते वायरल हो गया और लोगों की प्रतिक्रियाएं आने लगीं। कई यूजर्स ने दूतावास अधिकारी के इस सुझाव को पूरी तरह से सही ठहराया। लोगों का कहना था कि भारत में ही उत्तराखंड, हिमाचल, केरल, लेह-लद्दाख, उदयपुर जैसी अनगिनत खूबसूरत जगहें हैं, जिन्हें पहले घूमना चाहिए। एक यूजर ने इसे यूएस दूतावास अधिकारी का शानदार जवाब बताया, तो वहीं किसी ने मजाक में कहा कि अधिकारी ने भारतीय पर्यटन उद्योग की ओर राजस्व मोड़ दिया है। यह अनोखा वाकया ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिकी वीजा रिजेक्शन को लेकर पहले से ही बहस छिड़ी हुई है। इस घटना से ठीक पहले, एक 36 वर्षीय आईटी प्रोफेशनल का पोस्ट भी वायरल हुआ था, जिसने बताया था कि कैसे मजबूत वित्तीय स्थिरता, यूके, फ्रांस और सिंगापुर जैसे देशों की विस्तृत यात्रा हिस्ट्री और प्रमुख अमेरिकी शहरों की दो सप्ताह की यात्रा योजना के बावजूद, उनके और उनके माता-पिता के वीजा आवेदन को अस्वीकार कर दिया गया।

# लंबी खूबसूरत महिलाओं का दीवाना! लाश से बनाता शारीरिक संबंध, फिर खा जाता कच्चा

**टोक्यो, एजेंसी।**
दुनिया में खूबसूरती के कद्रदान बहुत हैं लेकिन क्या होगा अगर कोई अपनी इस चाहत में हदें पार कर दे? जापान का सगावा ऐसा ही एक व्यक्ति था जिसकी आशिकी इतनी गहरी थी कि वह लंबी और खूबसूरत लड़कियों को खाने तक का शौक रखता था। फिर उन्हें मारकर उनकी लाशों के साथ संबंध बनाता और कच्चा खा जाता।

सगावा जो कोबे जापान का निवासी था 1981 में पेरिस में पढ़ रहा था। वहीं उसने रेनी हार्टवेल्ट नामक 25 वर्षीय लंबी और बेहद सुंदर महिला को देखा और उसकी खूबसूरती पर फिदा हो गया। दोनों पेरिस में एक ही समय पढ़े-लिखे थे लेकिन सगावा की चाहत



इतनी बीमार थी कि वह रेनी को हासिल करने के लिए कोई भी कदम उठाने को तैयार था।

11 जून 1981 को सगावा ने रेनी को डिनर के लिए अपने घर बुलाया। डिनर के दौरान उसने अचानक रेनी को पीछे से गोली मार दी। इसके बाद उसने रेनी की लाश के साथ दुष्कर्म किया। उसकी यह लालसा यहीं तक सीमित नहीं रही। सगावा ने रेनी के शरीर के कई हिस्सों को काटकर दो दिनों तक खाया और कई हिस्सों को फ्रिज में रखा। सगावा शरीर के बाकी हिस्सों को फेंकने जा रहा था कि टपकते खून को देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पूछताछ में उसने साफ कहा कि उसने रेनी को खाने के लिए मार डाला। हालांकि फ्रांस की अदालत ने उसे सनकी और मानसिक रूप से अस्थिर करार दिया और उसके खिलाफ सभी गंभीर आरोप हटा दिए। सगावा केवल दो साल जेल में रहा फिर कुछ समय मानसिक अस्पताल में गुजारा। बाद में वह जापान लौट गया जहां कानून के कारण उसे पकड़ना संभव नहीं था।

## भारतीय मूल के डॉक्टर डॉ आनंद को हुई 14 साल की जेल

**अमेरिका, एजेंसी।**
अमेरिका में भारतीय मूल के 48 वर्षीय डॉक्टर नील के. आनंद को स्वास्थ्य बीमा धोखाधड़ी के मामले में 14 साल की जेल की सजा सुनाई गई है।

पेनसिल्वेनिया के इस डॉक्टर ने मरीजों को अनावश्यक दवाओं के बैग्स थमाकर बीमा कंपनियों से 2.4 मिलियन डॉलर (लगभग 20 करोड़ रुपये) से अधिक ऐंठ लिए।

अदालत ने उन्हें 2 मिलियन डॉलर से अधिक की क्षतिपूर्ति और इतनी ही रकम जब्त करने का भी आदेश दिया। आरोप है कि आनंद ने न केवल मरीजों को गैर-जरूरी दवाएं दीं, बल्कि बिना लाइसेंस वाले इंटर्न्स से नियंत्रित दवाओं के लिए प्री-साइन किए गए प्रिस्क्रिप्शन भी लिखवाए।

आनंद ने जांच से बचने के लिए धोखाधड़ी से कमाई गई 1.2 मिलियन डॉलर की राशि को एक रिश्तेदार के खाते में ट्रांसफर कर दिया। उन्होंने दावा किया कि वह 9/11 हमलों के पीड़ितों का इलाज कर चुके हैं और अमेरिकी नौसेना में चिकित्सक के रूप में सेवा दे चुके हैं, लेकिन जज ने उनकी दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि उनकी हरकतें लालच और अवैध मुनाफे से प्रेरित थीं। अदालती दस्तावेजों के अनुसार, आनंद ने मेडिकेयर, यूएस ऑफिस ऑफ पर्सनल मैनेजमेंट (हक्क्रू), इंडिपेंडेंस ब्लू क्रॉस और एंथम जैसी बीमा योजनाओं में झूठे और धोखाधड़ी वाले दावे जमा किए।

## बांग्लादेश में महालया से अब तक 3 मंडपों में मूर्तियां खंडित

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के अंतरिम पीएम डॉ. मुहम्मद यूनुस ने इस साल दुर्गा पूजा से पहले कई इलाकों का दौरा कर हिंदू समुदाय को सुरक्षा का भरोसा दिलाया था। उन्होंने कहा था कि त्योहार शांतिपूर्वक और सम्मान के साथ संपन्न होगा। लेकिन महालया (21 सितंबर) से ठीक पहले शुरू हुई प्रतिमा तोड़फोड़ ने भरोसे पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब तक जमालपुर, झेनैदह और सतखीरा जिलों में 3 प्रतिमाओं पर हमला हुआ है। यूनुस के गृह मंत्री जहांगीर आलम चौधरी ने हाल की मूर्ति तोड़फोड़ को अलग-थलग घटनाएं करार दिया और मामले को गंभीर न मानने का संदेश देने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक होगी, लेकिन किसी भी उकसावे या गलत जानकारी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। उनके इस बयान को हिंदू समुदाय ने धमकी की तरह लिया, क्योंकि घटना की निंदा करने और दोषियों को पकड़ने के बजाय सरकार ने चेतावनी उन्हीं को दी, जो अपनी सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। उधर, सनातनी जागरणी जोत का दावा है कि देशभर में इस बार 700 से अधिक मंडप जोखिम में हैं। संगठन ने सेना की तैनाती की मांग की है। सतखीरा जिले को सबसे संवेदनशील बताया है, जहां 55 मंडप चिन्हित हैं। हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद के महासचिव मनीन्द्र कुमार नाथ ने कहा, पूजा रुकेगी नहीं।

# 30 मिनट इंतजार कराया, फोटो तक जारी नहीं हुई

**ओवल, एजेंसी।**
अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को वाइट हाउस स्थित ओवल ऑफिस में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से मुलाकात की। भारत के साथ ट्रेड वार्ता के बीच यह मुलाकात कई मायनों में अहम है। ट्रंप ने मुलाकात से पहले शहबाज शरीफ को महान नेता जरूर बताया, लेकिन मुलाकात के लिए उन्हें काफी इंतजार कराया। इतना ही नहीं, अभी तक अमेरिकी सरकार के द्वारा कोई आधिकारिक तस्वीर या वीडियो तक जारी नहीं किया गया है।

आपको बता दें कि आमतौर पर वाइट हाउस विदेशी नेताओं के साथ राष्ट्रपति की मुलाकात को मीडिया के लिए सार्वजनिक करता है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। बैठक की जानकारी केवल पाकिस्तान के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट्स पर साझा की गई।

पाकिस्तानी के प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार,



बैठक लगभग आधे घंटे देर से शुरू हुई क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप उस दौरान कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर कर रहे थे। बैठक में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद रहे। पाक पीएमओ ने दावा किया कि बातचीत सकारात्मक माहौल में हुई। वहीं, वाइट हाउस प्रेस पूल की कुछ तस्वीरों में मुनीर और शरीफ को वाइट हाउस परिसर में इंतजार करते देखा गया। इससे पहले दिन में राष्ट्रपति ट्रंप ने तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगान से भी मुलाकात की थी, जिसकी लाइव कवरेज और संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस भी हुई थी।

यह मुलाकात 2019 के बाद पहली बार हुई है जब पाकिस्तान के किसी प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति से औपचारिक द्विपक्षीय बातचीत की है। उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान ने राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की थी। शहबाज शरीफ इस समय अमेरिका में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र में शामिल होने पहुंचे हैं। इसी बीच भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने न्यूयॉर्क में आयोजित जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक में पाकिस्तान का नाम लिए बिना आतंकवाद पर कड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा, विकास के लिए सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद है। दुनिया को आतंकवाद के प्रति न तो सहिष्णुता दिखानी चाहिए और न ही उसे स्थान देना चाहिए। जो भी देश आतंकवाद के खिलाफ कदम उठाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीनियर सिटीजन होम का शुभारंभ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले के पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के ओबरा गांव में आज अटल वयो अभ्युदय योजना से वित्तीय सहायता प्राप्त सीनियर सिटीजन होम का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन उपायुक्त अजय



नाथ झा ने किया। इस अवसर पर कई पदाधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि इस तरह की पहल समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने बताया कि इस सीनियर सिटीजन होम का संचालन कशिश नामक स्वयंसेवी संस्था करेगी। संस्था के संचालक की उन्होंने सराहना की और कहा कि यह विशेष रूप से प्रशंसनीय है कि संचालक स्वयं डॉक्टर हैं। ऐसे में यहां रहने वाले बुजुर्गों को चिकित्सीय सहायता की कोई चिंता नहीं होगी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल समाज की साझा जिम्मेदारी है। परिवार और समाज यदि मिलकर उनके सम्मान और सुविधा का ध्यान रखें, तो बुजुर्ग सुखपूर्वक जीवन जी सकते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से भी अपील की कि जो भी सक्षम हैं, वे समाजहित में योगदान अवश्य करें। इस दौरान उपायुक्त ने सीनियर सिटीजन होम की सुविधाओं का भी अवलोकन किया और संस्था को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए सरकार और जिला प्रशासन का आभार जताया। इस नवनिर्मित होम में रहने वाले बुजुर्गों के लिए आवास, भोजन, स्वास्थ्य जांच और परामर्श की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही उन्हें सामाजिक गतिविधियों में शामिल कर सक्रिय जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

### स्वदेशी जागरण मंच 2 अक्तूबर तक मनाएगा स्वदेशी सप्ताह

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वदेशी जागरण मंच बोकारो द्वारा स्वदेशी सप्ताह का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से किया गया कजिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती आर्यन निवास, गंधाजोर, चीरा चास में मनाई गई। इस मौके पर जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि स्वदेशी सप्ताह 25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से शुरू हो कर 02 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती तक मनाया जाता है क हमें पंडित दीनदयाल के आदर्शों से शिक्षा लेनी चाहिएक हमें संकल्प लेना होगा कि



अपने घर परिवार, व्यापार में स्थानीय एवं स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देंगें कविदेशी सामानों का पूर्णतः वहिष्कार करेंगें कस्वदेशी भाषा, वेशभूषा, उत्सव पद्धति अपनाना होगा। "हर घर स्वदेशी... हर युवा उद्यमी "के विचार को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हम सभी को अथक प्रयास करना होगा तभी हमारा देश समृद्ध होगा कविश्व पटल पर भारत की जय- जयकार कराने हेतु सब प्रकार से प्रयत्न करना होगा क कार्यक्रम में क्षेत्रीय संयोजक अमरेंद्र कुमार सिंह जी उपस्थित थें कउन्होंने दीप प्रज्वलन कर दीनदयाल जी के फोटो पर पुष्पांजलि किया कसभी उपस्थित लोगों ने भी पुष्पांजलि अर्पित किया कक्षेत्रीय संयोजक अमरेंद्र कुमार सिंह जी ने पंडित जी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं सभी से अधिक से अधिक स्वदेशी अपनाने का निवेदन किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रांतीय संपर्क प्रमुख अजय चौधरी ने किया ककार्यक्रम में प्रांतीय सदस्य जयशंकर प्रसाद, विभाग सह संयोजक कुमार संजय, जिला सह संयोजक नवीन सिन्हा, कार्यालय प्रमुख ददन प्रसाद, युवा प्रमुख सुजीत कुमार, अशोक रंजन,मनीष श्रीवास्तव, चन्द्र शेखर सिंह,सुशील कुमार,अजीत चौधरी,अरविंद कुमार सिन्हा,अवधेश सिंह, अनुजा सिंह, पूनम सिन्हा,आशा सिन्हा, ममता वर्मा,शोभा देवी, एवं अन्य दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कार्निवल रेस्टोरेंट सील, हुक्का बरामद , बिना लाइसेंस चल रहा था रेस्टोरेंट

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मेमको मोड़ पर स्थित कार्निवल रेस्टोरेंट को सील कर दिया गया। रेस्टोरेंट से हुक्का और चिलम भी बरामद किया गया। रेस्टोरेंट का लाइसेंस 24 मार्च 2023 को एक्सपायर हो गया था। संचालक ने लाइसेंस रिन्यू नहीं कराया और पिछले साढ़े तीन साल से बिना लाइसेंस रेस्टोरेंट चला रहा था। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि एक ग्राहक ने कार्निवल रेस्टोरेंट के संबंध में जिला प्रशासन से शिकायत की थी और बताया था कि वहां अवैध




रूप से ग्राहकों को हुक्का और चिलम दिया जाता है। सूचना मिलने के बाद फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉ राजा कुमार ने टीम के साथ रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रेस्टोरेंट संचालक से फूड लाइसेंस मांगा। संचालक ने जब लाइसेंस दिया तो वह 24 मार्च 2023 को एक्सपायर हो चुका था। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने देखा कि रेस्टोरेंट में कुछ ग्राहक हुक्का और चिलम पी रहे थे। जब विभाग के राहुल कुमार अपने मोबाइल पर कार्रवाई का वीडियो बनाने लगे तब रेस्टोरेंट के मैनेजर और कर्मियों ने मोबाइल फोन छीनने का और हुक्का और चिलम छुपाने का प्रयास किया। फूड सेफ्टी ऑफिसर ने तत्काल आला अधिकारियों और पुलिस उपाधीक्षक को सूचना दी। इसके बाद शीघ्र वहां पुलिस फोर्स पहुंच गई। तत्पश्चात रेस्टोरेंट को सील करने की कार्रवाई की गई। फूड सेफ्टी ऑफिसर ने बताया खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुसार बिना लाइसेंस कोई भी रेस्टोरेंट का संचालन नहीं कर सकता है। इसका उल्लंघन करने पर 10 लाख रुपए जुमार्ना का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि रेस्टोरेंट संचालक को नोटिस भेज कर अभियोजन की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

# भारी वर्षा के कारण भुली का दुर्गा पंडाल गिरा

## बैंक मोड़ एवं सरायढेला का लाइट पंडाल क्षतिग्रस्त

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद में शहर में शुक्रवार को लगातार बारिश व तेज हवाएं आफत बन गईं. आंधी-पानी से भूली बी ब्लॉक में बड़ा हादसा हुआ. यहां तिरुपति बालाजी मंदिर की थीम पर बन रहा करीब 110 फीट ऊंचा पूजा पंडाल अचानक धराशायी हो गया. इस पंडाल के निर्माण पर लगभग 9 लाख 50 हजार रुपये की लागत आई थी. राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई. समिति के सदस्य ने बताया कि यह पंडाल पिछले एक महीने से बन रहा था. स्थानीय लोगों ने बताया कि पंडाल के फाउंडेशन में कमजोरी थी. साथ ही पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बारिश और तेज हवाओं के कारण इसकी संरचना कमजोर हो गई थी. जिसके कारण अचानक पूरा ढांचा भरभराकर गिर पड़ा. हादसे के समय पंडाल में भीड़ नहीं थी. जिससे






बड़ा नुकसान टल गया. स्थानीय लोगों ने यह भी कहा कि पूजा समितियों को अब निर्माण के दौरान इंजीनियरिंग सुरक्षा और मौसम की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कदम उठाने चाहिए. ताकि श्रद्धालुओं की जान खतरे में न पड़े. समिति में अफरातफरी, शुरू हुआ मलबा हटाने का काम श्रद्धालुओं ने करना शुरू किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि भूली बी ब्लॉक में हर साल धूमधाम से पूजा का आयोजन किया जाता है. इस बार विशेष रूप से भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा था. लेकिन हादसे के बाद पूजा समिति ने तुरंत पंडाल को पूरी तरह हटाने का काम शुरू कर दिया. समिति के सदस्यों का कहना है कि अब नई व्यवस्था पर निर्णय लेकर पूजा की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी.। लगातार बारिश के कारण बैंक मोड़ और सरायढेला का लाइट पंडाल भी गिरा .हालांकि यहां भी किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है.

# बीएसएल के गैर आवासीय भवनों में रक्षा उपकरण उत्पादन इकाई स्थापित करे रक्षा मंत्रालय : कुमार अमित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के बोकारो आगमन के दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने उनसे मिलकर बोकारो इस्पात प्रबंधन के बेकार पड़े जर्जर गैर आवासीय परिसरों में हल्का रक्षा उपकरण की उत्पादन इकाई लगाने की माँग की। कुमार अमित ने रक्षामंत्री से कहा कि पिछले दिनों रक्षा मंत्रालय के द्वारा राँची में आयोजित डिफेंस एक्सपो के दौरान झारखण्ड में शुक्ष्म एवं लघु उद्योग प्रकार के हल्का रक्षा उपकरण के उत्पादन इकाई लगाने के लिए राज्य सरकार से जमीन उपलब्ध कराने की माँग की गई थी। परन्तु राज्य के मुख्यमंत्री ने इस सम्बंध में कोई खास रूची नहीं दिखाई जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। रक्षा मंत्रालय बोकारो इस्पात प्रबंधन के गैर आवासीय परिसरों में इन इकाइयों को स्थापित करने की दिशा में इस्पात मंत्रालय से बात करनी चाहिए। रक्षा उपकरण के इन इकाइयों के बोकारो के बेकार पड़े बड़े क्षेत्रफल वाले गैर आवासीय भवनों में स्थापित होने से इन परिसरों का सदुपयोग भी होगा, बोकारो के युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार भी मिलेगा, बोकारो की आर्थिक प्रगति भी होगी और यहाँ का सामाजिक माहौल भी अनुशासित होगा। बोकारो इस्पात उत्पादन के साथ साथ रक्षा उत्पाद के लिए भी जाना जाएगा।

# मृत्यु प्रमाण पत्र की त्रुटि दूर, फरियादी को मिली राहत

## जनता दरबार में ऑन स्पॉट कई मामलों का किया निष्पादन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनता दरबार केवल शिकायतों के समाधान का मंच नहीं, बल्कि आमलोगों के दुख-दर्द को समझने और उनकी पीड़ा दूर करने का संवेदनशील प्रयास है। इसका उदाहरण शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित जनता दरबार में कसमार प्रखंड निवासी गोलक नाथ महतो का मामला रहा। गोलक नाथ महतो पिछले कई दिनों से अपनी बहू के मृत्यु प्रमाण पत्र में हुई त्रुटि को लेकर परेशान थे। इसी कारण उन्हें मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हो रही थी और परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहा था। जब वे समस्या लेकर आज जनता दरबार पहुंचे, तो महज आधे घंटे के भीतर उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने समाधान सुनिश्चित करवा दिया। समाधान मिलते ही गोलक नाथ महतो भावुक हुए और कहा कि मैं





कई दिनों से दर-दर भटक रहा था। आज प्रशासन ने मेरी तकलीफ समझी और तुरंत राहत दी। अब परिवार को बड़ा सहारा मिलेगा। इसके लिए उन्होंने उपायुक्त के प्रति आभार जताया। जानकारी हो कि गोलक नाथ महतो की बहू का निधन पिछले दिनों जरीडीह प्रखंड में वज्रपात से हो गया था। जारी मृत्यू प्रमाण पत्र में त्रुटि होने के कारण गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन द्वारा प्राप्त होने वाले मुआवजा राशि में परेशानी आ रही थी। जिसका अब निराकरण कर लिया गया है।

**जनता दरबार से मिल रही है नई उम्मीद**

आज के जनता दरबार में कुल 23 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें से कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन हुआ। उपायुक्त ने शेष मामलों पर संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि समयबद्ध तरीके से सभी समस्याओं का निष्पादन करें। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार को सिस्टम का अभिन्न हिस्सा बनाना है। मुख्यमंत्री स्वयं भी कार्यालय जाने से पूर्व जनता से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करते हैं। उन्होंने बताया कि प्रखंड और अंचल स्तर पर भी प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित किए जा रहे हैं। वहां समस्याओं का निपटारा होने के कारण जिला स्तरीय जनता दरबार में आने वाले मामलों की संख्या घट रही है, जो एक सकारात्मक संकेत है। जनता दरबार में जमीनझजायदाद, जबरन कब्जा, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, आपूर्ति विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, राजस्व, चास नगर निगम, कल्याण, पेयजल एवं स्वच्छता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी और अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

**जनता का विश्वास ही प्रशासन की ताकत**

उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार से निकलने वाले हर व्यक्ति को यह महसूस होना चाहिए कि प्रशासन उसके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि जनता दरबार सिर्फ कागजी औपचारिकता नहीं, बल्कि आमजन के दुख-दर्द को समझने और उनका हल निकालने का हमारा वादा है। जनता का विश्वास ही प्रशासन की असली ताकत है। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग पियुष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# बीएसएल ने किया वित्त एवं लागत पर विशेष कार्यशाला का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के संकार्य प्रभाग के मुख्य महाप्रबंधकों (सीजीएम) के लिए वित्त एवं लागत पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन 26 सितंबर को लर्निंग एंड डेवलपमेंट सेंटर में किया गया। इस कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) श्री सी.आर. मिश्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) श्री ए. सेनगुप्ता और अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री प्रिय रंजन उपस्थित थे। सेल-बोकारो इस्पात संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन की पहल पर आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य संयंत्र के सीजीएम स्तर के अधिकारियों में वित्तीय कौशल को सुदृढ़ करना और परिचालन एवं नीतिगत निर्णयों तथा वित्तीय प्रदर्शन के बीच संबंधों से उन्हें अवगत कराना था। अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री रंगानी



ने उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधकों के लिए आयोजित इस कार्यशाला की अहमियत को रेखांकित किया जिन्हें नियमित रूप से नीतिगत निर्णय लेने होते हैं, जिसका प्रभाव संयंत्र और समग्र रूप से कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन पर पड़ता है। अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री बनर्जी ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की पृष्ठभूमि प्रस्तुत की, साथ ही कार्यक्रम की उपयोगिता पर अपने विचार रखे । अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री प्रिय रंजन ने वर्तमान इस्पात उद्योग परिदृश्य पर एक प्रस्तुति दी और बोकारो इस्पात संयंत्र के समक्ष अवसरों और चुनौतियों पर विस्तारपूर्वक अपने विचार साझा किए। कार्यशाला के विभिन्न सत्रों का संचालन श्री एन.के. सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा), बीएसएल तथा एमटीआई, रांची से श्री एस. मल्लिक ने किया। यह कार्यक्रम एक आम कार्यशाला से आगे बढ़कर प्रतिभागियों को व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए इंटरैक्टिव गतिविधियों, केस स्टडी और लाइव समस्या-समाधान अभ्यासों को शामिल करते हुए डिजाइन की गई थी।

# शाहिद यादव राजू यादव की 34 वीं पुण्यतिथि मनायी गई

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहीद राजू यादव की 34 वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को पूजा टॉकीज के निकट शहीद राजू यादव चौक पर मनायी गई । सर्वधर्म प्रार्थना सभा व श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम स्मारक समीति की ओर से की गयी।अध्यक्षता पूर्व मंत्री आबो देवी व मंच संचालन राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के संयुक्त महामंत्री उदय शर्मा ने की । शहीद राजू यादव की अदमकद प्रतिमा पर सर्वप्रथम उनकी धर्म पत्नी पूर्व मंत्री मंत्री आबो देवी पुत्र संजय कुमार, अवधेश कुमार महामंत्री राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ एंव पौत्र साहित्य राज, सामर्थ, राजु यादव के अनुज योगेन्द्र यादव एवं सामाजिक संगठन धार्मिक विभिन्न राजनीतिक पार्टी के लोगो ने माल्यार्पण किया । पूर्व मंत्री आबो देवी ने कहा कि बंदूक और बारूद की खेती करने वाला कभी शांति का फसल नहीं काट सकता । उन्होंने कहा कि झरिया धनबाद को अशांत करने वाला और लगातार राजनीतिक हत्याये को अंजाम देने वाले का दिन अब लद गया ,जनता उनकी चाल मे फंसने वाली नहीं है।

# उपायुक्त ने पदाधिकारियों के बीच पहचान पत्र का किया वितरण



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के बीच पहचान पत्र (आईडी कार्ड) का वितरण किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि पहचान पत्र प्रत्येक पदाधिकारी की पहचान का प्रतीक है तथा इसे सदैव अपने पास रखना सभी के लिए अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्यालयीय कार्य, निरीक्षण, विधि-व्यवस्था की ड्यूटी अथवा किसी भी प्रशासनिक कार्य के दौरान पदाधिकारी अपने पहचान पत्र का उपयोग करेंगे। इससे न केवल पारदर्शिता सुनिश्चित होगी, बल्कि आम नागरिकों के बीच सरकारी पदाधिकारियों की पहचान भी सहज और त्वरित रूप से हो सकेगी। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासनिक कार्यों में अनुशासन और उत्तरदायित्व की भावना बनाए रखने में पहचान पत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। पहचान पत्र धारण करने से कार्य के प्रति जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा का बोध होता है।

# न्यायाधीश ने किया धनबाद जेल का निरीक्षण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा वीरेंद्र कुमार तिवारी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो, रजिस्ट्रार सिविल कोर्ट आई जेड खान व एलएडीसीएस की टीम ने मंडल कारा धनबाद का औचक निरीक्षण किया । इस दौरान अपर समाहर्ता सह प्रभारी जेल अधीक्षक विनोद कुमार मौजूद थे , निरक्षण के दौरान टीम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के वक्त बंदियों को बैठने के लिए समुचित व्यवस्था करने का निर्देश जेल प्रशासन को दिया .न्यायाधीश श्री तिवारी के नेतृत्व में टीम ने कारागार के हर एक हिस्से का मुआयना किया । न्यायाधीश के नेतृत्व में टीम ने बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली। कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजे जाने का निर्देश जेल डॉक्टर को दिया वही न्यायाधीश ने चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर, वहां तैयार हो रहे भोजन ,व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यान-सह-योग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया।




# दुर्गा पूजा के अवसर पर यातायात व्यवस्था में परिवर्तन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दुर्गा पूजा 2025 के अवसर पर बोकारो जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रान्तर्गत दुर्गा पूजा पंडालों में भारी संख्या में श्रद्धालुओं एवं वाहनों की भीड़ अपेक्षित है। विधि-व्यवस्था एवं सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु 29 सितंबर से 02 अक्टूबर तक अपराह्न 02:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक निम्नलिखित यातायात व्यवस्था प्रभावी रहेगी। इस बाबत अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा एवं ट्रैफिक डीएसपी श्री विद्या शंकर ने संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचलाधिकारी - थानों के थाना प्रभारी आदि को जरूरी दिशा - निर्देश जारी कर दिया है। माराफारी थाना अन्तर्गत मूर्ति विसर्जन के समय एनएच-23 का दोनों लेन चालू रहेगा। बालीडीह से बोकारो की ओर आने वाले मार्ग पर आधा रास्ता में जुलूस चलेगा एवं आधा रास्ता में चार पहिया/तीन पहिया/दो पहिया वाहनों का परिचालन रहेगा। जुलूस के समय बालीडीह से बोकारो की ओर आने वाले भारी वाहनों को स्टेशन मोड़, बालीडीह में रोका जायेगा तथा आई०टी०आई० मोड़ से बालीडीह की ओर जाने वाले भारी वाहनों को तेलीडीह फोरलेन चौक के पास रोका जायेगा। जुलूस के समय बालीडीह से नया मोड़ की ओर जाने वाले चार पहिया वाहनों का वैकल्पिक मार्ग स्टेशन मोड़ से रेलवे पुल से माराफारी होते हुए नया मोड़ की ओर रहेगा।

# आरएसएस मना रहा विजयादशमी उत्सव, जगह जगह कार्यक्रमों का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपने शताब्दी वर्ष का भव्य आयोजन पूरे देश में कर रहा है। इसी क्रम में बोकारो के सभी बस्तियों में विजयादशमी उत्सव एवं शपथ संचलन का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज बोकारो के विभिन्न स्थानों यथा दयानंद नगर (सेक्टर 4,5 एवं 6) के "सेक्टर 5डी" बस्ती, विवेकानंद नगर (सेक्टर 8, 9 एवं 11) के "सेक्टर 9डी" बस्ती में पथ संचलन, बिरसा नगर के "सेक्टर 12एफ" बस्ती चन्द्रशेखर आजाद नगर के "बारी कोआपरेटिव" बस्ती, वीर सावरकर नगर के "बाटबिनोर" एवं "के के सिंह कॉलोनी" बस्ती सिद्धु कान्हु नगर के "कुर्रा" एवं "कान्ड्रा" बस्ती आदि स्थानों में आयोजित कार्यक्रमों में विधिवत शास्त्र पूजन किया गया और उसके उपरांत बौद्धिक सत्र का आयोजन हुआ। इन सत्रों में संघ के स्वयंसेवकों को संगठन की शताब्दी यात्रा, राष्ट्र साधना के कार्यों और समाज जीवन में संघ की भूमिका से अवगत कराया गया। चन्द्रशेखर आजाद नगर के "बारी कोआपरेटिव" बस्ती में भगवान बिरसा मुंडा प्रभात शाखा बारी



कॉपरेटिव के दुर्गा मैदान में उत्सव मनाया गया जिसमें बौद्धिककर्ता अरविन्द त्रिपाठी नगर कार्यवाह कृष्ण कुमार प्रार्थना वाचक दक्ष वर्णवाल, सुवासित आशुतोष, अमृतवचन अश्विनी, सामूहिक गीत राजेश, एकल गीत राजेश अग्रहरि एवं अन्य उपस्थित स्वयंसेवकों में अभय श्रीवास्तव, निर्मल, विनय सिंह, रोहित, राजेंद्र, डॉ राम नारायण, राम नागेंद्र, दीक्षा, अश्विनी, अन्वी, मनोज, आशुतोष, समर, राकेश, कपिल मुख्य थे। दयानंद नगर (सेक्टर 4,5 एवं 6) के "सेक्टर 5डी" बस्ती, के अयप्पा मिलन केंद्र पर आयोजित उत्सव में बौद्धिककर्ता के रूप में महानगर पर्यावरण प्रमुख हरिओम, नगर संघचालक परमेश्वर लाल वर्णवाल, नगर पालक प्रशांत कुमार, महानगर सह व्यवस्था प्रमुख मोहनन नायर, दीनदयाल शर्मा, नीरज कुमार, मनोज मल्लिक, पानू कुम्भकार आदि उपस्थित थे। दयानंद नगर (सेक्टर 4,5 एवं 6) के "सेक्टर 4डी" बस्ती में उत्सव के अवसर पर बौद्धिककर्ता राजकुमार सिह, सह कर्यवाह कुंदन कुमार, बस्ती पालक संजय कुमार, रोहित नायक, अघनु गोराई, गिरधारी, राजेन्द्र विश्वकर्मा, बिरसा नगर के "सेक्टर 12एफ" बस्ती के सेक्टर 12बी-एफ शिव मंदिर में आयोजित उत्सव में इस अवसर पर बौद्धिककर्ता जगन्नाथ शाही ने स्वयंसेवकों एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज समाज जाति में बंटा हुआ है, अलग देवता पूजते हैं । परिणाम स्वरूप हिन्दू समाज कमजोर दिखता है, भले ही है नहीं। अनेकों राष्ट्र मिट गए परंतु भारत आज भी सीना ताने हुए शान से खड़ा है। उत्सव के अवसर पर महानगर सह संघ चालक संजय राय, विभाग बौद्धिक प्रमुख डॉ०नरेन्द्र कुमार राय, नगर कार्यवाह राजीव कुमार, कमलेश राय, मनोज कुमार सिंह, ललित कुमार, जनार्दन प्रसाद सिंह, रंजीत मंडल, जय प्रकाश सिंह, सुभाष राय, अजय कुमार, प्रमोद कुमार तिवारी, नीरज कुमार , बीरेंद्र कुमार चतुवेर्दी, करण गोराई, अरुण ठाकुर , सुभाष सिंह, सत्यरंजन, पार्थ आदि उपस्थित थे। बौद्धिककर्ता जग्गनाथ शाही नगर कार्यवाह रजीव कुमार प्रार्थना वाचक डॉ नरेन्द्र कुमार राय, जे पी सिंह, ललित, सुभाष सिंह आदि अनेक उपस्थित रहे। बौद्धिककताओं ने विस्तार से बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए "राष्ट्र प्रथम" की भावना सर्वोपरि है। संघ का उद्देश्य राष्ट्रहित को सर्वोच्च स्थान देना और समाज को एकजुट कर देश की प्रगति में योगदान करना है। इस अवसर पर स्वयंसेवकों को संघ की स्थापना से लेकर आज तक की गतिविधियों का क्रमवार विवरण प्रस्तुत किया गया। संघ की संगठनात्मक परंपरा, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के आदर्शों पर विशेष प्रकाश डाला गया।

# स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के रुप में विकसित होगा रणधीर वर्मा स्टेडियम

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले का रणधीर वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड) स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के रुप में विकसित होगा। इसमें जिले के आम लोगों के लिए स्पोर्ट्स की बेहतर सुविधाएं होंगी। इसको लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार तथा नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने रणधीर वर्मा सडियम का भ्रमण किया तथा योजना से संबंधित प्रेजेंटेशन देखा। इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि नगर आयुक्त ने रणधीर वर्मा स्टेडियम को स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के रूप में विकसित करने की एक बेहतरीन योजना तैयार की है। इसमें जिले के आम लोगों के लिए बैडमिंटन, वॉलीबाल, बास्केट बॉल, 400 मीटर का सिंथेटिक रनिंग ट्रेक, क्रिकेट के लिए इनडोर शेड सहित अन्य सुविधाएं होंगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल

फोन नंबर-
9431145665
8210783623

आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655

E-mail- nbtimesbihar@gmail.com